सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-137 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 24 अक्टूबर 2023
08 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

नवरात्र की नवमी पर सीएम योगी ने कन्याओं के पांव पखार कर किया कन्या पूजन

मातृशक्ति के प्रति सम्मान जरूरी: योगी

- चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया
- सीएम के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी खुश हुए

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। जगतजननी मां आदिशक्ति की आराधना के विशिष्ट अवसर शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीठ की परंपरा का निर्वहन कर अपने ध्येय को और मजबूती दी।

सोमवार सुबह नवरात्र की नवमी पर सीएम योगी ने विधि विधान से कन्या पूजन कर मातृशक्ति की आराधना की। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। कन्या पूजन अनुष्ठान में सोमवार सुबह मुख्यमंत्री ने मठ के प्रथम तल पर स्थित भोजन कक्ष में श्रद्धाभाव से परंपरागत रूप से पीतल के परात में, चांदी के लोटे में भरे जल से नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके मस्तक पर रोली, चंदन, दही, अक्षत, दूर्वा का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। आरती उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं समेत सौ से अधिक कन्याओं व छोटे बालकों को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। नौ कन्याओं के अतिरिक्त सैकड़ों की संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। कन्या पूजन कार्यक्रम में सीएम योगी का सानिध्य पाने के लिए नन्हीं बालिकाओं व बटुकों का उत्साह, उमंग देखते ही बन रहा था। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी काफी प्रफुल्लित थे। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम योगी बच्चों से निरंतर संवाद और ठिठोली भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे।

विजयदशमी की सीएम ने दी बधाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंगलवार को विजयदशमी का पावन पर्व है। विजयदशमी धर्म, सत्य और न्याय के विजय पर्व के साथ ही सनातन की पताका के विजय का पर्व है। यह इस बात का प्रतीक भी है कि हर काल, परिस्थिति में दुष्प्रवृत्तियों के खिलाफ सनातन धर्म ने चुनौती को स्वीकार किया और लोक कल्याण तथा मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है।

भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी का 77 साल की आयु में निधन

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी का निधन हो गया है। वह 77 साल के थे। बेदी ने भारत के लिए कुल 77 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 273 विकेट झटके थे। बेदी को भारतीय टेस्ट इतिहास के बेहतरीन स्पिनरों में माना जाता है। उन्होंने अपने दम पर देश को कई मैच जिताए थे। बेदी ने भारत के लिए 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह भारत की मशहूर स्पिन चौकड़ी का हिस्सा रहे हैं। उनके अलावा इसमें इरापल्ली प्रसन्ना, श्रीनिवास वेंकटराघवन और भागवत चंद्रशेखर थे। चारों ने मिलकर 231 टेस्ट खेले और 853 विकेट हासिल किए। बेदी ने 1969-70 में कोलकाता टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक पारी में 98 रन देकर सात विकेट लिए थे। यह एक पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं, मैच की बात करें तो 1977-78 में पर्थ के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 194 रन देकर कुल 10 विकेट झटके थे। उन्होंने टेस्ट में इकलौता अर्धशतक 1976 में कानपुर टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया था। बिशन सिंह बेदी को भारतीय टीम की कप्तानी करने का भी मौका मिला था। उन्हें 1976 में यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बेदी को महान क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी की जगह कप्तान बनाया गया था। बतौर कप्तान उन्हें पहली जीत वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में 1976 के दौरे पर मिली थी। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में 3-1, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में 3-2 और पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट सीरीज 2-0 से मिली हार के बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया था।

बांग्लादेश में 20 की मौत

- गुड्स ट्रेन के ड्राइवर की गलती से हुआ एक्सीडेंट
- मरने वालों की तादाद बढ़ने की आशंका

ढाका। बांग्लादेश में सोमवार दोपहर दो ट्रेनों की टक्कर हो गई। यहां के अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' के मुताबिक घटना में अब तक 20 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। करीब 100 लोग घायल हैं। इनमें से ज्यादातर की हालत गंभीर है। यह टक्कर किशोरगंज इलाके में हुई। एक पैसेंजर ट्रेन ट्रैक पर खड़ी गुड्स ट्रेन से टकरा गई। कई लोग अब भी पैसेंजर ट्रेन के कम्पार्टमेंट्स में फंसे हुए हैं। मौके पर रेस्क्यू टीम मौजूद है। कई घायलों की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोग अब भी ट्रेन के नीचे और कम्पार्टमेंट्स में फंसे हैं। इन्हें निकालने की कोशिश जारी है। 'बांग्लादेश टुडे' की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 20 शव बरामद किए जा चुके हैं। फायर सर्विस और सिविल डिफेंस के असिस्टेंट डायरेक्टर प्रधान सरकार ने इसकी पुष्टि की है।

अमित शाह ने एनसीईएल का नया लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर किया लॉन्च

हमारा लक्ष्य किसानों की समृद्धि करना: शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नव स्थापित नेशनल कोऑपरेटिव फॉर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) का लोगो, वेबसाइट और ब्रोशर लॉन्च किया। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने नई दिल्ली में निकाय द्वारा सहकारी निर्यात पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एनसीईएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड की स्थापना बहुत सारे उद्देश्यों के साथ की गई है। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने किसानों की तरक्की के लिए एक बड़ी पहल की है जिसके तहत अब एक्सपोर्ट में मिलने वाले फायदे में से 50 फीसदी लाभ सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में जाएगा. हमारा लक्ष्य निर्यात बढ़ाने का, विशेषकर कृषि निर्यात बढ़ाने का है। हमारा दूसरा लक्ष्य किसानों की समृद्धि का है। लक्ष्य है कि 2027 तक 2 करोड़ तक किसान अपनी भूमि को प्राकृतिक घोषित करने में सफल होंगे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि अगर निर्यात बढ़ाना है तो खेतों और किसानों के स्तर पर व्यवहार विकसित करना होगा, फसल पैटर्न बदलना होगा, ब्रांड-पैकेजिंग-मार्केटिंग प्रक्रिया के बारे में किसान को जागरूक करना होगा।

अवकाश सूचना

विजयदशमी के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 'अवधनामा' प्रेस व कार्यालय में दिनांक 24 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 26 अक्टूबर को निकलेगा।

सम्पादक

कमलापुर में धूमधाम से मनाई गई विजय दशमी

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। कसमंडा स्टेट राज परिवार के द्वारा कमलापुर कस्बे में दशहरा मेला धूमधाम से मनाया गया। इस मेले में आए हुए कलाकारों ने रामलीला की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कसमण्डा स्टेट के राजा दिव्यकर प्रताप सिंह व राजकुमार कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने सुबह से ही विधिवत पूजा पाठ करके शाम को राधाकृष्ण मन्दिर में दर्शन की। रामलीला में प्रभु राम व रावण का युद्ध हुआ। महल में आए हुए मेहमानों से एक बुराई छोड़ने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा दशहरा पर्व हम लोगों को बुराई पर सदैव अच्छाई की विजयी का संदेश देता है। पंडित रामकृष्ण मिश्र ने दशहरा पर्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। हिंदू धर्म में दशहरे के त्योहार का खास महत्व होता है। शारदीय नवरात्रि के बाद दशमी तिथि को दशहरा मनाया जाता है। इसे विजयादशमी भी कहते हैं। इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर और भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में इस दिन रावण का दहन किया जाता है। इस दिन अस्त्रों-शस्त्रों का भी विधिवत पूजन किया जाता है।दशहरे के दिन किए गए टोटके, उपाय, दान और पूजा बहुत असरदार होते हैं। इस दिन प्रभु श्रीराम ने रावण का वध किया था। तब से इस पर्व के मनाने की परम्परा है। यह त्योहार अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन मनाया जाता है। इसे विजयदशमी भी कहते हैं। दशहरा के दिन रावण दहन की परम्परा है।मेले की सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष कमलापुर जितेंद्र कुमार सिंह भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

सन्दान देवी मंदिर पर हुआ जागरण का आयोजन

सीतापुर। सन्दान देवी मंदिर संदना पर माँ दुर्गे के जगराते में श्रद्धालु रात भर झूमें। मातारानी के आठवें स्वरूप महागौरी के भजनों पर श्रद्धालु झूम झूम कर नाचते नजर आए। संदान देवी मंदिर समिति की ओर से जगराते का आयोजन किया गया।

कानपुर व लखनऊ की टीम ने जमकर समां बांधा। जागरण में कलाकारों ने विभिन्न देवी देवताओं की सजीव झांकियां प्रस्तुत कीं। जागरण में आचार्य पं.सोम मिश्रा द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ माता रानी की पूजन किया। आरती वंदना कर मां भगवती जागरण का शुभारंभ किया। जागरण में जूली सिंह, आदित्य मधुर, सुभम, नीरज श्रीवास्तव, जानवी, शिव्या आदि कलाकारों ने माता रानी के गीत गाए। प्रयागराज के आयुष दीवाना की टीम ने आकर्षक झांकी में काली महाकाली, हनुमान जी, गणेश जी, राधा कृष्ण, महादेव, बाके बिहारी, वृंदावन की झांकियां प्रस्तुत कीं। जगराते में माता रानी की झांकी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

पूरे जिले में रही माता रानी के जयकारों की धूम

सीतापुर। नवमी तिथि पर शारदीय नवरात्र का पर्व कन्याभोज के साथ संपन्न हुआा। जिले भर में श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन व कन्या भोज करवाकर माता रानी को विदाई दी। इस दौरान जगह जगह हवन व पूजन का दौर चलता रहा।

धर्म नगरी नैमिषारण्य में माता ललिता देवी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस दौरान नैमिषारण्य के विभिन्न आश्रमों में कन्या पूजन का आयोजन किया गयां। नगर के आलम नगर दुर्गा मंदिर, नई बस्ती काली माता मंदिर, बाईपास काली माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर पर श्रद्ध;ालुओं की भीड़ रही। भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने विधि विधान से पूजन किया। कन्या भोज के साथ व्रत पूर्ण किया। खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने अपने घर पर हवन व पूजन किया। कन्याओं को भोज कराया। इधर खैराबाद नगर पालिका पालिका चेयरमैन बेबी अभिषेक गुप्ता व चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता भूलनपुर गौरी मंदिर पहुंचे। यहां पर विधि विधान से माता का पूजन किया। इस दौरान कन्या भोज कराया। कन्याओं का आशिर्वाद लिया। श्री श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सव आँख अस्पताल परिसर में महानवमी पूजन संपन्न हुआ। महाआरती करते हुए माँ को विदाई दी गयी। पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती द्वारा मंत्रोंउच्चारण व शंख घंटे व बंगाल के पारम्परिक वाद यंत्र ढाक की ध्वनि के बीच पूजन किया गया। इस दौरान रंजीत दास, संजीव दास, एन एन चटर्जी, विश्वजीत पोले, एसके दत्ता, आकाश राय, पंकज मुखर्जी, प्रदीप राय अदि मौजूद रहे।

चार किसानों पर पराली जलाने पर कार्रवाई

सीतापुर। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्र जिले के चार किसानों ने पराली जलाई है। जिसको लेकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने वाले किसान सतेन्द्र कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम आलमपुर विकासखण्ड रामपुर मथुरा तहसील महमूदाबाद, बरकत पुत्र अब्दुल्ला, निवासी ग्राम रूदाइन (रसूलाबाद), विकासखण्ड एवं तहसील महमूदाबाद, शिवरतन पुत्र लालजी निवासी -ग्राम-डफ्रा, विकासखण्ड रामपुर मथुरा तहसील महमूदाबाद व जाबिर पुत्र असगर निवासी ग्राम लालपुर विकासखण्ड एवं तहसील महमूदाबाद पर कार्रवाई की गई है। इन किसानों के खिलाफकेस दर्ज कराया गया है।

सड़क हादसे में किसान की मौत

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी राधेश्याम मिश्रा पुत्र दीनबंधु रविवार को चनिया के निकट धान की थ्रसिंग कर रहा था। इसी बीच उधर से गुजर रहे एक चौपहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राधेश्याम वाहन में फंस गया। लोग शोर मचाते रहे, लेकिन वाहन चालक वाहन को भगाता हुआ चला गया। करीब चार किलोमीटर दूर किशनपुर के निकट जब पुलिस ने वाहन रोका, तब तक राधेश्याम की जान जा चुकी थी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि मामले में केस दर्ज करते हुए वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

संघ के स्थापना दिवस पर गणवेश धारियों ने किया पथ संचलन

सहारनपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने विजयदशमी के अवसर पर महानगर में 5 स्थानों पर परंपरागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया। वक्ताओं ने विजयदशमी के महत्व एवं संघ की स्थापना की परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज को जागृत एवं संगठित करने का आह्वान किया। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद सभी नगरों में कार्यकर्ताओं ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन किया। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर लोगों ने पथ संचलन का स्वागत किया। सभी नगरों के कार्यक्रम के प्रारंभ में शस्त्र पूजन से हुआ। इसके बाद ध्वजारोहण गीत एवं अमृत वचन के बाद वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की स्थापना यूं तो वर्ष 1925 में 27 सितंबर को हुई थी। मगर संघ अपना स्थापना दिवस हर साल विजयादशमी के दिन ही आयोजित करता है। वर्ष 1925 में 27 सितंबर के दिन ही विजयदशमी थी। ये वर्ष संघ स्थापना का 98वां वर्ष है। संघ के संस्थापक डा.केशव बलिराम हेडगेवार ने कहा था कि हम जन्म दिवस मनाने के लिए संघ की स्थापना नहीं कर रहे हैं। हम शक्ति की उपासना के लिए संघ की स्थापना कर रहे हैं। आज समाज जाग चुका है। समाज में जो आसुरी शक्ति है उसका नाश करते हुए सज्जन शक्ति को बढ़ाना है। हमें फिर से भारत को विश्व गुरु बनाना है। संघ ने 100 वर्ष पूर्ण होने तक पूरे देश में हर ग्राम व बस्ती में शाखा विस्तार का लक्ष्य रखा है। इसी दिन भगवान श्री राम ने शक्ति की उपासना कर आसुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त की थी, हम सबको उनसे प्रेरणा लेकर अपने देश हिंदू धर्म, संस्कृति और समाज के संरक्षण का संकल्प लें।

रामलीलाओं में भयंकर युद्ध के बीच मेघनाथ, कुम्भकर्ण का किया वध, दर्शक हुए रोमांचित

सहारनपुर। नगर के विभिन्न स्थानों पर मंचित रामलीलाओं में मेघनाथ व कुम्भकर्ण वध का सफल मंचन किया गया। इस दौरान कुम्भकर्ण को नींद से उठाये जाने के दृश्य ने दर्शकों को पूरी तरह लोटपोट कर दिया।

उत्तर रेलवे नाटक क्लब माल गोदाम रोड सहारनपुर द्वारा आयोजित रामलीला में मेघनाथ वध व कुंभकरण वध की शानदार लीला का मंचन हुआ। विपिन सैनी, राहुल साहू व पंकज बजाज के कुशल निर्देशन में कई महीनो से सो रहे कुंभकरण बने संजय रोहिल्ला को जगाने के लिए मक्खी चूस पवन भट्ट रावण के साथ कुंभकरण जगाने के लिए उसके कान पर ढोल नगाड़े बजाए गए। मनपसंद भोजन की खुशबू से कुंभकरण की नींद टूट गई। कुंभकरण के जागने का दृश्य ने सभी दर्शकों का आकर्षण बन रहा। कुंभकरण मेघनाथ लक्ष्मण रावण के अभिनय को देखने के लिए रामलीला में दर्शकों की भारी भीड़ जुटी। रामलीला में अभिनय कर रहे हनुमान विपिन सैनी, अंगद बने मन्नू ग्रोवर, मंदोदरी निर्मल लूथरा, सुलोचना, रणजीत कौर सभी पात्रों ने दर्शकों का ध्यान अपनी और किया। श्री रामलीला में भगवान राम का आशीर्वाद मुख्य रूप से सुशील सदन, सुनील शर्मा, प्रधान रवि जुनेजा, अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा राकेश जैन, मुकेश मेहता, यशपाल, अनिल धवन, विक्की चितकारा, सार्थक वालिया, अमन चितकारा, सनी शर्मा, सरदार कुलवंत सिंह भाटिया, सरदार कुलवंत सिंह कालरा, मानसिंह, रमन चावला, नीरज मिड्डा, रोहित घई ने लिया था रूप सज्जा विनोद एंड पार्टी रामलीला का मधुर संगीत भारत मुकेश सचिन द्वारा दिया गया। रामलीला का संचालन रवि जुनेजा द्वारा किया गया।

26 अक्टूबर को जयंत चौधरी का होगा जोरदार स्वागतः चौ.नीरपाल

सहारनपुर। राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि 26 अक्तूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रातः 10 बजे सहारनपुर के सरसावा के पास गांव झबीरन में आ रहे हैं। जो एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता प्राची चौधरी को सम्मानित कर उसकी हौंसला अफजाही करेंगे।

चौधरी नीरपाल सिंह आज हकीकत नगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों के सम्मुख पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के आगमन को लेकर वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आगामी 26 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी कस्बा सरसावा के गांव झबीरन में एशियाई खेलों में पदक जीत कर लौटी प्राची चौधरी का सम्मान करने आ रहे है, जहां उनका पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी स्वागत करेंगे। उन्होंने सहारनपुर जिले के समस्त खिलाड़ियों, किसान, मजदूर, नौजवान से अपील की कि जयंत चौधरी के ओजस्वी विचारो को सुनने के लिए 26 अक्तूबर को अधिक से अधिक संख्या में झबीरन पहुंचे। एक सवाल के जवाब में चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल लोक सभा की 15 सीटो पर लड़ने की पूरी तैयारी कर रही है। चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल बहुत बड़ी ताकत और निर्णायक भूमिका में रहेगा। उन्होंने कहा कि आज किसान मजदूर नौजवान परेशान है।

महाराजगंज में डेंगू ने ली महिला की जान

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज, रायबरेली। महाराजगंज कस्बे में डेंगू ने घातक रुप धारण कर लिया है, और लोग जान गंवा रहे हैं, दूसरी तरफ जिम्मेदार हवा हवाई दावे ठोक रहें हैं, रविवार की सुबह भी कस्बे के वारसी नगर की रहने वाली एक चालीस वर्षीय महिला की इलाज के दौरान एम्स में मौत हो गई एक महीने के अंदर कस्बे में हुई पांच मौतों से लोग अब भयभीत हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अपने कर्तव्यों के निर्वहन से इतर हाथ पर हाथ धरें बैठे हैं, दूसरी ओर लोग डेंगू की चपेट में आकर काल के गाल में समां रहे हैं।

कस्बे के वारसी नगर की रहने वाली कमर जहां 40 पत्नी एजाजुल हक कि डेंगू रिपोर्ट पॉजीटिव आई थी जिन्हें परिजनों द्वारा तीन दिन पूर्व बछरावां के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां आराम न मिलने पर परिजन कमर जहां को शनिवार को एम्स में ले जाकर भर्ती कराया था जहां डाक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा था लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका और रविवार की सुबह कमर जहां की मौत हो गई जिससे हड़कंप मच गया दूसरी ओर मृतका के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है, डेंगू से एक महीने के अंदर कस्बे में ये पांचवीं मौत है, इससे पहले दो सगे भाइयों मोहम्मद फैज व मोहम्मद नौशाद की मृत्यु हो चुकी है, वही इससे पहले कस्बे की रहने वाली मधु और शांति नगर निवासी अतुल की बेटी बेबी की भी डेंगू से मौत हो चुकी है, एक महीने के अंदर डेंगू से हुई पांच-मौतों से कस्बा सहित क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त हो चुका है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन धरातल पर डेंगू से बचाव की व्यवस्था न करके सिर्फ कागजी कोरम पूरा करते हुए हवा हवाई दावे ठोक रहा है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हो रहा है।

विशाल भंडारे का आयोजन आज

अयोध्या। ओ एन एकेडमी बारुन बाजार के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन 24 अक्टूबर दुर्गा माता के विसर्जन के समय किया जाएगा जिसमें किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की परेशानी ना हो जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से आयोजक मंडल के रविंद्र पांडेय अध्यक्ष राम गोपाल पांडेय जगतपाल पांडेय विजय तिवारी पुष्पेंद्र सोनी रिंकू श्रीवास्तव प्रबंधक धर्मपाल पांडेय आदि लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम आयोजक रविंद्र पांडेय ने बताया कि भंडारे का आयोजन बहुत पुण्य का काम होता है इसमें सभी धर्म के लोगों को सहयोग करना चाहिए क्योंकि अन्न दान महादान होता है अगर आपने अपने जीवन में अन्न दान नहीं किया तो आपको दूसरे लोको में भी अन्न से वंचित रहना पड़ सकता है इसमें सभी धर्म के लोगों को सहभागिता जरूर करना चाहिए।

व्यापारियों ने एक दूसरे पर दर्ज कराया केस

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। बिसवां व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं व्यापारी की पत्नी ने एक दूसरे पर मारपीट व रंगदारी के आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराए हैं। पुलिस ने दोनो पक्षों पर केस दर्ज किया है। कस्बा बिसवां के मंगरहिया निवासी अतुल जायसवाल की पत्नी अनीता जायसवाल ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल पर आरोप लगाया है कि व्यापारियों के खिलाफ खाद्य अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके अवैध वसूली करने का काम किया जा रहा है। आरोप लगाया कि वे व्यापारी गणों को धमकी देते हैं। कार्यालय पर अधिकारी को बुलाकर वहीं पर व्यापारी को फोन द्वारा बुलाया जाता है। धनराशि की मांग की जाती है। अनीता का आरोप है कि विगत दिनों अनीता को खाद्य कर्मचारी सुनील वर्मा व धर्मेन्द्र जायसवाल न फोन द्वारा बुलाया और कहा रुपए मांगे। अनीता का आरोप है कि काफी व्यापारियों से रंगदारी वसूली की मांग की जा चुकी है। इससे तमाम व्यापारी गणों में आक्रोश है। पीड़िता का परिवार काफी डरा हुआ है। अनीता जायसवाल की तहरीर पर थाना कोतवाली बिसवां द्वारा आरोपी सुनील वर्मा एवं धर्मेन्द्र जायसवाल के विरुद्ध धारा 384 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। उधर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल ने मोहित जायसवाल पुत्र प्रदीप जायसवाल, कुशाग्र जायसवाल पुत्र अतुल जायसवाल, सम्राट जलोटा पुत्र रामकुमार, कृतिन जायसवाल पुत्र मोहित जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल पुत्र चन्द्र प्रकाश जायसवाल व एक अज्ञात सर्व निवासी मोहल्ला मंगरहिया बाजार के विरुद्ध दी तहरीर दी है। आरोप है कि उसने अतुल जायसवाल नमकीन विक्रेता के यहां से 24 सितंबर को दो पैकेट मतलबी नमकीन मंगाए, जो काफी पुराने होने के चलते दुर्गंध युक्त थे। इसकी सूचना पीड़ित ने दुकानदार को एवं कम्पनी अधिकारियों को दी। उपेक्षित बर्ताव के चलते पीड़ित द्वारा जिले के अपर जिलाधिकारी की सूचना पर फूड इंस्पेक्टर शेषनाथ सिंह सैम्पलिंग के लिए बिसवां आए। इस दौरान धमकाया गया और गालियां दी गई। इसकी तहरीर 27 सितंबर को कोतवाली में दी।

जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब 30 सितंबर को पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। इसकी सूचना आरोपियों को हो गई। तब 2 अक्टूबर को आरोपियों ने घर के दरवाजे पर हंगामा किया। अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों मोहित जायसवाल पुत्र प्रदीप जायसवाल, कुशाग्र जायसवाल पुत्र अतुल जायसवाल, सम्राट जलोटा पुत्र रामकुमार, कृतिन जायसवाल पुत्र मोहित जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल पुत्र चन्द्र प्रकाश जायसवाल व एक अज्ञात सर्वनिवासी मो मंगरहिया बाजार के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

भदोखर थाना में महिला जागरुकता हेतु चलाया जा रहा अभियान

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर सशक्त/जागरूक किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरुक करने हेतु जनपद रायबरेली की मिशन शक्ति 4.0 अभियान की नोडल अधिकारी वन्दना सिंह को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत मिशन शक्ति फेज-04 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला निरीक्षक/उप-निरीक्षक, बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल कुल 132 गाँवों/मोहल्लों के विद्यालयो, पंचायत भवन, में जन चौपाल लगाकर व बस स्टैण्ड/बाजार/ गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में महिलाओं/बालिकाओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गयी ।

लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीडिता को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के सम्बन्ध में तहसील व जिला स्तर पर भी विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

थाना भदोखर पुलिस तथा मिशन शक्ति दीदी पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक भदोखर राजेश सिंह के नेतृत्व में मुंशीगंज पुलिस बूथ पर भंडारा एवं कन्या पूजन कार्क्रम का आयोजन किया गया जिसमें 51 बालिकाओं को भोजन, फल, टिफिन, चुनरी एवं दक्षिणास्वरुप धन प्रदान किया गया।

पड़ोसन महिला ने पेट्रोल डाल कर युवा को जलाया

युवा की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

रायबरेली। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गवर्नमेंट कॉलोनी में महिला ने दिनदहाड़े पेट्रोल डाल कर युवक को लगाई आग युवा के इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई जिस पर आसपास दहशत का माहौल बना रहा द्य पड़ोसन पर घायल युवक ने लगाये गंभीर आरोप पति पत्नी और वो के कारण हुई पूरी वारदात 90 प्रतिशत तक जला घायल युवक आनन फानन में परिजनों ने पहुँचाया जिला अस्पताल पत्नी को ढूंढने पड़ोसन के घर पहुँचा था घायल युवक।

आरोपी महिला वारदात को अंजाम देकर हुई फरार

पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी आरोपी महिला गिरफ्तार शहर कोतवली क्षेत्र के गवर्मेंट कॉलोनी के है मामला।

मातारानी का पूजन कर किया कन्याभोज

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष बेबी गुप्ता व अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सुख समृद्धि की कामना को लेकर कन्या भोज का आयोजन किया। बेबी गुप्ता व अभिषेक गुप्ता नवमी को खैराबाद के भूलनपुर स्थिति गौरी मंदिर पहुंचे।

नवरात्र पर्व पर नगर पालिका अध्यक्ष बेबी गुप्ता व अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया। कन्या को पकवान खिलाए, वहीं पाठन सामग्री उपहार में दी। दक्षिणा देकर कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। अभिषेक गुप्ता ने आशिर्वाद लेते हुए कहा कि अपने देश में कन्या व महिलाओं को देवी का स्वरूप माना गया है। यही वजह है कि नवरात्र पर्व पर देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया जाता है। उन्होंने कन्याओं से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और सुख समृद्धि प्राप्त करते हुए तरक्की प्राप्त करें। इस दौरान उन्होंने कस्बे वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। वीरेंद्र मिश्रा, आलोक वाजपेई, अवधेश मिश्रा, संदीप गुप्ता, संदीप मिश्रा, गोलू मिश्रा, निरंकार गुप्ता, विनय अवस्थी, पंकज कुमार, सुधीर कश्यप आदि मौजूद रहे।

जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

गौतम बुद्ध नगर। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्ट्रेट के सभागार में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अंतर्गत गठित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक संपन्न हुई। माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के क्रम में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए डूब क्षेत्र के अंतर्गत कार्यवृत्त से संबंधित कार्यवाही के संबंध में संबंधित विभागों से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डूब क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति के द्वारा प्रत्यक्ष रूप एवं अप्रत्यक्ष रूप से उपनदियों अथवा इनके तट व संक्रिया बाढ़ मैदानी क्षेत्र में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक तथा अन्य किसी प्रयोजन से स्थायी अथवा अस्थाई संरचना का निर्माण किया जाना अनुमन्य नही है। उन्होंने आयोजित बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, निबंधन विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, अग्निशमन विभाग, परिवहन विभाग आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की मानव जनित कारणों के फल स्वरुप आपदाओं से होने वाली जन धन की क्षति के उत्पन्न होने की संभावनाओं को समाप्त करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि तटबंधों के मध्य स्थित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा। उन्होंने गठित टीम का आह्वान करते हुए वर्तमान में डूब क्षेत्र की स्थिति, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, अनधिकृत रूप से आबादी के लिए प्रयोग के संबंध में सर्वे की आख्या से ससमय उपलब्ध कराए जाने के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए।

सत्संगत से यष, ज्ञान, कीर्ति, मति व सद्गति की प्राप्ति होती है: पल्ली बाबा लालगंज

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। ग्राम सभा कुम्हड़ौरा में माँ काली मंदिर परिसर में चल रहे सत्चंडी यज्ञ के आठवें दिन आज अध्यात्मिक प्रवचन में महान संत पल्ली बाबा ने हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में डुबोते हुए सत्संग की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्संग से ही मानव यष, ज्ञान, कीर्ति, मति व सद्गति को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि सृष्टि में चौरासी लाख प्रकार के जीव हैं किन्तु उनमें किसी में सामर्थ्य नहीं है कि वे सत्संग कर लें। सभी जीवों का एक ही उद्देष्य और लक्ष्य होना चाहिए यह काल भगवान की कृपा से ही मिलते हैं। उन्होंने जीवन में कुसंग से बचने और सत्संग को ग्राह्य करने की बात भक्तों से कही। यदि हमें कुछ पाना है तो सत्संग परम आवष्यक है। उन्होंने कलयुग में दो प्रकार की दुकानों का जिक्र करते हुए कहा कि एक का नाम सत्संग है और दूसरे का कुसंग। संत श्री ने मनुष्य को मनवांछित फल पाने के लिए सत्संक की दूकान में ही जाने हेतु आग्रह किया। अपने भारत देष की व्याख्या करते हुए उन्होनें कहा कि हमारे यहाँ भारतीयता का मतलब है ज्ञान से। भारतीय वही है जो बुद्धिमान हो और दूसरों की जिंदगी को सुख प्रदान करे। हमारे जैसा देष इस धरती पर कोई अन्य नहीं है। आज भारत का ढ़िढोरा विष्व में फहरा रहा है जिसका कारण सत्संग ही है। सत्संग के माध्यम से हम ज्ञान बुद्धि और कीर्ति प्राप्त कर भारत का मस्तक ऊँचा कर रहे हैं। अंत में अपने अध्यात्मिक प्रवचन में उन्होंने कहा कि सृष्टि में आये हो तो कुसंगति से बचना होगा और सत्संग रूपी ज्ञान से मनुष्य सद्गति को प्राप्त होगा।

इस अवसर पर संत नेपाली बाबा ने भगवती दुर्गा का अवतार कैसे हुआ इस पर गीत के माध्यम से व्यापक प्रकाष डाला। उन्होंने माँ काली को हिमालय पर सवा लाख जप के पष्चात सिद्दि प्राप्त होने पर देवी का नाम कौषिकी पड़ा। उन्होंने दुर्गम राक्षस को शक्ति के माध्यम से मारने के बाद धरती को पाप से मुक्त कराया। दुर्गा के समस्त रूपों का उल्लेख करते हुए लोगों से नवरात्र कि इस पावन अवसर पर जप और तप के माध्यम से जनकल्याण का रास्ता बताया। शतचंडी यज्ञ कार्यक्रम के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी को मुख्य अतिथि हरचन्दपुर के पूर्व विधायक राकेष सिंह ने आये हुए सभी संतो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संतों ने पूर्व विधायक को अपना आर्षीवचन देते हुए इस युग का राम बताया तथा कहा कि क्षेत्र में चारों ओर गाँव-गाँव रामचरित मानस का पाठ कराकर विधायक ने क्षेत्र को राममय बना दिया। इस अवसर पर कुम्हड़ौरा के प्रधान एवं जिला प्रधान संघ के अध्यक्ष बच्चा सिंह ने इस आयोजन को सम्पन्न कराने में कड़ी मेहनत की। 5 उन्होंने कहा कि कल नवमी के अंतिम दिवस पर पूर्ण आहुति के साथ भण्डारे का कार्यक्रम शुरू हो जायेगा जिसमें भारी संख्या में लोगों से प्रसाद ग्रहण करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि इस सिद्ध पीठ में प्रतिवर्ष यह आयोजन होता है जिसमें दस से पन्द्रह हजार लोग भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं तथा प्रतिदिन अध्यात्मिक प्रवचनों के साथ रात को अयोध्या से आये हुए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन भी संपन्न हुआ। अन्त में आयोजक बच्चा सिंह प्रधान ने सभी आगतों के प्रति सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संतो के अलावा खीरों से लालू सिंह, धुन्नी सिंह, षिवराम सिंह के अलावा हजारों की संख्या में महिला एवं पुरूषों ने अध्यात्मिक प्रवचन से लाभ उठाया।

नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का किया गया पूजनः प्रमोद सिंह फौजी

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। शारदीय नवरात्रि के महानवमी पर ब्राह्मणों का चंदौरा लक्ष्मीगंज गांव में मातृ शक्ति के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हुए प्रमोद सिंह फौजी ने सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन का आयोजन किया। जय माता दी की मंदिर में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। प्रमोद सिंह फौजी ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी कियाद्य नन्ही बालिकाओं के बारी-बारी पांव धोये। दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के बीच उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और दूब (दुर्वा) का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद अरुन सिंह ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों का भी पूजन कर आरती उतारी। सभी को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। इसके पूर्व प्रातःकाल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की। इस मौके पर शशिकांत शुक्ला,डब्बू पांडे, शशिधर शुक्ला, रामकरण ओझा, मदन ओझा, अतुल सिंह, मोनू सिंह,धनु मिश्रा, अंकित शर्मा,गप्पू सिंह,अरुण सिंह बाबा ग्रुप मौजूद रहे।

एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में दुर्गा पूजा धूमधाम से आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में दुर्गा पुजा समिति द्वारा दुर्गा पुजा बड़े श्रद्धाभाव एवं आस्था से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष एनटीपीसी सिंगरौली में शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि के शुभ अवसर पर माँ दुर्गा की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी सिंगरौली), एवं श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज द्वारा किया गया था।

एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत विहार कॉलोनी टाउनशिप में स्थित मनोरंजन केंद्र में षष्ठी तिथि से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शारदीय नवरात्रि की षष्ठी तिथि को स्थानीय निवासीयों हेतु भारतीय लोक नृत्य का बढ़ावा देने के उद्देश्य से छाऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया। इस नृत्य के दौरान भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कथाओं का नाट्य मंचन किया गया। शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे एनटीपीसी सिंगरौली, आस-पास के बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत, फ़ैन्सी ड्रेस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। सभी उपस्थित जनों द्वारा बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया गया। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि को देवी जागरण एवं सुंदर झाँकी का भी आयोजन किया गया था। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि के पावन अवसर पर सभी आस-पास के आम जनों में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया एवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जाएगा, जिसमे आस-पास के स्थानीय बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा विजय दशमी के पावन अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। दुर्गा पूजा के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सभी ग्रामीण जनो एवं उपस्थित जनों द्वारा भरपूर आनंद लिया गया। एनटीपीसी सिंगरौली में दुर्गा पूजा के अवसर पर अनुमानित भीड़ के ध्यान रखते हुए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम हेतु शक्तिनगर थाना के पुलिस कर्मी, एनटीपीसी सिंगरौली यूनिट के सीआईएसएफ़ कर्मी, आंतरिक सेक्युर्टी कर्मियों को भारी संख्या में तैनात किया गया हैं। इस अवसर पर श्री एल के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), श्री एके सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), श्री अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), श्री जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऐश डाइक मैनेजमेंट), श्री सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्रीमती रंजू सिंह, वरिष्ठ सदस्या, श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, वनिता समाज, एनटीपीसी सिंगरौली के सभी विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसोशिएशन के सदस्य, पूजा समिति के सदस्य,वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं सैंकड़ों की संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

नवरात्र की नवमी को अर्धनारीश्वर स्वरूपा किन्नरो का पूजन और भोज

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। मातृ शक्ति एवं किन्नर शक्ति के प्रति श्रद्धा व अपार सम्मान की परंपरा समाजसेवी गरिमा सिंह में सदैव से ही रही है। मातृ शक्ति एवं किन्नरों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हुए गरिमा ने सोमवार को शारदीय नवरात्र की नवमी पर माता रानी की परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन के साथ अर्धनारीश्वर के प्रतीक किन्नरों का भी विधिपूर्वक पूजन किया गया।

लखनऊ के अलीगंज थाना स्थित भुइयन पार्क स्थित किन्नर पूजन कार्यक्रम में समाजसेवी गरिमा सिंह ने अर्धनारीश्वर स्वरूपा किन्नरों के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। वही समाजसेवी गरिमा सिंह ने बताया ने बताया कि किन्नरों को सदैव लोग हीन भावना से देखते है, वह भी समाज के अंग है हमारी और आप की तरह है उन्हें भी आप सम्मान दीजिए आपको उनका सम्मान करके निश्चित ही एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति होगी, इसके साथ ही किन्नर गुरु प्रियंका ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि हम सब भी आपके बीच से ही आये है, हमे सिर्फ जनमानस से मांन एवं सम्मान की ही चाहत है, प्रियंका ने गरिमा की तारीफ करते हुए कहा कि लगातार चौथी बार गरिमा सिंह ने किन्नरों के सम्मान में इस तरह का आयोजन किया है इनसे सीख लेकर अन्य लोगों को भी हमे समान नजरो से ही देखना चाहिए।

जब मिला बदबूदार जल आपूर्ति तो लोगो में हुआ आक्रोश

बांदा। जल विभाग भूरागढ़ की लापरवाही के कारण 3 दिन से पानी की सप्लाई बाधित है तथा पाइपलाइन लीकेज के कारण बदबूदार तथा कीटाणु युक्त पानी की सप्लाई डेढ़ माह से हो रही है लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं सप्लाई बाधित होने के कारण लोग दूर-दराज से पानी से 2 किलोमीटर से पानी दो रहे हैं प्राप्त विवरण के अनुसार 3 दिन से पानी की सप्लाई बाधित होने के कारण नवदुर्गा का त्यौहार फीका पड़ रहा है महिलाओं को सुबह से नहा धोकर देवी पंडालून में आरती में सम्मिलित नहीं हो पा रही हैं तथा घरों की साफ सफाई लिपाई पुताई का कार्य बाधित है लोग खड़ी गला गैस एजेंसी समोखर के हनुमान जी पेट्रोल पंप आदि कस्बे से 2 किलोमीटर से पानी ला रहे हैं कस्बे के अंदर हैंड पंप का पानी खा रहा है तथा कण का पानी दूषित है कस्बे में पानी की त्रुटि मची हुई है उधर जल विभाग भूरागढ़ के कर्मचारी व अधिकारी कुंभ करनी नींद में सो रहे हैं उधर जब जल विभाग भूरागढ़ की वरिष्ठ लिपिक दिनेश प्रताप सिंह से बात की गई तो उनका कहना है कि पंप खराब है तथा पाइपलाइन भी टूटी है।

मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत कन्या जन्म उत्सव एवं कन्या पूजन का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। दिनांक 23-10-2023 को मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग व पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से कन्या जन्म उत्सव एवं कन्या पुजन कार्यक्रम का आयोजन जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी मे किया गया जिसमे मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा आयोजित कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम मे नौ नवजात कन्याओं के माताओ को बेबी किट, टावेल, व मिष्ठान वितरित करते हुए कहा कि ऐश्वर्य की सूरत बनकर है लक्ष्मी आई बिटियाँ के जन्म पर आपको ढेरो बधाई साथ ही सभी पात्र नवजात कन्याओं को मुख्यमन्त्री कन्या सुमगला योजनान्तर्गत लाभान्वित कराये जाने हेतु जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया उसके उपरान्त वन स्टाप सेन्टर लोढी मे नवरात्रि के नवमी पर आयोजित कन्या पुजन कार्यक्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा या देवी सर्वभूतेषु माँ सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः मन्त्रोउच्चारण के साथ पंच्चोपचार पुजन करते हुए भोजन कराया गया और दक्षिणा के साथ प्रत्येक कन्याओं को भोजन पात्र, मिष्ठान, फल, लेखन सामग्री भी वितरित किया गया जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अन्तर्गत नवरात्रि के नौ दिन शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमो का आयोजन जनपद विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह व जिला समन्वय साधना मिश्रा द्वारा किया गया मौकेपर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर डी के सिंह, अमृत राय,प्रशान्त शुक्ला, जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, गायत्री दुबे, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, महिला थाना से महिला आरक्षी सारदा, लक्ष्मी,वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

गगनयान मिशन में बांदा के बेटे ने रचा इतिहास, कहा युवा शिक्षा पर फोकस करें

अवधनामा संवाददाता

बांदा। बुंदेलखंड के जनपद बांदा निवासी इसरो में वैज्ञानिक योगेश रत्न ने शनिवार को मानवयान के पहले यान वाले रॉकेट परीक्षण यान डी1 के प्रक्षेपण में महत्वपूर्ण योगदान देकर बुंदेलखंड और जनपद बांदा को गौरवान्वित किया है। इसके पहले भी योगेश रत्न ने कई रॉकेट निर्माण में अपना योगदान दिया है। शनिवार को रॉकेट परीक्षण यान डी1 का सफल परीक्षण होने पर परिवार के लोगों ने खुशी जाहिर की है।वही वैज्ञानिक योगेश रत्न ने कहा कि वह इस सफलता से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।इसरो में कार्यरत बांदा के तुलसी नगर निवासी वैज्ञानिक योगेश रत्न का मानवयान के पहले यान वाले रॉकेट परीक्षण यान डी-1 में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वह केरल के राजधानी तिरुवनन्तपुरम मे स्थित इसरो के प्रमुख केंद्र विक्रम साराभाई अंतरीक्ष केंद्र के गुणवत्ता आश्वाशन विभाग में पिछले 14 वर्षों से कार्यरत हैं। वह राकेट के ठोस प्रणोदक मोटर के बनाने एवं परीक्षण परिक्षण के लिए उत्तरदायी है। आंध्र प्रदेश में स्थित सतीश धवन अंतरीक्ष केंद्र के प्रमोचन स्थल पर रॉकेट के विभिन्न भागों का एकीकरण करके उन्हें प्रमोचन के लिए तैयार करने में भी इनकी अहम भूमिका होती है।योगेश रत्न का जन्म के शिवरामपुर गाँव मे हुआ। पिता रामशंकर साहू चित्रकूटब्लॉक में एडीओ पंचायत के पद से रिटायर हुए थे। उनके जीजाजी विजय साहू बांदा कोर्ट मे वरिष्ठ वकील हैं। योगेश रत्न ने अपनी दसवी सेठ राधाक्रिश्न पोद्दार इंटर कॉलेज, चित्रकूट से और बारहवीं चित्रकूट इंटर कॉलेज से पूरी की। इन्होंने रासायनिक अभियांत्रिकी शाखा में रहते हुए बुंदेलखंड इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, झाँसी से बी.टेक. की पढ़ाई पूरी की तथा आई. आई. टी, खरगपूर से विश्वसनीयता इंजिनीयरींग में एम.टेक. पूरी की।

मिशन शक्ति के तहत जालौन में सर्किल स्तर पर स्थापित किये गये महिला सहायता पिंक बूथ

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के अभियान के क्रम में जनपद जालौन के सर्किल स्तर के थाना कोतवाली उरई, थाना कोतवाली कोंच, थाना कोतवाली जालौन, थाना कोतवाली माधौगढ व थाना कोतवाली कालपी क्षेत्रान्तर्गत स्थापित किये गये महिला सहायता पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण विशेष अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु सर्किल नगर के थाना कोतवाली उरई क्षेत्रान्तर्गत स्थापित किये गये महिला सहायता पिंक बूथ का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक जालौन की उपस्थिति में बालिकाओं द्वारा फीता काटकर किया गया। इसी क्रम में जनपद जालौन के सर्किल कोंच के थाना कोतवाली कोंच, सर्किल जालौन के थाना कोतवाली जालौन, सर्किल माधौगढ़ के थाना कोतवाली माधौगढ़ व सर्किल कालपी के थाना कोतवाली कालपी क्षेत्रान्तर्गत स्थापित किये गये महिला सहायता पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पिंक बूथ ऐसे स्थानों पर स्थापित किये गये हैं जहां पर भीड़-भाड़ एवं महिलाओं व बालिकाओं का आवगमन ज्यादा रहता है। पिंक बूथ में फरियादी महिलाओं/ बालिकाओं की शिकायत / समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निदान करने /कराने हेतु प्रशिक्षित महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की गयी है।

मुकदमे के नाम पर आजम को उत्पीड़ित किया जा रहा

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। पूर्व सांसद आजम खान के एनकाउण्टर वाले बयान पर रिहाई मंच अध्यक्ष मोहम्मद शुएब ने कहा कि दस बार विधायक, मंत्री और सांसद रहे आजम खान को जब यह बोलना पड़ रहा है तो समझा जा सकता है कि प्रदेश के हालात कितने भयावह हैं। हिरासत के दौरान एनकाउण्टर की आशंका मानवाधिकार का गंभीर मसला है। इसे सिर्फ एक नेता की बयानबाजी के तौर पर न देखा जाए। मोहम्मद शुएब ने कहा कि पिछले दिनों पूर्व सांसद अतीक अहमद और पूर्व विधायक अशरफ की सरेआम पुलिस की मौजूदगी में मीडिया कैमरों के सामने हुई हत्या से यह सवाल गंभीर हो जाता है। मोहम्मद शुएब ने प्रदेश की राज्यपाल और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से इस सवाल पर संज्ञान लेने की मांग की है। मंच महासचिव राजीव यादव ने कहा कि मुकदमे के नाम पर आजम खान को उत्पीड़ित किया जा रहा है। मुकदमे का सवाल है तो मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 51 प्रतिशत विधायक दागदार हैं। 43 प्रतिशत सांसद दागदार हैं, जिसमें 159 भाजपा के सांसद शामिल हैं, जिन पर हत्या, बलात्कार और अपहरण के आरोप हैं। राजीव यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा मुकदमों के बहाने अपने वैचारिक विरोधियों से निपट रही है।

रसूले अकरम के बाद नबूवत का दरवाजा बन्द हो गया

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। गौसे आजम कतब-उल-किताब और वलियों के सरदार हैं। तमाम औलिया-ए-कराम ने आपको सरदार और पेशवा माना और आपकी गुलामी को फख्र समझा। यह बात मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने जश्ने गौसुलवरा को खिताब करते हुए कही। फैजुल्लागंज स्थित जामिया बहरुल उलूम में सोमवार को नमाजे जोहर के बाद हुए जलसे का आगाज तिलावते कलामे पाक से हुआ। जश्न को खिताब करते हुए मौलाना अबुल इरफान ने कहा कि रसूले अकरम के बाद नबूवत का दरवाजा बन्द हो गया। अब कयामत तक कोई नबी नहीं आएगा। लेकिन इंसानों की हिदायत के लिए औलिया-ए-कराम के वसीले से लोगों को ईमान की दौलत नसीब होती है।

नवरात्रों के पावन पर्व का नौवां दिन संपन्न

लखनऊ। नवरात्रों के पावन पर्व का नौवां दिन संपन्न हुआ और इस दिन माता की पूजा करके और पूर्ण आहुति देकर भक्त कन्याओं को प्रसाद वितरण किया गया।

तत्पश्चात भक्त अपना व्रत खोलते है मां वैष्णो देवी मंदिर भिलावा चौराहा आलमबाग लखनऊ में सामूहिक हवन हुआ। समस्त भक्तगण हवन में आहुति देने आए और माता के लुभावने श्रृंगार के दर्शन कर अपना जीवन कृतार्थ किया। सोमवार को महानवमी के अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरोग्य की कामना से मेवे की माला मां दुर्गा को अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोग अर्पित करने का पुण्य अर्जित किया गया। वहां प्रथम देव गणपति और महादेव के पूजन के उपरांत मां दुर्गा, मां काली, मां संतोषी, मां शीतला देवी, मां सरस्वती के साथ कृष्ण प्रिया राधा जी का भी पूजन-अर्चन किया गया।

दुर्गा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने हवन में मंत्र उच्चारण के साथ भव्य आरती की

अवधनामा संवाददाता

अतर्रा /बांदा। शारदीय नवरात्र के नवमी को माता के दरबार में भक्तों का पूजा अर्चना के लिए तांता लगा रहा दुर्गा पांडालों में दुर्गा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने वैदिक रीति रिवाज से हवन में मंत्र उच्चारण के साथ भाव आरती का आयोजन किया वहीं ग्रामीण व कस्बे के देवी भक्तों ने जावरा हाथों में लेकर सैकड़ो की संख्या में चूड़ी गली स्थित देवी मंदिर में ज्वारा खोट कर माता रानी की जय कारो के नारे लगाएं।

नौ दिन तक चलने वाले नवरात्र महोत्सव की गूंज पूरे कस्बे वा ग्रामीण क्षेत्र में लगातार दिखाई पड़ी कस्बे में एक और जहां दुर्गा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह देवी प्रतिमाओं की स्थापना कर आधुनिक रंग बिरंगी लाइटों से साज सज्जा की वही लगातार नौ दिनों तक माता की उपासना कर लोगों ने घर उमाह जगराता आदि का कार्यक्रम चला रहा सोमवार को नवमी के दिन सुबह से ही माता के भक्तों ने जहां माता के दरबार में नारियल पान बताशा चढ़ा कर वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर मन की मुरादे मांगी वही नौ दिनों तक ग्रामीण व कस्बे में घर-घर माता की जावरा रखकर नौ दिनों तक व्रत करने वाले भक्तों ने हाथों में जावरा सॉन्ग खप्पर लेकर माता की जयकारों के साथ कस्बे की धार्मिक स्थलों में जाकर जावरा खोट कर जय जय अंबे जय जगदंबे का उद्घोष किया।

वहीं कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम चूड़ी गली स्थित छोटी भवानी सुलभ थोक लाल थोक स्थित बड़ी भवानी बदौसा रोड स्थित शारदा देवी बरसल बाबा भवानीगंज स्थित काली देवी सभी में माता के भक्तों की सुबह से देर शाम तक भारी भीड़ देखने को मिली वहीं बुधवार को विसर्जन की तैयारी को लेकर उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह तहसीलदार रामचंद्र यादव क्षेत्राधिकार जियाउद्दीन थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार मिश्रा कस्बा इंचार्ज प्रदीप पुलिस बल के साथ जहां रूट मार्च किया वहीं देवी पंडालों मैं पहुंच कर दुर्गा समिति के कार्यकर्ताओं से विसर्जन की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते दिखे।

छात्रों ने शिक्षक भर्ती में लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता

भाटपार रानी, देवरिया। बिहार राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा प्रवक्ता एवं प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड में शिक्षकों की भर्ती के लिए घोषित परिणाम में मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटपार रानी देवरिया के हिंदी विभाग के छात्रों ने अपना परचम लहरा दिया है। घोषित परिणामों के अनुसार इस महाविद्यालय के हिंदी विभाग से करीब एक दर्जन पूर्व छात्रों का चयन प्रवक्ता एवं टीजीटी पदों के लिए हुआ है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए हिंदी के प्रतिबद्ध अध्यापक डॉ पवन कुमार राय ने बताया है कि बिहार लोकसभा आयोग द्वारा घोषित रिजल्ट के अनुसार प्रवक्ता हिंदी पद पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र उमेश कुमार गुप्ता, दुर्गेश कुमार मिश्रा, रजनीश कुमार भाटिया,तथा अवनीश नाथ त्रिपाठी का चयन (प्रवक्ता संगीत) हुआ है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक स्तर तक हिन्दी की विद्यार्थी रही प्रतिभा राय का चयन प्रवक्ता अंग्रेजी के पद पर हुआ है। इसी प्रकार प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड में भी महाविद्यालय के हिंदी विभाग से अनेक छात्रों झछात्राओं का चयन हुई है। डॉक्टर राय ने बताया कि हिंदी विभाग के पूर्व छात्र दुर्गेश कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार भारती, कुमारी सरिता चौबे, कुमारी सोनी सिंह, विनय कुमार चौबे आदि का चयन बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया है। उन्होने बताया कि टीजीटी हिन्दी के लिये आयोग द्वारा घोषित राज्य स्तरीय मेधासूची मे सोनी सिंह ने सामान्य श्रेणी में 83वां रैंक तथा सत्येन्द्र कुमार भारती ने 153 वां रैंक प्राप्त किया है। महाविद्यालय से एक साथ करीब एख दर्जन छात्रों को प्रवक्ता एवं प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड में रोजगार प्राप्त होने से महाविद्यालय में खुशी की लहर व्याप्त है तथा हिंदी विभाग के छात्रों ने अपनी उपलब्धियां से अपने गुरुजनों एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया हैं। उन्होने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थी लगातार उनके मार्गदर्शन एवम सम्पर्क में बने हुए थे। महाविद्यालय से इन छात्रों को चयनित होने पर महाविद्यालय के प्रबंधक एवम भाजपा नेता श्री राघवेंद्र वीर विक्रम सिंस, प्राचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र गौड प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष एवं अध्यापक डॉ पवन कुमार राय हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ,डॉक्टर अभिमन्यू पांडे , डॉक्टर कनक लता ,डॉक्टर सुशील कुमार पांडे डॉक्टर दिनेश वर्मा, डॉ अमन तिवारी डॉक्टर ज्ञान प्रकाश ,डां धर्मजीत मिश्र डॉ रवि सिंह, डॉ अजय सिंह, डॉ पूनम यादव, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ रामावतार वर्मा डॉक्टर कम देश नारायण मिश्रा डॉक्टर सुधीर शुक्ला आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चयनित अध्यापकों को बधाई दी है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जगदंबा के स्वरूपों का श्रद्धालुओं ने किया पूजन

अवधनामा संवाददाता

बिलगांव। नवरात्रि की नवमीको श्रद्धालु भक्तों ने मंदिरो से लेकर घरों तथा सजाए गए दुर्गा पंडालो में स्थापित मां जगदंबे स्वरूप महागौरी की विधिविधान से पूजा की। जगह-जगह कन्या भोज भंडारा आयोजित किए गए। शाम होते ही दुर्गा पंडालों में आरती पूजन दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्तों का आना जाना बना रहा। शारदीय नवरात्रि बिलगांव अजीतपारा सहित आसपास के गांव में श्रद्धा भक्ति के बीच मनाई जा रही है। सोमवार को नवमी के दिन भोर पहर से मंदिरों से लेकर घरों तथा दुर्गा पंडालो में मातारानी का जला अभिषेक के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। जगह-जगह कन्या भोज भंडारा प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा दोनों गांव के अलग-अलग मोहल्ले में सजाए गए दुर्गा पंडालो में शाम होते ही विभिन्न भक्ति गीतों के साथ ही माता के नौवो स्वरूप सिद्विदात्री के आरती पूजन दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ बनी रही।

यूपी के घर-घर में पहुंचेगा भारत सरकार का सांभर नमक

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। भारत सरकार, जन-जन के लिए उपयोगी और स्वास्थ्य को बेहतर रखने वाले 'सांभर' नमक की गुणवत्ता का यूपी में प्रचार-प्रसार के साथ उसकी बिक्री के महाअभियान की शुरुआत करने जा रही है। इस नमक की निर्माता हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड ने यूपी में कम्पनी के सांभर नमक के प्रचार प्रसार और बिक्री के लिए एनएओसीओएफ इंडिया लिमिटेड और उसके सहयोगी आरकेजे एग्रो एण्ड फूडस प्राइवेट लिमिटेड से हाथ मिलाया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड के सीएमडी कमोडोर कमलेश कुमार ने मीडिया को बताया कि एनएओसीओएफ इंडिया लिमिटेड और उसके सहयोगी आरकेजे एग्रो एण्ड फूडस प्राइवेट लिमिटेड यूपी में पीसीएफ की मदद से विभिन्न जिलों में स्थापित कृषक सेवा केन्द्र से भारत सरकार के सांभर नमक का विक्रय कराएगी। यह पहला मौका है जब यूपी में भारत सरकार के सांभर नमक की गुणवत्ता को लेकर इतने बड़े महाअभियान को शुरु किया जा रहा है जो बदलता यूपी और स्वस्थ्य यूपी की परिकल्पना को साकार करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के उद्यम हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड विशेष रूप से राजस्थान में स्थित सांभर झील में ताजे वर्षा जल से नमक का उत्पादन करती है। सांभर नमक भारत का एकमात्र नमक है जो प्राकृतिक रूप से आयोडीन युक्त होता है और इसमें 84 ऐसे दुर्लभ खनिज तत्व पाए जाते हैं, जिनका उपयोग एसिडिटी की दवा के रूप में किया जाता है। इतना ही नहीं सांभर नमक से बना काला नमक सबसे अच्छा प्राकृतिक रेचक (लैक्सेटिव) है और इसके कई चिकित्सीय लाभ हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी का नमक कैंसर रोधी है और तंत्रिका तंत्र की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाता है।

कमलेश कुमार ने बताया कि यूपी में नेशनल फेडरेशन ऑफ फार्मर्स प्रोक्योरमेंट (एनएओसीओएफ) और आरकेजे एग्रो एण्ड फूडस प्राइवेट लिमिटेड ने सांभर नमक को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा उठाया है। यह दोनों कम्पनी उत्तर प्रदेश प्रादेशिक कोआपरेटिव फेडरेशन (पीसीएफ) के साथ मिलकर इस नमक को गांव-गांव और जन-जन तक कृषक सेवा केंद्र के माध्यम से पहुंचाएगी। इन केन्द्रों पर यह नमक आसानी से उपलब्ध होगा।

दीपक चौहान, सीईओ एवं निदेशक आरकेजे एग्रो एंड फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा कि भारत की इतनी बड़ी आबादी को स्वस्थ जीवन प्रदान करने के लिए स्वास्थ्यवर्धक सांभर नमक वरदान के रूप में साबित होगा। नाम प्रकाश श्रीवास्तव, अधिशाषी निदेशक एनएओसीओएफ ने कहा कि लोग अक्सर यह भूल जाते हैं कि नमक भी हमारे आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए प्रतिदिन खाने में पौष्टिक आहार के साथ पौष्टिक नमक भी उतना ही जरूरी है। ए. आर. कुशवाहा डिप्टी जनरल मैनेजर, पीसीएफ ने बताया कि पीएसएफ के कृषक सेवा केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्यवर्धक सांभर नमक को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

पुण्य सालिला सरयू मैया की नित्य आरती कर प्राचीन परंपरा को निभा रहे

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। कैसरगंज लोकसभा से भाजपा के वरिष्ठ सांसद बृजभूषण शरण सिंह रविवार की देरशाम अयोध्या पहुंचे। जहां वह प्राचीन राजघाट पर सरयू आरती में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम बृजभूषण शरण सिंह ने गौ दुग्ध से सरयू मैया का दुग्धाभिषेक किया। उसके बाद दीपदान कर पतित पावनी सरयू सलिला की ग्यारह सौ बत्ती से दिव्य महाआरती उतारी। महाआरती से सरयू का प्राचीन राजघाट तट रोशन रहा। इस मौके पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि यह प्राचीन राजघाट बहुत ही पुराना स्थान है। रामायण और वाल्मीकि रामायण में भी इस स्थान की चर्चा है। यहां पर सरयू आरती के कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। नित्य सरयू आरती का कार्यक्रम एक अच्छी शुरूवात है। अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज ने कहा कि प्राचीन राजघाट का बहुत बड़ा महत्व और मर्यादा है। क्योंकि भगवान राजा होने के पश्चात यहीं पर सरयू मैया की धारा में स्नान करते थे। परंपरानुसार इस स्थान पर भगवान सीताराम व सरयू मैया की सलिला धारा का पुनः आरती प्रारंभ कराया गया है। नित्य-प्रतिदिन यहां सरयू मैया की आरती भव्यता के साथ हो रही है। सरयू मैया की कृपा से यह आरती नित्य चलती रहेगी। नित्य सरयू महाआरती समिति के पहलवान घनश्याम दास, राजेश महाराज, महंत महेश दास, सुनील पाल ने सांसद बृजभूषण सिंह समेत अन्य उपस्थित संत-महंतों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर आचार्य पीठ लक्ष्मणकिला धीश महंत मैथिलीरमण शरण, हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती, रामजानकी विश्वकर्मा पांचाल मंदिर के महंत महेश दास, सीताराम निवास स्वर्गद्वार के महंत सत्येंद्र दास वेदांती, सरयूकुंज पीठाधीश्वर महंत राममिलन शरण, गोविंद आश्रम महंत वीरेंद्र दास, महंत छोटू शरण, पहलवान घनश्याम दास, पार्षद प्रतिनिधि प्रियेश दास, सुनील पाल, अखंडवीर सिंह, महेंद्र त्रिपाठी, सोनू सिंह, जेडी सिंह, अभय पांडेय, महंगू लाल पांडेय, नवीन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं बालिकाओं को किया जागरूक

अयोध्या। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण नारी सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु थाना में नियुक्त महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट व अयोध्या जंक्शन में प्लेटफॉर्म सर्कुलेटिंग एरिया टिकट घर आदि जगहों पर उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थाना जीआरपी पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया। जागरूकता अभियान में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अयोध्या कैंट राकेश कुमार राय उप निरीक्षक रामनारायण यादव, महिला आरक्षी दीपा यादव, हेड कांस्टेबल सुभाष चंद्र यादव, हेड कांस्टेबल सर्वेश कुमार पाल द्वारा चलाया गया।

शक्ति वाहिनी के कार्यकर्ता प्रमुख चौराहों से लेकर मेला क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहते हैंः रविकांत आर्य

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। केंद्रीय शक्ति वाहिनी प्रमुख रविकांत आर्य ने बताया कि शक्ति वाहिनी के कार्यकर्ता प्रमुख चौराहों पर लगे हैं जहां पर वह ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में सहयोग कर हैं। कुछ टीम में मेला क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहती हैं तथा अवांछनीय तत्वों पर निगाह रखती हैं। जीआईसी में प्रतिमा की नंबरिंग व्यवस्था तथा विसर्जन घाट पर अंतिम मूर्ति तक अपने कर्तव्य में लगे रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार सभी पूजा पंडालो पारस शक्ति वाहिनी के कार्यकर्ताओं की ड्यूटी वालंटियर के रूप में लगाई जाएगी। जिससे अपने-अपने पूजा पंडाल पर वह लोग भीड़ को नियंत्रित करेंगे तथा यातायात व्यवस्था में भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

केंद्रीय महिला शक्ति वाहिनी की प्रभारी पूर्व पार्षद शकुंतला गौतम और रीना द्विवेदी ने कहा इस बार महिलाओं की पांच टीमें बनाकर उनको अलग-अलग पूजा पंडाल पर तैनात किया गया है। जिससे संपूर्ण मेला क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी निगाह रखी जा रही है।शक्ति वाहिनी के पदाधिकारी नागेंद्र पांडे, मनोज तिवारी, लव कुमार पांडेय ने कहा कि शक्ति वाहिनी के लोग समर्पण भाव से दुर्गा पूजा एवं रामलीला के पर्व में अपना सहयोग प्रदान कर हैं। वही शक्ति वाहिनी प्रमुख ने लव कुमार पाण्डेय संदीप कुमार श्रीवास्तव सोनू चौधरी व अन्य कार्यकर्ताओं को नाका हनुमानगढ़ी के बीच तैनात किया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रुदौली - अयोध्या। नवरात्रि की अष्टमी तिथि को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महा माई के जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही द्य नव दुर्गा पूजा समिति काजी पूरा रुदौली के रंग मंच पर बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमे बच्चो के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति की गई जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की । आदि शक्ति मा वैष्णो पूजा समिति हनुमान किला कटरा रुदौली द्वारा बच्चो का सांस्कृतिक कार्य क्रम प्रस्तुत किया गया जिसको देखने के लिए हजारों दर्शकों की भीड़ देर रात तक उपस्थित रही ।बच्चो के कार्यक्रम में छोटी बच्ची प्रियांशी द्वारा प्रस्तुत नृत्य बेटी बचाओ के माध्यम से गर्भ में किए जा रहे बच्चियों की हत्या से फैल रहे समाज के असंतुलन से सचेत किया गया।इस बच्ची को प्रथम स्थान देकर स्मृति चिन्ह दिया गया । द्वितीय स्थान पर आर्येंद्र प्रकाश ने रण में कूद पड़ी मा काली की सराहनीय प्रस्तुति कर दर्शकों को से खूब सराहना प्राप्त की कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष जब्बार अली पूर्व अध्यक्ष अशोक कसौधन पत्रकार रवि वैश्य, आशुतोष गुप्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ,हरिनारायण अग्रवाल , मनोज गर्ग ,मोहित कसौधन पल्लू कसौधन सभासद महेश कश्यप, राजकिशोर कसौधन संतोष आर्य, श्याम जी ,मिथुन, राकेश मेडिकल अभय मिश्रा प्रेम यादव सुनील राकेश कसौधन, श्याम कसौधन महेश जैसवाल वेद कसौधन सत्यनारायण अवधेश विश्वकर्मा संतोष यादव लालचंद राजकुमार पंडित मथुरा प्रसाद मिश्र अमित टंडन अरविंद कसौधन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मेला को लेकर वार्डों में फॉगिंग व एंटी लार्वा का हो रहा छिड़काव

गोसाईगंज- अयोध्या। स्थानीय नगर पंचायत सफाई कर्मियों द्वारा 15 दिनों से दशहरा मेला एवं दुर्गा पूजा डेंगू को लेकर इस समय घर-घर लोग बुखार से परेशान चल रहे हैं। जिसे लेकर नगर पंचायत अधिषाशी अधिकारी इंद्रभान जी ने डेंगू के बचाव के लिए नगर पंचायत के हर वार्डों में लगातार फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव किया जा रहा है, जिसकी निगरानी खुद चेयरमैन व ईओ द्वारा किया जा रहा है। नगर के सभासद रविंद्र यादव सभासद कालीचरण ने बताया कि प्रत्येक दिन वे खुद वार्ड व मोहल्ले में जाकर एंटी लार्वा तथा फॉगिंग का देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि एंटीलार्वा का छिड़काव सुबह व शाम को फागिंग कराया जा रहा है। दुर्गा पूजा एवं दशहरा मेला को देखते हुए 15 दिनों से रोज फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव पूरे नगर तथा में रोजाना हर पंडालों में हो रहा है। इसी के साथ गलियों के हर वार्डों में किया जा रहा है। साथ-साथ सफाई व्यवस्था भी कर चौकस है वही नगर वासी को भी इसकी जिम्मेदारी देखनी होगी यह बातें नगर पंचायत अधिषाशी अधिकारी ने कहा।

हर्षोल्लास से मनाया दशहरा व नवरात्रि का पर्व

अयोध्या। इंटरनेशनल स्कूल गद्दोपुर में दशहरा और नवरात्रि का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक डॉक्टर अंजू पांडे ने भगवान राम के बाल रुप के पात्रों को माल्यार्पण कर किया। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया।राम लक्ष्मण और सीता के किरदार के रुप में बच्चों ने सबको मंत्र मुक्त कर दिया। सीता हरण और रावण दहन के मंचन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद बच्चियो ने देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों के नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक डॉक्टर पांडे ने कहा कि जिस प्रकार दीपक की लौ अंधकार का नाश करने के लिए काफी होती है, इसी प्रकार एक अच्छी विचारधारा वाली सोच अपने अंदर के रावण का विनाश करने के लिए काफी है। हर किसी में अच्छाई और बुराई होती है।

गरीबों का सर्वाधिक विकास बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में ही हुआ

अवधनामा संवाददाता

मया/अयोध्या। देश के वंचित समाज को वोट का अधिकार देकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने उनको राजनीतिक हिस्सेदारी दिया परंतु दलित पिछड़ा वंचित समाज अपने वोटो के अधिकार को आजादी के इतने लंबे समय बीत जाने के बाद भी समझ नहीं पाया है इसी का नतीजा है कि अन्याय अत्याचार करने वाले लोग चंद लालच देकर उनके कीमती वोट को लेकर राज कर रहे हैं बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को वोट के महत्व को समझाकर जागरूक करने का कार्य करें क्योंकि दलित शोषित पिछड़ा अल्पसंख्यक समाज ही सबसे ज्यादा आबादी वाला समाज है जिस दिन बहुजन समाज अपने मतो वोटो का सही इस्तेमाल कर लेगा तो इस देश का हुक्मरान बन जाएगा उक्त बातें ग्राम पंचायत कस्बा दिलासीगंज में बहुजन समाज पार्टी के एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहीं उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने हमें वोट का अधिकार दिया मान्यवर कांशीराम सुश्री मायावती ने हमें राजनीतिक दल के साथ-साथ सत्ता चलाने का भी रास्ता दिखाया हमें भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी एवं समाजवादी पार्टी से हमेशा सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि यह गरीबों के हित में कभी भी कोई कार्य नहीं करते हैं गरीबों का सर्वाधिक विकास बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में ही हुआ है इसलिए आने वाले समय में हमें बहुजन समाज पार्टी को देश की नंबर एक की पार्टी बनाना होगा बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के अध्यक्ष रविंद्र भारती संचालन विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज के प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने किया।

हनुमान और सीता जी के मिलन के मार्मिक प्रसंग का मंचन देखकर दर्शक भावुक

अवधनामा संवाददाता

बीकापुर-अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र के तोरो माफी दराबगंज रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहे 10 दिवसीय रामलीला मंचन के नौवे दिन रविवार की रात प्रधान नसरीन के प्रतिनिधि मोहम्मद आरिफ द्वारा फीता काटकर रामलीला मंचन का शुभारंभ कराया गया। इस मौके पर प्रधान पति अहमद रजा ने कहा कि यहां तोरो माफी के रामलीला मैदान में कई दशकों से रामलीला मंचन का सफलतापूर्वक आयोजन हो रहा है जिसमें यहां के हिंदू और मुस्लिम दोनों समाज के लोग अपना सहयोग करके गंगा जमुनी तहजीब एवं आपसी भाईचारा सौहार्थ की मिसाल कायम करते हैं। भगवान रामचंद्र जी के जीवन चरित्र एवं रामायण के आदर्श पात्रों के जीवन चरित्र से सीख लेने और उन्हें सामाजिक जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। रामलीला मंचन के नवें दिन रविवार की रात रामलीला मंचन के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा हनुमान जी का लंका में प्रवेश, लंका दहन, विभीषण शरणागति आदि लीलाओं का मंचन किया गया। सीता जी की खोज के अशोक वाटिका मे हनुमान और सीता जी के मिलन के मार्मिक प्रसंग का मंचन देखकर दर्शक भावुक हो गए। लंका में फल खाने के दौरान हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ना, तथा लंका दहन का प्रसंग काफी रोचक रहा। रामलीला मंचन के दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद, अरश दुबे, ओम प्रकाश दुबे, डॉक्टर हरिशंकर उपाध्याय, डॉक्टर देव प्रकाश मिश्रा, सहित रामलीला समिति से जुड़े लोग और दर्शक मौजूद रहे। अध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद ने बताया कि दशहरे के दिन मंगलवार को रावण पुतला दहन के साथ रामलीला मंचन का समापन होगा।

2024 का लोकसभा चुनाव देश का भविष्य करेगा तयः खालिद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खालिद मसूद ने कहा कि मौजूदा सरकार धर्म और जाति के नाम पर सत्ता कर समाज को बांटने का काम कर रही है और समाज में एक खायी पैदा की जा रही है, जिसे रोकने के लिए हमें 2024 के चुनाव में वोट की चोट से भाजपा को जवाब देना होगा, ताकि वह सत्ता से अलग हो सकें। राष्ट्रीय अध्यक्ष खालिद मसूद आज यहां हबीबगढ़ स्थित एक पैलेस में आयोजित मण्डल समीक्षा बैठक व कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि 2024 हम सबके लिए अति महत्वपूर्ण चुनाव है और यह देश का भविष्य भी तय करेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए रालोद को मजबूत बनाने का काम करें। प्रदेश अध्यक्ष आरिफमहमूद ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भाईचारा कायम करने के लिए सभी को एक जुट करने का काम कर रहे है हमें उस अभियान के तहत कार्य करते हुए सभी को आपस में एक जुट करना होगा, जिससे कि समाज में एक रूपकता आ सकें और जाति धर्म के कारण बन रही खायी को समाप्त किया जा सकें। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल मात्र ऐसी पार्टी है, जो किसान, मजदूर व गरीब को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। हमें जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करना होगा और गठबंधन को विजयी बनाना होगा। रालोद सामाजिक न्याय मंच के प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे ने महिलाओं से कहा कि आत्म सम्मान व स्वावलम्बन के लिए सभी को राष्ट्रीय लोकदल के लिए जुड़ना चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय लोकदल ही मात्र एक ऐसी पार्टी है, जो महिलाओं को पूर्ण सम्मान देने का काम कर रही है। रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के रूहेल खण्ड क्षेत्रीय प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने कहा कि हमें मतदाता बनवाने के लिए विशेष ध्यान देना होगा। क्योंकि हम लोग वोट बनवाने में पीछे रह जाते है और उसी कारण हम सबका मत प्रतिशत कम रहता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें अधिक से अधिक वोट बनवाने होंगे। महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल एक दल नहीं बल्कि विचारधारा है, जो सभी को साथ लेकर एक समान कार्य कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह से लेकर आज तक राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने किसान, मजदूर व प्रत्येक वर्ग को सम्मान देने का काम करती है। कार्यक्रम संयोजक व प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शमीम अहमद ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करतें हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठन को और अधिक मजबूत कर 2024 के चुनाव में जनपद से पार्टी उम्मीदवार को निश्चित रूप से विजयी बनाने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन व संचालन रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता आतिर रिजवी ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के शमीम अहमद, साजिद अली जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद शमी जिला सचिव, तहसीन जिला महासचिव, मोहतरीन नाजिम, इमरान सिद्दीकी, जमशेद, इमरान पहलवान, मुरसलीन, फरीद अब्बासी, रशीद सिराजुद्दीन जिला सचिव, जिला सचिव मौ.समी, नाजिम, जिला महासचिव इरशाद, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट बृजमोहन सिंह, निसार मलिक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनपद के कृषकों से की नेपियर घास उगाने की अपील

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। भारतीय संस्कृति में बेजुबान पशुओं की सेवा का बड़ा महत्व है। निराश्रित गोवंशों को अपने आवास पर पालकर एवं उनके प्रति सच्ची सेवा का भाव रखकर जिलाधिकारी जनपद वासियों को बेहतर संदेश दे रहे हैं। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र शासकीय सेवा में रहते हुए गरीब और जरूरतमंद की तो हरसंभव मदद करते ही हैं। उनका पशुओं के प्रति प्रेम भी देखा जा सकता है विशेषकर गौ माता के प्रति। उनके गौमाता के प्रति प्रेम का उदाहरण है उनके घर पर पल रही गाएं और छोटे छोटे बछड़े। डीएम का गायों के प्रति प्रेम किसी से छुपा नहीं है। वो प्रतिदिन अपने आवास पर पल रहीं गायों और बछड़ों की सेवा जरूर करते हैं।

जिलाधिकारी जनपद में स्थित गौशालाओ में जाते रहते हैं। गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को परखते हैं। गौशाला में गौसेवा करने के साथ गायों और बछड़ों को चारा और गुड़ भी खिलाते हैं। जिलाधिकारी का गायों के प्रति सेवाभाव हम देख सकते है। गायों को हरे चारे की कमी न हो इसके लिए उन्होंने नेपियर घास के उत्पादन को बढ़ावा दिया। उनके नेपियर घास के अभिनव प्रयास को प्रदेश भर में अपनाया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने अपने आवास पर भी नेपियर घास उगा रखी है। नेपियर घास के उत्पादन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पंच वर्षीय हरा चारा प्रबंधन की दिशा में अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा की इस घास को लगाने की विधि भी बहुत सरल है और यह लगभग 70 से 80 दिन में तैयार हो जाती है। उन्होंने कृषकों का आव्हान किया कि नेपियर घास की अधिक से अधिक बुवाई की जाए।

शारदीय नवरात्रि की नवमीं पर किया कन्या पूजन

सहारनपुर। शारदीय नवरात्री पर आज नवमीं का पूजन कर श्रद्धालुओं ने कन्याओं को जिमाया और फिर बाद में अपना व्रत खोला। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना था और सभी घरों में आज विशेष पूजा अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। शारदीय नवरात्र की नवमीं पर आज श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के रूप में कन्याओं का पूजन किया और विशेष पूजा अर्चना के साथ पिछले 8 दिनों से चल रहे नवरात्र व्रत को विश्राम दिया गया। आज सुबह से ही सभी घरों में कन्या पूजन को लेकर विशेष तैयारियां की गयी थी।

मंडलायुक्त और डीएम ने दशहरा पर्व की दी शुभकामनाएं

सहारनपुर। मंडलायुक्त डॉ.ह्रषिकेश भास्कर यशोद ने दशहरा व विजयादशमी के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ये पर्व हमें आशा, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देता है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह पर्व संकट पर धैर्य की जीत का द्योतक है। दशहरा हमारे जीवन में संयम और आत्मिक बल को जगाने वाला पर्व है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चंद्र ने जिलावासियों को असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व की जनपदवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना देते हुए डीएम ने कहा कि हम बुराई के खात्मे का संकल्प लेकर ही इस पर्व के उद्देश्य को चरितार्थ कर सकते हैं। सत्य पथ पर चलकर अपने जीवन में खुशहाली लाएं और विजय कीर्ति की पताका को अपने जीवन के प्रत्येक क्रम में अपनाएं। उन्होंने कहा कि यह पर्व श्अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है।

भक्ति गीतों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

बृजमनगंज (महराजगंज)। नगर पंचायत बृजमनगंज के रेलवे स्टेशन रोड पर नव युवक दुर्गा पूजा समिति के 50वें स्थापना दिवस पर भक्ति जागरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गायिका शिवांगी मिश्रा के भक्ति गीतों पर पूरी रात श्रद्धालु झूमते रहे। साथ ही कलाकारों द्वारा शिव पार्वती, राधा कृष्ण व मां दुर्गा की मनमोहक झांकी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल व दिलीप चौधरी द्वारा समिति के संस्थापक सदस्यों व वर्तमान पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि भक्ति जागरण के आयोजन से सामाजिक सौहार्द बढ़ता है।

इस अवसर पर सच्चिदानंद सिंह, सुभाष चंद्र वर्मा, बद्री प्रसाद वर्मा, डा. महेंद्र कसौधन, विनोद कसौधन , लालचंद्र जायसवाल, राजकुमार वर्मा, घनश्याम जायसवाल, मानसिंह जायसवाल, वरिष्ट भाजपा नेता योगेंद्र यादव, ब्लाक प्रमुख उदयराज यादव, सभासद जेपी गौंड, रवि यादव, मनोज जायसवाल, अनूप चौरसिया, रूपनारायण जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा पर स्वागत समारोह आयोजित

सहारनपुर। भारतीय स्टेट बैंक के दिल्ली सर्किल के महासचिव पंकज कौशिक एवं अध्यक्ष मनमोहन कपूर का आज नगर आगमन पर बैंक कर्मचारियों व पदाधिकारियों ने स्वागत किया। आज कोर्ट रोड स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा पहुंचे दिल्ली सर्किल के महासचिव पंकज कौशिक व अध्यक्ष मनमोहन कपूर का स्वागत किया गया। इस अवसर उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी बैंक के नियमों का पालन करें और अच्छी ग्राहक सेवा ग्राहकों को प्रदान करें तथा अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। बैंक में जो भी आप लोगों की समस्या है उन्हीं सभी का निदान मैनेजमेंट से बात करके कराया जायेगा। कामरेड मनमोहन कपूर ने कहा कि आज समय डिजिटल का है। इसलिए इसमें सभी कार्य सतर्कता के साथ करें। शाखा में महासचिव पंकज कौशिक ने बोलते हुए कहा कि संजय शर्मा को संगठन का मेरठ मंडल का महासचिव तथा नवनीत कुमार को संगठन का क्षेत्रीय सचिव नियुक्त किया।

ईओ की गैर मौजूदगी पर डीएम ने जताई नाराजगी, वेतन बाधित

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। जनपद के निचलौल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थापित पूजा पंडालों और खेखड़ा नाला व बैकुंठी घाट स्थित विसर्जन स्थलों का सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निचलौल के ठेकड़ा नाला व सदर के बैकुंठी घाट स्थित विसर्जन स्थलों तक जाने वाले मार्ग को और बेहतर करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही साफ-सफाई को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ठेकड़ा नाला पर विसर्जन के उपरांत वापसी मार्ग के जर्जर होने पर नाराजगी व्यक्त की और एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को तत्काल मार्ग के मरम्मत का निर्देश दिया। साथ ही मार्ग में लटकते हुए बिजली के तारों को भी तत्काल ठीक कराने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सभी विसर्जन स्थलों के पास मोबाइल शौचालय और मेडिकल टीम व एम्बुलेंस को तैनात रखें। साथ ही सभी घाटों पर नाव व गोताखोरों को तैनात रखें और रात्रि में जेनरेटर सहित पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को मूर्ति विसर्जन तक सतर्क रहने और लगातार निगरानी का निर्देश दिया। साथ ही विसर्जन मार्गो व स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान विसर्जन स्थलों व मार्गो पर पर्याप्त साफ-सफाई न होने, विसर्जन मार्ग के क्षतिग्रस्त होने व ईओ सिसवां शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने वेतन बाधित करते हुए कार्यवाही के लिए अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने तहसीलदार निचलौल को कैम्प कर विसर्जन मार्गों व विसर्जन स्थलों पर पाई निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सिसवां बाजार स्थित अयोध्या धाम व सिसवा स्टेशन के पास बने अक्षरधाम सहित विभिन्न पूजा पंडालों को देखा और आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि विजयदशमी का दिन अतिसंवेदनशील है। अतः सभी संबंधित अधिकारी सतर्क रहें और निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें। उपद्रवी तत्वों से सख्ती से निपटें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम निचलौल सत्यप्रकाश मिश्रा, एसडीएम सदर दिनेश कुमार मिश्रा, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, सीओ निचलौल अनिरुद्ध कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दो वांछितों को कोठीभार पुलिस ने भेजा जेल

अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार(महराजगंज)। सोमवार को कोठीभार पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे अभियुक्तों को पकड़ कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि पॉक्सो एक्ट मे फरार चल रहे ग्राम सभा गौरी बढ़ईपुरवा निवासी सत्री व एससी एसटी के मामले में अभियुक्त खेसरारी के मुसहरी टोला निवासी राज कुमार को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विजय कुमार, अखण्ड प्रताप सिंह, कांस्टेबल गोपाल कुशवाहा यादव, अरूण यादव, रोहित यादव आदि शामिल रहे।

सेवतरी चौकी इंचार्ज विहीन

नौतनवा (महराजगंज)। जनपद के परसामलिक थानाक्षेत्र के अंतर्गत सेवतरी चौकी लगभग दो सप्ताह से इंचार्ज विहीन है। चार सिपाही क्षेत्र की देखभाल में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार सेवतरी चौकी पर तैनात एक उपनिरीक्षक, दो हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबल को पुलिस अधीक्षक डा कौस्तूभ ने बीते 8 अक्टूबर को पुलिस लाइंस भेज दिया था। तभी से चौकी पर किसी को इंचार्ज की जिम्मेदारी नही दी गई हैं। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष परसामलिक सुधाकर प्रसाद ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टि से थाने के चार पुलिसकर्मियों को सेवतरी चौकी पर लगाया गया है ।

दुर्गा पूजा पंडालों में डीएम एसपी ने देखी व्यवस्थाएं

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। सोमवार को दशहरा पर विधि व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने एवं शांतिपूर्ण रूप से दुर्गा पूजा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीएम पवन अग्रवाल एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने एसडीएम प्रमोद कुमार व कोतवाल अनुज कुमार सिंह के साथ नगर में भ्रमण कर विभिन्न पंडालों का निरीक्षण किया।

- समिति के लोगों को दिए निर्देश
- लोगों से त्यौहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील

उन्होंने पूजा समिति के लोगों से शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील की।जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिसअधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल द्वारा बांसी नगर का भ्रमण कर दुर्गापूजा के पाण्डालों तथा प्रतिमा विसर्जन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में सभी पूजा पण्डालों में सुरक्षा व मानकों का पालन कराने, यातायात प्रबन्ध व सफाई व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम, प्रभारी निरीक्षक को त्यौहार के दौरान क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अराजकतत्वों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन दुर्गापूजा, दशहर त्यौहारों को शान्ति व सद्भाव के वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। जिलाधिकारी द्वारा आगाह किया गया है कि किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी द्वारा ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

डीएम व एसपी ने निरीक्षण के दौरान नगर वासियों से नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा त्यौहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भाईचारे की भावना के साथ एक दूसरे के साथ मिलजुलकर मनाने की अपील भी किया। उन्होंने दुर्गा पूजा आयोजन समित के अध्यक्ष व सदस्यों को आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए व मानक के अनुरूप दिए गये दिशा-निर्देशों के अनुसार पाण्डाल की सुरक्षा व्यवस्था व पर्याप्त मात्रा में बालू, पानी आदि रखने के लिए सचेत किया । साथ ही लोगों को प्रतिमा विसर्जन के दौरान मालवाहक वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा न करने हेतु जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि माल वाहक वाहनों यथा ट्रैक्टर ट्राली, डाला, डम्फर इत्यादि पर यात्रा करना खतरनाक है, किसी भी दशा में ट्रैक्टर ट्राली, डाला, डम्फर इत्यादि पर आवागमन न करें, यातायात नियमों का पालन करें। पैदल गश्त के दौरान भारी संख्या मे पुलिस के जवान व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गायत्री शक्तिपीठ पर हवन पूजन, भंडारा आज

बस्ती। गायत्री शक्तिपीठ बस्ती के वरिष्ठ परिव्राजक/ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया की गायत्री शक्तिपीठ के सिद्ध पीठ यज्ञ शाला में नवरात्रि की सामूहिक पूर्णाहुति के कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की भांति पंच कुंडी यज्ञशाला में लगभग दो हजार भाइयों बहनों ने हवन पूजन किया। नवरात्रि का पर्व आत्म परिष्कार का पर्व है, हम अपने आंतरिक एवं वाह्य दोष दुर्गुणों को छोड़ने तथा सद्गुणों को विकसित करने के लिए दुर्गा शक्ति की आराधना करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार समस्त देव शक्तियों की समुच्य शक्ति का प्रतीक दुर्गा का अवतरण है जिन्होंने महिषासुर राक्षस का वध किया जो आंतरिक एवं वाह्य असंयम का प्रतीक है। संस्थापक ट्रस्टी रामचंद्र शुक्ल मुख्य यजमान द्वारा पूजन अर्चन,कन्या पूजन आदि संपन्न किये गए। सामूहिक यज्ञायोजन में शक्तिपीठ के सभी भाइयों बहनों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक श्रम सहयोग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगर्दबिका पांडे,सर्वेश श्रीवास्तव, के के पांडे, कपिल देव, श्याम पांडे, हरिशंकर, विशाल, रेखा चौधरी, स्मृति सिंह, पल्लवी गुप्ता, प्रभाकर, संतोष, राजकुमार, महेश्वरानंद, दिनेश, शिवम, मोनू, राजकुमार आदि ने सहयोग किया।

सामूहिक फलाहार का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। रविवार को शारदीय नवरात्रि के अष्टमी के अवसर पर नगर पंचायत भारतभारी चौराहे पर सामूहिक फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं एक साथ बैठकर फलाहार किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन से जहां एक तरफ हमें आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है वहीं सामाजिक समरसता भी बढ़ती है।

उन्होंने फलाहार कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से कटुता दूर होती है और सामाजिक सदभाव बढ़ता है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म की श्रेष्ठता, निरंतरता एवं एकात्मकता को अक्षुण्य रखने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सक्षम है। सनातन विरोधियों का मनसूबा धरा का धरा रह जाएगा। सनातन धर्म और सनातन के संतानों को अपमानित करना, हतोत्साहित करना और इनके प्रति भ्रामक वातावरण बनाना सनातन विरोधियों की आदत बन गई है। अपनी घृणित मानसिकता, तुष्टिकरण, विभाजनकारी नीतियों और उन्माद के द्वारा ये समाज में अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। फलाहार का आयोजन इन अराजक तत्वों को सकारात्मक संदेश देने के लिए किया गया। सनातन के संतानों को अपनी शक्ति और संस्कार से मजबूत राष्ट्र बनाने का संकल्प दृढ़ करना है। जब जब सनातन मजबूत हुआ है तब-तब राष्ट्र मजबूत हुआ है।

राष्ट्र को कमजोर बनाने के लिए समाज को विभाजित कर सत्ता प्राप्त करने का जो षड़यंत्र किया जा रहा है, उनका प्रयास विफल होगा। शक्ति की भक्ति से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी ने बताया कि समाज और राष्ट्र की मजबूती के लिए आपसी सौहार्द जरूरी है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता परिलक्षित होती है। इस दौरान पूर्व विधायक ने सभी को अपने हाथों फलाहार प्रसाद वितरित कर समाज में सौहार्द बनाए रखने का आवाहन किया। इस दौरान मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप पाण्डेय, उदयशंकर श्रीवास्तव, रवींद्र शर्मा, कमलेन्द्र त्रिपाठी, राजन सिंह, प्रेम पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय, आकाश पाण्डेय, सूरज पाण्डेय, पवन गिरि, विशाल जायसवाल, राजेश श्रीवास्तव, बालकेश सोनी आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सांम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है फलाहार कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। नगर पालिका चेयरमैन चमन आरा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नगर के चंगेरा पैलेस मैदान में फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा. चंद्रशेखर त्रिपाठी द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा का पूजन व आरती किया गया। इसके बाद फलाहार का कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें भारी संख्या में नगर निवासियों ने हिस्सा लिया।

पूर्व सांसद ने कहा कि हिदू मुस्लिम भाईचारा का प्रतीक फलाहार का आयोजन पिछले कई वर्षों से नगर पालिका पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी की तरफ से किया जा रहा है, जो निश्चित ही सांप्रदायिक सौहार्द की एक मिसाल है। पूर्व सांसद डॉ चंद्रशेखर त्रिपाठी ने कहा कि बांसी नगर हमेशा से ही गंगा जमुनी तहजीब का परिचायक रहा है, यहां सभी धर्म के लोग सभी पर्व और त्योहारों को मिल जुलकर मनाते हैं।

नपाध्यक्ष चमन आरा ने कहा कि प्रतिवर्ष इस तरह का फलाहार का आयोजन करके उन्हें आत्मिक संतोष प्राप्त होता है, और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। फलाहार कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की चेयरमैन चमनआरा राइनी ने प्रसाद वितरण में पूरा सहयोग किया और लोगों को अपने हाथों से प्रसाद प्रदान किया।

इस दौरान डॉ ज्ञानंद द्विवेदी, अवधेश गुप्ता बरकत अली, धनंजय मिश्रा, डॉक्टर बीएन त्रिपाठी, अरुण कुमार गुप्ता, राशिद खान आदि मौजूद रहे।

वीर शिरोमणि रूपन की मनायी गयी जयन्ती

जलालपुर अंबेडकरनगर। भारतीय बारी समाज जिला महामंत्री हरि नारायण बारी के धमरूआ आवास पर सोमवार को वीर शिरोमणि रूपन बारी की जयंती हर्षोल्लास के साथ जयंती गई।इस मौके पर राम किशोर बारी,जय मंगल,विजय बारी,मधु सूदन,रेखा बारी,बिंदु बारी,आशा बारी,विशाल बारी,रवि बारी,सिद्धांत बारी, शशि प्रकाश,राजन बारी,आदर्श बारी,शिमांत,आदित्य बारी,आकाश बारी, राधे शयाम बारी,ऋतिक बारी समेत अन्य मौजूद रहे।प्रदेश अध्यक्ष अनूप बारी ने कहा कि बारी समाज के युवा रूपन बारी के बताए मार्ग पर चलने की सीख दी।कहा कि बगैर शिक्षा के समाज का समुचित विकास नही हो सकता।इसी कड़ी में जलालपुर तहसील के अशरफपुर में युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष यस कुमार के अगुआई में जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। नवरात्रि व दशहरा त्योहार को लेकर पुलिस सतर्क दिखाई दे रही है की कही कोई व्यक्ति द्वारा कोई बवाल न किया जा सके। पैदल गस्त कर लोगों से कहा की पुलिस सर्तक है कही किसी व्यक्ति द्वारा किसी गांव व कस्बा मे बवाल न हो सही तरीके से त्योहार सम्पन्न हो सके इसी को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व थानाध्यक्ष यशवन्त सिंह ने रविवार को पुरे कस्बे में पैदल गस्त कर लोटन कस्बा वासियों को भ्रमण कर भरोसा दिलाया की पुलिस आपके साथ है।

नवरात्रि का समय चल रहा है व दशहरा त्योहार भी आने वाला है जो भी व्यक्ति त्यौहार में खलल डालने का प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी ।पैदल गस्त के दौरान रोड पर खड़े चार पहिया वाहन स्वामी को भी हिदायत दी गई और कहा गया की रोड पर गाड़ी न खडा करे आने जाने वाले वालों को दिक्कत होती है डीजीटल नम्बर प्लेट गाडी पर जरूर लगाये।और संदेश दिया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना फोरन पुलिस को दे। नेपाल सीमा करीब होने के कारण अपराधियों के आने की संभावना बनी रहती है। गस्त के दौरान थानाध्यक्ष यशवन्त सिंह, उप निरीक्षक ओमप्रकाश, उप निरीक्षक रामप्रसाद यादव, उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अविनाश चन्द, उप निरीक्षक श्याम कन्हैया दुबे, उप निरीक्षक रामगती, हेड कांस्टेबल फूलदेव यादव, सत्येन्द्र कुमार, मनोज विश्वकर्मा संजय गौतम, अभिषेक दुबे आदि मौजूद रहे।

रामवनगवन व राम केवट संवाद के हृदय मार्मिक मंचन से भोर विभोर हुए लोग

जलालपुर, अंबेडकरनगर। तहसील क्षेत्र के जलालपुर नगर के रामलीला मैदान में श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित चल रही रामलीला मंचन के छठवें दिन कलाकारों ने रामवनगमन व राम केवट संवाद के हृदय मार्मिक मंचन देखा दर्शक देर रात्रि डटे रहे। प्रभु राम, माता जानकी व लक्ष्मण के साथ गंगा तट पर पहुचे जहाँ उन्होंने गंगा पार करने के लिए केवट को बुलाया तो केवट ने भगवान राम को पहिचान लिया। केवट यह कहते हुए मना कर देते हैं कि कहीं आपके चरणरज का स्पर्श पाकर नाव नारी न बन जाए। केवट राम से चरण धोकर नाव में बैठाने की शर्त रखते है। केवट प्रभु राम के चरणरज को धोकर पीते हैं। राम लक्ष्मण सीता को गंगा पार कर दिया। गंगा पार होते ही भगवान राम ने गंगा पार उतर आई के रूप में मुद्रिका केवट को प्रदान कर दी। लेकिन केवट ने लेने से मुद्रिका इनकार कर दिया और बोला मल्लाह कभी मल्लाहो मल्लाहो से मल्लाही लेते हैं भैया, हमने तुमको इस पार किया तुम भवसागर पार करा देना, प्रसंग सुनकर श्रोता गण भाव विभोर हो गए।

विधायक ने डीएम को विद्युत बकायेदारों को दीपावली तक कनेक्शन विच्छेद न किए जाने के लिए लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने डीएम को पत्र लिखकर विजयादशमी व दीपावली त्यौहार को देखते हुए बकाया बिजली उपभोक्ताओं की बिजली न काटने की बात कही है इसके अलावा उन्होंने डीएम को भेजे दूसरे पत्र में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया है।

शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने डीएम को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रान्तीय खंड व निर्माण खंड एक के द्वारा जिन सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है,उसकी गुणवत्ता व समयबद्धता की जानकारी हमें नहीं दी जा रही है। जबकि क्षेत्रीय लोगों से इसे लेकर शिकायतें आ रही हैं। इसके अलावा कभी भी सड़कों का भूमि पूजन, शिलान्यास व लोकार्पण भी नहीं करवाया जाता। डीएम को भेजे पत्र में उन्होंने कहा कि वह अपने स्तर से एक टीम गठित करें और उस टीम में जांच के दौरान उन्हें भी शामिल करें। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा सांठ-गांठ कर ठेकेदारों का भुगतान कर दिया जाता है और बाद में प्रोन्नति या ट्रांसफर करवाकर अपने को दूर कर लेते हैं और जांच चलती रहती है। उन्होंने अपील किया कि जब तक उक्त सड़कों का स्थलीय निरीक्षण न हो जाय तब तक भुगतान न किया जाए। जांच के पश्चात सही काम पाए जाने के बाद सभी ठेकेदारों का भुगतान वरीयता के अनुसार किया जाए। इसके अलावा उन्होंने डीएम से कहा कि वह अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करें कि फिलहाल अग्रिम आदेश तक कोई भी भुगतान किसी भी खंड द्वारा न किया जाए।अगर कोई भुगतान किया जाता है तो विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।

बृहस्पति कुमार को मिला लाडली मीडिया रीजनल अवॉर्ड

अवधनामा संवाददाता

- लैंगिक संवेदनशीलता के क्षेत्र में दिया जाने वाला मीडिया पुरस्कारों का महाकुंभ

बस्ती। लैंगिक संवेदनशीलता के लिए दिए जाने वाले देश के प्रतिष्ठित पुरस्कार लाडली मीडिया एंड एडवरटाइजिंग अवॉर्ड्स-2023 का शनिवार को झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भव्य आयोजन हुआ। जिसमें बस्ती जनपद के बृहस्पति पाण्डेय को नार्थ रीजन से हिंदी भाषा में दिल्ली प्रेस की पत्रिका फार्म एन फूड में लिखे लैंगिक संवेदनशीलता पर आधारित लेख के लिए मुख्य अतिथि बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. देव स्वरूप के हाथों लाडली मीडिया रीजनल अवॉर्ड प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार बिहार के समस्तीपुर के कैजिया गांव की महिलाओं की अद्भुत यात्रा और स्थानीय पशुपालकों पर किए गए परिवर्तनकारी प्रभाव पर लिखी गई स्टोरी पशु आहार बनाने में गाँव की महिलाएं कर रहीं है तरक्की के लिए प्रदान किया। उनके इस लेख में स्वयंसहायता समूह, वित्तीय अनुशासन, समुदाय संचालित विकास और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। गौरतलब है की बृहस्पति पाण्डेय पिछले एक दशक से दिल्ली प्रेस के फार्म एन फूड पत्रिका के लिए लिखते रहें हैं जिसमें उनके कृषि, बागवानी, सहित जेंडर समानता और सफलता की सैकड़ों स्टोरी और फीचर प्रकाशित हो चुके हैं। बृहस्पति कुमार पाण्डेय का जूरी द्वारा लाडली मीडिया अवार्ड के लिए चयन किया गया था, जिन्हें भव्य और गरिमामय समारोह में पुरस्कार प्रदान किए गए। गौरतलब है कि लाडली मीडिया अवॉर्ड लैंगिक संवेदनशीलता के लिए दिया जाने वाला दुनिया में अपनी तरह का अनूठा पुरस्कार है। इसे मीडिया पुरस्कारों का महाकुंभ भी कहा जाता है।

यह लैंगिक रूप से न्यायसंगत समाज के निर्माण के लिए मीडिया और संचार के क्षेत्र में भेदभाव को मिटाने के लिए ध्यान केंद्रित करता है। जयपुर के लोक संवाद संस्थान और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के सहयोग से पॉपुलेशन फर्स्ट की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. देव स्वरूप थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना मीडियाकर्मियों और पत्रकारों की जिम्मेदारी है कि मीडिया में लैंगिक भेदभाव और रूढ़िवादी प्रतिनिधित्व को प्रोत्साहित न किया जाए। इसके स्थान पर मीडिया को महिलाओं और समाज के हाशिये पर रहने वाले वर्गों के सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया के व्यावसायीकरण के दौर में अक्सर यह देखा गया है कि लैंगिक भेदभाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों के लिए मीडिया का स्थान लगातार सिकुड़ रहा है। उन्होंने आग्रह किया कि ऐसे मुद्दों के लिए समर्पित मीडिया क्षेत्र का विस्तार करने की बहुत गुंजाइश है।

सामूहिक आयोजन में व्रतियों ने किया फलाहार

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। स्थानीय नगर स्थित कोतवाली

तिराहा पर परम्परा अनुरुप शनिवार कि सायं श्री श्री मां वैष्णो सेवा समिति ने सामूहिक फलाहार कार्यक्रम का अयोजन किया। समिति द्वारा शारदीय नवरात्र में किया जाने वाला यह तेरहवां आयोजन था। फलाहार में सम्मिलित होने वाले व्रत धारियों में विधायक जय प्रताप सिंह, भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष व अजय कुमार श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि योगेन्द्र मिश्र, पूर्व प्राचार्य प्रो के पी त्रिपाठी, ई अशोक त्रिपाठी, अनुपमा सिंह दूबे सहित बड़ी दादात में महिला, पुरुष व्रत धारियों ने फलाहार ग्रहण किया। कार्यक्रम का आरम्भ विधायक श्री के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो देर रात तक चला। अयोजन में समिति के स्वयं सेवक मंगल चौरसिया, ऋषि श्रीवास्तव, जगदंबा मिश्रा अमित त्रिपाठी, मोनू सिंह, हरिश्चंद्र ओझा, सोनू जायसवाल, सनी जयसवाल, संजय रावत, सोनू चौधरी, अर्पित बधावा, प्रेम कुमार शुक्ला, मुन्ना सिंह, देवेश पाण्डेय, रामविलास मौर्य टिनकन सिंह, भोला सिंह, अमय पाण्डेय, ऋषि धर,जीतू जसवाल, ओपी अग्रहरी, ओमप्रकाश अग्रहरी, आकाश गुप्ता, विनय पांडे, पंकज श्रीवास्तव, सुजीत सिंह, गणेश वर्मा, सचिन पटवा, राजेश सोनी, जितेंद्र सिंह आदि का योगदान उल्लेखनीय रहा।

धान खरीद में किया जाता है खेल

अवधनामा संवाददाता

- जिलाधिकारी को भी किया जाता है गुमराह

अंबेडकरनगर। किसानो को उचित मूल्य मिले इसलिए शासन द्वारा सरकारी क्रय केंद्र खोले जाते हैं और उसे पर निर्धारित मूल्य से खरीदारी की जाती है, अब यहीं से शुरू होता है विभाग का खेल आढ़तियों और साहूकारों से आठ सौ से नौ सौ रुपए प्रति कुंतल प्राप्त कर केंद्रो पर खरीदारी न करवा कर बल्कि सीधे मिलरों को दे दी जाती है जिसमें 10त्न केंद्र प्रभारी का हिस्सा होता है और उसके ऊपर के पैनल की हिस्सेदारी होती है।

यह पैसा एडवांस जिम्मेदारों की जेब में जमा हो जाता है उसके बाद उनको सरकारी बोरियां मुहैया करवा दी जाती है और फिर केंटो पर किसानों की बिक्री दिखाकर उनका फिंगर लगवा कर उसका भुगतान भी अति शीघ्र कर दिया जाता है इस प्रकार चलता है खेल। जबकि हमेशा किसानो को अपना धान बेचने के लिए तमाम पापड़ बेलने पड़ते हैं। इसके बाद भी धान बिकने की कोई गारंटी नहीं होती। अंत में मजबूरन किसान को इस चक्रव्यूह में फंसने को मजबूर हो कर अपने उपज को बेच देता है। अगर बिचौलिया सिस्टम खत्म हो जाए तो किसानों को उनके फ़सल की बाजार से ज्यादा कीमत दिलाने को लेकर यह एक महत्वकांक्षी योजना है. जिसके तहत, किसानों को 2183 रूपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है। सरकारी धान खरीदी केंद्रों में अवैध धान खपाने का काम शुरू हो जाता है। किसानों द्वारा पैदा की गई फसलों की खरीददारी को लेकर सुर्खियों में रहने वाली साधन सहकारी समितियां/ कोऑपरेटिव विभाग हमेशा सुर्खियों में रहा है।ज्यादा कृषको उनकी उपज को गेंहू और धान खरीद को लेकर भले ही सरकार तमाम प्रकार के प्रतिबंध लगाने की डींग हांक रही हो किंतु सरकार के अनेको आदेश निर्देशों को पलीता लगाने में विभाग के उच्च अधिकारी व सचिव/ केंद्र प्रभारी ठेंगा दिखाते नजर आते हैं। और क्रय केदो पर खरीदारी पूरी कर देते हैं, अगर शासन द्वारा उच्च स्तरीय जांच टीम द्वारा पिछले रिकॉर्ड की जांच करवाई जाए तो यह पता चल जाएगा की कितने किसानों से धान की खरीद की गई है या अढतीयों से खरीदी गई।किंतु भ्रष्टाचार के चलते जिलाधिकारी को गुमराह कर शासन का आदेश भी बौना नजर आता है जिस कारण किसानों के लिए चिंता का सबब बन जाता है। हमेशा चाहे वह धान केंद्र रहा हो या गेहूं क्रय केंद्र किसानों को अपनी फसल का लागत मूल्य जो शासन की तरफ से नियत है उसके लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है और हमेशा यही आखरी में किसानों के जुबान से सुनाई कहता हुआ मिलता है कि क्रय केंद्र का चक्कर लगाते लगाते थक हार कर साहूकार को बेच दिया धान खरीद में जिम्मेदार भी मानो ऐसे देखते हैं जैसे बराबर की हिस्सेदारी हो। जनपद अम्बेडकरनगर में कुल 75 क्रय केंद्र बनाए गए हैं क्रय नीति को ताख पर कर क्रय एजेंसियों को दरकिनार करते हुए एक ही चारदीवारी के अन्दर एक ही कर्मचारी को दो से तीन केंद्र का प्रभार दे दिया गया है जबकि यह क्रय नीति का यह स्पस्ट उलघ्न है। शहजादपुर से सुल्तानपुर मार्ग पर एक भी क्रय केंद्र नहीं खोले गए आखिर क्यों किसान अपने नियत स्थान से कितनी दूरी पर जाकर मेहनत से पैदा की गई फसल का उचित मूल्य ले पाएगा यह भविष्य के गर्भ में है या बिचौलियों, साहूकारो तथा व्यापारियों को बेचने की झंझट से कम दाम पर ही बेचकर इति श्री ले लेगा। विभागीय सूत्रों द्वारा नाम न छापने की शर्त पता चला कि खाद्य विभाग के 29 क्रय केंद्र बने है और डिप्टी आर.एम. ओ. (मैडम) की कृपा से हर केंद्र प्रभारी को दो से तीन सेन्टर दिये गए हैं हर सेंटर पर दो दो कांटे मौजूद है और एक कांटे से प्रति दिन की खरीद छमता तीन सौ कुन्तल धान की होती है इस प्रकार इनके हर केंद्र पर एक दिन की खरीदारी(यदि दो केंद्र भी है तो)1200 सौ कुन्तल धान की होनी चाहिये जब कि केंद्र पर किसानों से 100 कुन्तलन धान की भी खरीद नही की जाती है।

मीडिया की पड़ताल में यह भी पता चला कि जिले के एक मिलर को कुछ दिन पहले करोड़ों के चावल के गमन में पूरा परिवार जेल जा चुका है जिसका मामला अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है परन्तु वह आज अपने रसूख व मोटी रकम बल पर मिल व मिल स्वामी का नाम बदल कर मिल चला रहा है जो कई बार समाचार पत्रों के सुर्खियों में रहा है जिसकी शिकायत मुख्य सचिव से ले कर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री तक कि गयी है बहुत जल्द होगें खुलासे।

रामलीला मंचन के आठवें दिन कलाकारों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का जादू

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अंबेडकरनगर। श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही रामलीला के 8 वें दिन रविवार को हनुमान परिचय, सुग्रीव मित्रता, बाली वध के प्रसंग का मंचन हुआ। भगवान श्रीराम बने शिव मोहन, लक्ष्मण जी बने रणधीर, माता शबरी बने कलाकारो ने शबरी राम संवाद का भव्य मंचन किया, जिसे देखकर दर्शकों का रोमांच सातवें आसमान पर पहुंच गया।

बाली वध के उपरांत सुग्रीव का राजतिलक, सीता की खोज के लिए अंगद, नील ,जामवंत और हनुमान जी को दक्षिण दिशा में भेजे जाने के दौरान अभिनय प्रवणता को देखने के लिए दर्शक अपने स्थान पर जमे रहे।इससे पहले कलाकारों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी का समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र संग चंद्रिका प्रसाद, अमित त्रिपाठी, सत्यम ओझा, बेचन पांडेय, गुड्डन मिश्र, विकास निषाद, दिलीप यादव, रोशन सोनकर ने स्वागत किया। भगवान श्री राम जी के आदर्शों पर चलने की डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने लोगों से अपील की. भगवान राम के आदर्शो को अपने जीवन में अवश्य धारण करें। भगवान राम के सच्चाई के साथ रहने और पीड़ितों के दुख हरने वाले गुण आज सभी अपनाएं, तो संसार की अधिकांश समस्याएं अपने आप खत्म हो जाएंगी इस अवसर पर राधेश्याम शुक्ल, अरुण मिश्र, सुरेश गुप्त, आशाराम मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, आशीष सोनी, विक्की गौतम समेत आदि मौजूद रहे। दर्शकों की भारी भीड़ के बीच जब स्थानीय कलाकार अनूप गुप्ता ने देश भक्ति गाने पर भव्य झांकी का प्रदर्शन किया तो दर्शक ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया।

संसद में सवाल बिका हुआ

जब सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष थे, तब 11 सांसद आरोपित हुए थे कि वे नकद कबूल कर संसद में सवाल पूछते थे। प्रथमद्रष्ट्या सांसद भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए, नतीजतन स्पीकर ने उनकी सांसदी खारिज कर दी थी। उनमें भाजपा के सांसद भी थे। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। इस मामले पर संसद के भीतर और बाहर खूब हंगामा मचा था। दरअसल वह एक मीडिया ऑपरेशन था, जिसमें छिपे कैमरे से वह भ्रष्टाचार रिकॉर्ड किया गया था। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा, लेकिन उसने स्पीकर के संवैधानिक अधिकार और निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाएं स्वीकार नहीं कीं और सांसदी बहाल नहीं हो सकी। उन सांसदों में से शायद ही कोई सांसद नया चुनाव जीत कर लोकसभा में वापसी कर पाया था! स्पीकर का वह निर्णय एक उदाहरण बन गया। ऐसा ही मामला एक बार फिर स्पीकर ओम बिरला तक पहुंचा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के गंभीर आरोप हैं कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा सदन में अडाणी समूह पर प्रायोजित सवाल पूछती रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और संसद की संवेदनशीलता को दांव पर रखने वाला तथ्य यह है कि सांसद के तौर पर महुआ की ई-मेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल दुबई में बैठे उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी करते रहे हैं। वह ही अडाणी समूह पर सवाल बनाते रहे हैं और लोकसभा को महुआ के नाम से भेजते रहे हैं।

यह गोपनीयता और संसदीय सुरक्षा का घोर उल्लंघन है, लिहाजा अपराध भी है। अब लोकसभा की आचरण समिति इन आरोपों की जांच कर रही है। सांसद निशिकांत दुबे और महुआ दोनों से ही सवाल-जवाब किए जाएंगे। इस सांठगांठ का महत्त्वपूर्ण आयाम यह है कि उद्योगपति हीरानंदानी ने सांसद महुआ को 2 करोड़ रुपए नकद भी दिए। उनकी घरेलू और विदेश यात्राओं के खर्च उठाए। सांसद के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास की मरम्मत और उसका नवीकरण भी कराया। सरकारी आवासों में ऐसा काम सरकारी एजेंसियां ही करती रही हैं। फिर सांसद ने उद्योगपति से पैसा क्यों लगवाया? हीरानंदानी ने महुआ को बेशकीमती तोहफे भी दिए। संभव है कि दोनों औद्योगिक घरानों में व्यापार की प्रतिद्वंद्विता हो, लिहाजा सांसद के जरिए अडाणी समूह को बेनकाब किया जा रहा हो! उद्योगपति ने यह भी खुलासा किया है कि सांसद महुआ बेहद महत्त्वाकांक्षी हैं। उन्होंने अडाणी समूह को निशाना बनाया, लेकिन वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि दागदार करना चाहती थीं। अडाणी से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज सांसद ने विपक्ष के अन्य नेताओं से भी साझा किए थे, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ एक संगठित अभियान चलाया जा सके। हालांकि पार्टी प्रमुख एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इतना 'अडाणी-विरोध' के पक्ष में नहीं रही हैं, लिहाजा कई बार सांसद को डांट भी चुकी हैं। अब भी इस रहस्योद्घाटन पर ममता बनर्जी बिल्कुल खामोश हैं और विपक्ष का भी कोई महत्त्वपूर्ण बयान सामने नहीं आया है। तेज-तर्रार भाजपा सांसद ने यह शिकायत लोकपाल में भी दर्ज करा दी है।

लोकसभा सचिवालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अपनी प्राथमिक जांच कर ली होगी कि आरोपित सांसद का 'लॉग इन' कहां से किया गया? वह देश के भीतर या विदेश में किस शहर, किस स्थान से इस्तेमाल किया गया? संचार की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इनका आसानी से खुलासा कर सकती है। हम तृणमूल कांग्रेस की सांसद पर चस्पां किए गए आरोपों और उद्योगपति के साथ उनकी सांठगांठ, भ्रष्ट मिलीभगत की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन मामला संसद से जुड़ा है। वह सार्वजनिक होकर आचरण समिति तक पहुंच गया है। देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक साजिश का भी मामला है और संसदीय गोपनीयता भंग करने का कथित अपराध सामने आया है, लिहाजा हम विश्लेषण कर रहे हैं। आरोपित सांसद ने सभी सांसदों के 'लॉग इन' की जांच कराने की मांग भी की है। यह कुतर्क के अलावा कुछ भी नहीं है। हमें आचरण समिति के निर्णय की प्रतीक्षा करनी होगी।

इंडिया गठबंधन में दिखने लगी दरार

श्रेय शुक्ला

लोकसभा चुनावों में वैसे तो अभी कई महीनों का वक्त है। लेकिन अभी से इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। मध्य प्रदेश में विधानसभा सीटों के बंटवारे को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताजा बयान से इस बात पर सुगबुगाहट तेज हो गई है। कांग्रेस जहां सपा को मध्य प्रदेश में उसकी जमीन याद दिला रही है, वहीं सपा कांग्रेस को उसके यूपी के आंकड़े बता रही है।

अखिलेश यादव ने तल्ख तेवर दिखाते हुए कहा है कि अगर अभी प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं रखना है तो भविष्य में भी प्रदेश स्तर पर नहीं होगा। अखिलेश का कहना है कि यह कांग्रेस को बताना होगा कि इंडिया गठबंधन देश स्तर पर होगा या नहीं। इस बीच उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने भी कह दिया कि उनकी पार्टी किसी के भरोसे नहीं है। कांग्रेस यूपी की सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पर सीटों का दबाव बनाकर अखिलेश यादव लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी की स्थिति को मजबूत रखना चाहते हैं। जब कांग्रेस मध्य प्रदेश में सपा को 9 सीटें नहीं दे रही है तो इसको आधार बनाकर सपा भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मनमुताबिक सीटें देने से मना कर सकती है। अगर ऐसा हुआ तो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की राह उत्तर प्रदेश में आसान नहीं रहने वाली है।

दरअसल, समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश में 9 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इनमें से पांच सीटों पर कांग्रेस पहले ही अपने प्रत्याशी खड़ा कर चुकी है। अब समाजवादी पार्टी के इस कदम से कांग्रेस नेताओं में नाराजगी है। यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने तो खुलकर कहा है कि ऐसा करने से पहले सपा को ये देखना चाहिए कि मध्य प्रदेश या दूसरे राज्यों में उनका कितना जनाधार है। पिछले चुनावों में एमपी में सपा को सिर्फ एक सीट मिली थी। इस मुद्दे पर सपा को बड़ा दिल दिखाने की जरूरत है।

अजय राय के इस बयान के बाद ही अखिलेश यादव ने नाराजगी जाहिर की। कानपुर के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पहले ही अपने लिए संभावित सीटों की सूची कांग्रेस का आलाकमान को दी थी, जिसे कांग्रेस की तरफ से तवज्जो नहीं दी गई। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि यह कांग्रेस को बताना होगा कि इंडिया गठबंधन भारत के स्तर पर होगा या नहीं। अगर देश के स्तर पर है तो देश के स्तर पर है। अगर प्रदेश स्तर पर नहीं है तो भविष्य में भी प्रदेश स्तर पर नहीं होगा यह कांग्रेस को बताना होगा।

सूत्रों के अनुसार दोनों दलों में करीब रात के एक बजे तक बात चली सीट शेयरिंग को लेकर, लेकिन बात नहीं बनी तो नहीं बनी। अब देखना दिलचस्प होगा कि राजनीतिक घटनाक्रम किस ओर करवट लेता है। क्योंकि एक प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर ऐसे मतभेद सामने आ रहे हैं तो भविष्य में लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की तस्वीर क्या होगा ये भी समय ही बताएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

दशहरे का एक सांस्कृतिक पहलू भी है। भारत कृषि प्रधान देश है और जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति को अपने घर लाता है तो इससे उसके उल्लास और उमंग का कोई ठिकाना नहीं रहता। इस खुशी के अवसर को वह भगवान की कृपा मानता है और उसे प्रकट करने के लिए वह उसका पूजन करता है। समस्त भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी से मनाया जाता है।

विजयादशमी शक्ति और विजय का उत्सव

हर्षवर्धन पाण्डे

भारत की पावन भूमि त्योहारों की पवित्र भूमि रही है जिनकी विशेष व्यापकता और विशेषता रही है। आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्र शुरू होते हैं जो नौ दिनों तक चलते हैं। शुक्लपक्ष की दशमी का बड़ा विशेष महत्व है। इस दिन दशहरा पूरे देश भर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। विजयादशमी के दिन श्रीराम, मां दुर्गा, श्री गणेश, विद्या की देवी सरस्वती और हनुमान जी की आराधना करके परिवार के मंगल की कामना की जाती है। दशहरा या विजयादशमी सर्वसिद्धिदायक तिथि मानी जाती है इसलिए इस दिन सभी शुभ कार्य फलकारी माने जाते हैं। विजयादशमी या शस्त्र पूजा हिंदुओं का एक प्रमुख त्यौहार है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने इसी दिन लंकेश रावण का वध किया था। इस पर्व को असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है इसलिए इस दशमी को विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। दशहरा पर्व वर्ष की तीन अत्यंत शुभ तिथियां में से एक है। अन्य दो हैं चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा और कार्तिक शुक्ल की प्रतिपदा। इस दिन का भारतीय सनातन संस्कृति में बड़ा महत्व है जब सभी लोग अपना नया कार्य प्रारंभ करते हैं और शस्त्र पूजा भी करते हैं। विजयादशमी के त्योहार मनाने के पीछे एक दूसरी भी पौराणिक मान्यता प्रचलित है। महिषासुर नाम के एक दैत्य ने सभी देवताओं को पराजित करते हुए उनके राजपाठ छीन लिए थे। महिषासुर को मिले वरदान और पराक्रम के काण उसके सामने कोई भी देवता टिक नहीं पा रहा था। तब महिषासुर के संहार के लिए ब्रह्मा, विष्णु और भोलेनाथ ने अपनी शक्ति से देवी दुर्गा का सृजन किया। मां दुर्गा और महिषासुर दैत्य के बीच लगातार 9 दिनों तक युद्ध हुआ और युद्ध के 10वें दिन मां दुर्गा ने असुर महिषासुर का वध करके उसकी पूरी सेना को परास्त किया था। इस कारण से शारदीय नवरात्रि के समापन के अगले दिन दशहरा का पर्व मनाया जाता है और पांडालों में स्थापित देवी दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।

प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर अपनी विजय यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। इस दिन को उत्साव का रूप दिया गया है जब पूरे देश में विशेष आकर्षण देखा जा सकता है। जगह-जगह मेले लगते हैं और रामलीलाओं का आयोजन होता है। दशहरे के अवसर पर रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया भी जाता है। दशहरा अथवा विजयदशमी भगवान रघुनाथ जी की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में दोनों ही रूपों में यह शक्ति पूजा की उपासना का पर्व है और शस्त्र पूजन की तिथि है जो एक तरह से हर्ष, उल्लास और विजय का पर्व है। भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक और शक्ति की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव पर्व के रूप में रखा गया है। दशहरा का पर्व 10 प्रकार के पापों काम. क्रोध, लोभ , मोह ,मद , मत्सर, अहंकार , हिंसा और चोरी के परित्याग की सदप्रेरणा प्रदान करता है।

दशहरे का एक सांस्कृतिक पहलू भी है। भारत कृषि प्रधान देश है और जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति को अपने घर लाता है तो इससे उसके उल्लास और उमंग का कोई ठिकाना नहीं रहता। इस खुशी के अवसर को वह भगवान की कृपा मानता है और उसे प्रकट करने के लिए वह उसका पूजन करता है। समस्त भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी से मनाया जाता है। सायं काल के समय पर सभी ग्रामीण जन सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित होकर गांव की सीमा पार कर शमी वृक्ष के पत्ते के रूप में स्वर्ण मानकर उसे अपने ग्राम में वापस आते हैं और फिर उस पत्ते का परस्पर आदान-प्रदान किया जाता है।

दशहरे के भारत के विभिन्न प्रदेशों में अलग-अलग रूप दिखाई देते हैं। दशहरा अथवा विजयदशमी राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा की पूजा के रूप में दोनों में यह शक्ति और विजय का उत्सव है। हिमाचल प्रदेश के कल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की भांति यहां पर 10 दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इसकी तैयारी आरंभ हो जाती हैं। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर कपड़ों से सुसज्जित होकर तुरही ,बिगुल , ढोल , नगाड़े , बांसुरी आदि जिसके पास जो भी वाद्य यंत्र होता है उसे लेकर अपने घरों से बाहर निकलते हैं। हिमाचल के पहाड़ी लोग इस मौके पर अपने कुलदेवता का धूमधाम से समरण कर जुलूस निकालकर उसकी आराधना करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत आकर्षक और सुंदर ढंग में सजाया जाता है और पालकी में बिठाया जाता है, साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस विशाल जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हुए लोगों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर के मुख्य मार्गों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और कल्लू नगर में देवता रघुनाथ जी की वंदना से दशहरे के उत्सव को शुरू करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा बड़ी निराली होती है।

पंजाब में दशहरा नवरात्रि की 9 दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। इस दौरान यहां आगुंतकों का स्वागत पारंपरिक मिठाई और उपहार से किया जाता है। यहां भी रावण दहन के अनेक आयोजन होते हैं और मैदान पर मेले भी लगते हैं। छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल बस्तर में भी दशहरे पर विशेष आकर्षण देखने को मिलता है। बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय न मानकर लोग इसे मां दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक उत्सव के रूप में मनाते हैं। दंतेश्वरी माता बस्तर अंचल के निवासियों की आराध्य देवी है जो दुर्गा का ही एक रूप है। ये आयोजन यहाँ पर पूरे 75 दिन चलता है। यहां दशहरा श्रावण मास की अमावस से आश्विन शुक्ल की त्रयोदशी तक चलता है। प्रथम दिन जिसे %काछिन गादि% कहते हैं, देवी से समारोह आरंभ करने की अनुमति ली जाती है। देवी एक कांटो की सेज पर विराजमान रहती है। यह कन्या एक अनुसूचित जाति की कन्या है जिससे बस्तर के राज परिवार के व्यक्ति अनुमति देते हैं। यह समारोह लगभग 15 वीं शताब्दी से शुरू हुआ था। इसके बाद जोगी -बिठाई होती है और इसके बाद भीतर रैनी विजयदशमी और बाहर रैनी रथ यात्रा और अंत में मुरिया दरबार लगता है। इसका समापन आश्विन शुक्ल त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है।

बंगाल, उड़ीसा और असम में यहां पर दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व बंगाल, उड़ीसा और असम के लोगों का सबसे प्रमुख त्यौहार है। पूरे बंगाल में सप्ताह भर से अधिक दिन तक इस पर आयोजन किये जाते हैं। उड़ीसा और असम में 4 दिन तक त्यौहार चलता है। यहां देवी को भव्य रूप में सुसज्जित पांडालों में विराजमान करते हैं। देश के नामी कलाकारों को दुर्गा की मूर्ति तैयार करने के लिए बुलाया जाता है। इसके साथ ही अन्य देवी, देवताओं की भी कई मूर्तियां भी बनाई जाती है।

रावण मरा नहीं, अभी जिंदा है...

भगवान राम भी अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने राजपाट छोड़ 14 साल वनवास में बिताए, लेकिन फिर भी एक श्रेष्ठ राजा कहलाते हैं, क्योंकि उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राज किया। आज भी बड़े-बुजुर्गों के बीच यदि संस्कृति और सदाचार की बात होती है तो भगवान राम का ही नाम लिया जाता है। भगवान राम के व्यक्तित्व में अनेक गुण समाए हुए हैं।

सतेन्द्र सिंह

दशहरा का पर्व काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी सरीखे दस पापों का परित्याग है। इस त्यौहार से किवदंती-दर-किवदंती शताब्दियों से जुड़ी हैं। एक मान्यता यह है, त्रेतायुग में भगवान श्री राम का लंकापति राक्षसेन्द्र रावण पर श्रीविजय की स्मृति का प्रतीक है। देवताओं और मनुष्यों पर चिरकाल से राक्षसों के अत्याचार रूपी बादलों को चीरकर आज के दिन ही सदाचार का सूर्य आलोकित हुआ था। इस स्वर्णिम दिन ही माता सीता को लंका की अशोक वाटिका से मुक्ति मिली थी। प्रभु श्रीराम के वियोग की ज्वालाओं में धधकते माता सीता के तन और मन को शीतलता की अनुभूति हुई। दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार, विजयदशमी के दिन दशहरा मनाने की कहानी मां दुर्गा से जुड़ी हुई है। कहा जाता है, दशमी के दिन मां दुर्गा ने चंडी रूप धारण कर महिषासुर नामक असुर का वध किया था। महिषासुर और उसकी राक्षसी सेना ने अत्याचारों से देवताओं का जीना मुहाल कर दिया था। मां दुर्गा ने लगातार नौ दिनों तक महिषासुर और उसकी फौज से जमकर युद्ध किया और अतंतः 10वें दिन मां दुर्गा ने महिसाषुर का वध कर दिया, इसीलिए अश्विन माह की शारदीय नवरात्र में 10 वें दिन दशहरा मनाने की परंपरा है।

अब हमारे सामने यक्ष प्रश्न यह है, क्या हम अपने मन के रावण को मार चुके हैं? हम कुछ ताजा उदाहरणों के जरिए इसे समझ सकते हैं। हमास और इस्राइल के बीच हो रहे हालिया युद्ध को ही लें तो इस भयावह वार में हजारों बेगुनाह लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। हजारों मानवों की जिंदगी भी तहस-नहस हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हमास के खतरनाक आतंकियों ने बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भी उन्होंने नहीं बख्शा है। ऐसे में मानवता से प्रेम करने वाले हर इंसान के दिमाग में सवाल-दर-सवाल कौंधते हैं। क्या हमास सरीखे दहशतगर्दों के पास दिल नहीं है? क्या वे सभी शस्त्रधारी भेडिए बन गए हैं? क्या वह रावण सरीखे हैं? हमारे जहन में मणिपुर की जातीय खूनी हिंसा का मंजर भी बार-बार उभर आता है। नफरत की आग का धुआं मणिपुर में अभी भी ख़बरों और तस्वीरों में देखा जा सकता है। कहने का अभिप्राय यह है, क्रोध, नफरत और गुस्से की तपिश पूरी तरह खामोश नहीं हुई है। छोटे लेकिन सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस सूबे के लोग क्रोध, नफरत और गुस्से को आखिर कब दफन करेंगे। उन्होंने अपने सपनों को जलते हुए देखा है। अपने को लुटते हुए देखा है। मणिपुर से लेकर फिलिस्तीन और इस्राइल वार के दीगर देश में अनगिनत मर्डर, रेप, लूट, अपहरण की घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर यही प्रतीत

होता है कि मनुष्य के अंदर का रावण अभी जिंदा है, मरा नहीं है।

गुणों और कर्मों से ही पहचान बनती है। भगवान राम भी अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने राजपाट छोड़ 14 साल वनवास में बिताए, लेकिन फिर भी एक श्रेष्ठ राजा कहलाते हैं, क्योंकि उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राज किया। आज भी बड़े-बुजुर्गों के बीच यदि संस्कृति और सदाचार की बात होती है तो भगवान राम का ही नाम लिया जाता है। भगवान राम के व्यक्तित्व में अनेक गुण समाए हुए हैं। श्रीराम के विशेष गुणों में एक है सहनशीलता और धैर्य। हमें भी अपनी मर्यादा का पालन करना करना चाहिए। आजकल धैर्य नदारद है। हर चीज शीघ्र-अतिशीघ्र पाने की चाह है। फिर चाहे वह धन हो या सफलता। भगवान राम ने स्वयं राजा होते हुए भी सुग्रीव, हनुमानजी, केवट, निषादराज, जाम्बवंत और विभीषण सभी को समय-समय पर नेतृत्व करने के अधिकार दिए। आपको और हमें भगवान राम की तरह एक आदर्श भाई की भूमिका निभाने की जरूरत है। भगवान राम के लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण के कारण ही उन्हें आदर्श भाई कहा जाता है। राम ने मित्रता का रिश्ता भी दिल से निभाया। केवट, सुग्रीव, निषादराज और विभीषण सभी उनके परम मित्र थे। मित्रता निभाने के लिए भगवान राम ने कई बार स्वयं भी संकट झेले। रामचंद्र जी का चरित्र धर्म, ज्ञान, नीति, शिक्षा, गुण, प्रभाव, तत्व और रहस्य से हैं। उनका व्यवहार देवता, ऋषि, मुनि, मनुष्य, पक्षी, पशु आदि सभी के साथ ही प्रशंसनीय, अलौकिक और अतुलनीय है। इनका कोई भी आचरण ऐसा नहीं है, जो कल्याणकारी न हो। उन्होंने साक्षात पूर्णब्रह्म परमात्मा होते हुए भी मित्रों के साथ मित्र जैसा, माता-पिता के साथ पुत्र जैसा, सीता जी के साथ पति जैसा, भाइयों के साथ भाई जैसा, सेवकों के साथ स्वामी जैसा, मुनि और ब्राह्मणों के साथ शिष्य जैसा, इसी प्रकार सबके साथ यथायोग्य त्यागयुक्त प्रेमपूर्ण व्यवहार किया है। अतः उनके प्रत्येक व्यवहार से हमें शिक्षा लेनी चाहिए। जहां कहीं भी ये सब गुण समाहित हो जाएं वहां 'रामराज्य' हो ही जाएगा।

रावण एक असामाजिक प्रवृत्ति है। अहंकार और अज्ञानता का प्रतीक है। यह एक राक्षसी विचारधारा है। अगर अहंकार, असामाजिकता और आतंक जैसी राक्षसी बुराइयों का पुतला जलाना ही दशहरा है तो क्यों नहीं पहले हम अपने अंदर इन प्रवृत्तियों को खत्म करें। असंख्य विकार, अकुंठित वासनाएं, राक्षसी स्वभाव सभी के अंदर गुठली मारे बैठा है, जिस पर ज़रा-सा दबाव पड़ते ही सबका असली चेहरा सामने आ जाता है। यह बड़ा ही खतरनाक है। यह हकीकत है, हम सबके अंदर भी किसी न किसी रूप में रावण जिंदा है। हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार रूपी विकारों को हराना होगा। अपने मन के रावण पर विजय पानी होगी। दशहरा हमें यह भी संदेश देता है कि अगर कोई गलत कार्य कर रहा है तो एक न एक दिन उसका विनाश निश्चित है। भले ही वह रावण जैसा महायोद्धा या मायावी ही क्यों न हो? त्रेतायुग का रावण तो भले ही मर गया, लेकिन दहेज, नशा, भ्रष्टाचार, यौन उत्पीड़न, बलात्कार, धार्मिक असंतोष, धन की लालसा और हत्या रूपी कलयुगी रावण आज भी समाज में जिंदा हैं। बेखौफ अपना तांडव मचा रहा है। अंत में कहना होगा, दशहरा प्रेरणा पर्व दुष्प्रवृत्ति से दूर रहने और सद्प्रवत्ति को अपनाने की प्रेरणा देता है। दुराचारी निशाचरों, पापियों या दुर्जनों की कोई जाति नहीं होती, न धर्मात्मा और सज्जनों की ही कोई जाति होती है। दोनों किसी भी धर्म, जाति, राष्ट्र में हो सकते हैं। व्यक्ति का कार्य और व्यवहार ही स्वयं उसे देवता, दानव और मानव में विभाजित कर देता है। अस्तु इस दशहरा हमें रावण के दुश्चरित्र से दूर रहकर श्रीराम के आदर्श और पवित्र आचरण से प्रेरणा लेनी चाहिए।

अंतरिक्ष की उड़ान-गगनयान ने बढ़ाया भारत का मान

यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया गया। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसरो के अन्य मिशन से इतर अंतरिक्ष एजेंसी अपने परीक्षण वाहन एकल चरण वाले तरल रॉकेट (टीवी-डी1) के सफल प्रक्षेपण का प्रयास, जिसे 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे इस स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया था।

किशन सनमुखदास

वैश्विक स्तरपर भारत जिस तेजी के साथ भारत अपनी टेक्नोलॉजी के विस्तार प्रौद्योगिकी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है दुनियां यह देखकर हैरान है ! परंतु जब उनका ध्यान भारत के पैतृक और पीढ़ियों से गॉड गिफ्टेड में मिली बौद्धिक क्षमताओं पर जाता है तो उन्हें विश्वास करना पड़ता है कि असफलताओं से सफलताओं का रास्ता ढूंढने वाले भारत माता के सपूतों की जय हो! चंद्रयान-3 सूर्यायान की सफलता के बाद अब बारी गगनयान की है जिसके आधार पर भारत ने 2040 तक चंद्रमा पर मानवीय दल भेजने की अपनी रूपरेखा तैयार कर ली है। याने आज दिनांक 21 अक्टूबर 2023 सुबह 8 बजे भारतीय अंतरिक्ष यान के साथ पहले गगनयान कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। जिसकी आगे की रूपरेखा पूर्ण रूप से तैयार है। चूंकि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)द्वारा कतारबद्द सफलताओं की श्रेणी में एक और सफलता अर्जित की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरिक्ष की उड़ान, गगन यह ने बढ़ाया भारत का मान, भारत की मुट्ठी में होगा आसमान।

साथियों बात अगर हम गगनयान कार्यक्रम की शुरुआत की करें तो, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान (इसरो) शनिवार (21 अक्टूबर, 2023) को सिंगल स्टेज लिक्विड रॉकेट की लॉन्चिंग के जरिए पहले क्रू मॉड्यूल टेस्टिंग के साथ ही अपने महत्वाकांक्षी मानवअंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान की यात्रा को रफ्तार देगा। यह परीक्षण अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा किया गया। इसरो का लक्ष्य तीन दिवसीय गगनयान मिशन के लिए मनुष्यों को 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसरो के अन्य मिशन से इतर अंतरिक्ष एजेंसी अपने परीक्षण वाहन एकल चरण वाले तरल रॉकेट (टीवी-डी1) के सफल प्रक्षेपण का प्रयास, जिसे 21 अक्टूबर को सुबह आठ बजे इस स्पेसपोर्ट के पहले लॉन्च पैड से उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया था। इस क्रू मॉड्यूल के साथ परीक्षण वाहन मिशन समग्र गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि उड़ान परीक्षण के लिए लगभग पूरी प्रणाली एकीकृत है। इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष योग्यता परीक्षणों और मानवरहित मिशनों के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा, जिसके 2025 में अमल में आने की उम्मीद है। इसमें क्रू इंटरफेस, जीवन रक्षक प्रणाली, वैमानिकी और गति में कमी से जुड़ी प्रणाली (डिसेलेरेशन सिस्टम) मौजूद हैं। नीचे आने से लेकर उतरने तक के दौरान चालक दल

की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे पुनः प्रवेश के लिए भी डिजाइन किया गया है।

साथियों बात अगर हम इस मिशन की सफलता, शेष परीक्षणों की तैयारी की करें तो, इस परीक्षण उड़ान की सफलता शेष परीक्षणों और मानवरहित मिशन के लिए मंच तैयार करेगी, जिससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहला गगनयान कार्यक्रम शुरू होगा, जिसके 2025 में आकार लेने की उम्मीद है। टेस्ट वीइकल एस्ट्रोनॉट के लिए बनाए गए क्रू मॉड्यूल को अपने साथ ऊपर ले जाएगा। फिर 17 किलोमीटर की ऊंचाई पर किसी एक पॉइंट पर अबॉर्ट जैसी स्थिति बनाई जाएगी और क्रू एस्केप सिस्टम को रॉकेट से अलग किया जाएगा। इस दौरान टेस्ट किया जाएगा कि क्या क्रू एस्केप सिस्टम ठीक काम कर रहा है। इसमें पैराशूट लगे होंगे, जिनकी मदद से यह सिस्टम श्रीहरिकोटा तट से करीब 10 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में टचडाउन करेगा। भारतीय नेवी का जहाज और डाइविंग टीम की मदद से इसे बाहर निकाला जाएगा।

साथियों बात अगर हम गगनयान मिशन के लाइव प्रोग्राम टेलीकास्ट की करें तो, अनेक निजी टीवी चैनलों सहित टीवी-डी1 परीक्षण उड़ान प्रक्षेपण का डीडी न्यूज चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया और इसरो अपनी आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रक्षेपण का सीधा प्रसारण किया। परीक्षण के दौरान चालक बचाव प्रणाली, क्रू मॉड्यूल विशेषताएं और अधिक ऊंचाई पर गति नियंत्रण शामिल हैं। इस अभियान के माध्यम से, वैज्ञानिकों का लक्ष्य चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिन्हें वास्तव में गगनयान मिशन के दौरान एलवीएम-3 रॉकेट से क्रू मॉड्यूल में भेजा जाएगा।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को इसरो वैज्ञानिकों से मीटिंग की करें तो, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2040 तक चंद्रमा पर इंसान को भेज सकता है। 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बना सकता है। हालांकि इससे पहले 2025 में वह अंतरिक्ष में मानव मिशन गगनयान भेजेगा। यह टारगेट मंगलवार यानी 17 अक्टूबर को इसरो के वैज्ञानिकों के साथ पीएम की मीटिंग में तय किए गए। पीएम ने 21 अक्टूबर को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम की टेस्टिंग की तैयारियों की जानकारी भी ली थी। पीएमओ ने प्रेस में बताया था कि भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान 2025 में होने की संभावना है।मीटिंग में पीएम ने इसरो के वैज्ञानिकों से कहा था कि हमें 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाने और 2040 तक चंद्रमा पर मानव भेजने की योजना पर काम करना चाहिए। पीएम ने वीनस ऑर्बिटर मिशन और मार्स लैंडर पर भी काम करने को कहा था। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो लगातार अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपना कद बढ़ाती जा रही है। कुछ ही दिन पहले पीएम ने गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान वैज्ञानिकों के लिए नए टारगेट सेट किए। 2040 तक पहले भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखें। शुक्र और मंगल ग्रह के लिए भी मिशन की शुरुआत करने की बात पीएम ने कही थी। बैठक में गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की गई थी। पीएम ने साल 2018 में स्वतंत्रता दिवस भाषण में गगनयान मिशन की घोषणा की थी। 2022 तक इस मिशन को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। अब 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत तक इसके पूरा होने की संभावना है। इसरो इस मिशन के लिए चार एस्टोनॉट्स को ट्रेनिंग दे रहा है। बेंगलुरु में स्थापित एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में क्लासरूम ट्रेनिंग, फिजिकल फिटनेस ट्रेनिंग, सिम्युलेटर ट्रेनिंग और फ्लाइट सूट ट्रेनिंग दी जा रही है। इसरो भविष्य के मानव मिशनों के लिए टीम का विस्तार करने की योजना भी बना रहा है।

दीपावली से पहले कर विभाग में तैनात पुलिसकर्मियों का तबादला

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राज्य कर विभाग ने कर चोरी रोकने की कवायद और तेज कर दी है। इस सिलसिले में विभाग के विभिन्न जोनों में तैनात 540 पुलिसकर्मियों का तबादला दूसरे जोनों में किया गया है। इन्हें आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, सहारनपुर, बरेली, इटावा, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, वाराणसी, मीरजापुर, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, गोरखपुर, बांदा, झांसी व प्रयागराज और आजमगढ़ जोन में पहली नवंबर से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश जारी किए गए हैं।

कर चोरी रोकने के लिए सचल दलों का गठन : कर चोरी रोकने के लिए विभाग द्वारा सचल दलों का गठन किया गया है। इन्हीं के द्वारा जीएसटी अधिकारियों की मौजूदगी में

सीएम योगी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

छापेमारी करके गाड़ियों की जांच की जाती है और संबंधित कार्रवाई की जाती है। लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनात रहने के कारण कई बार पुलिसकर्मी व अधिकारियों की सांठगांठ कर चोरी करने वालों के साथ हो जाती है और उनके वाहनों को बिना जांच के निकाल दिया जाता है।

त्योहारों को देखते हुए किए तबादले

विभाग के पास पान मसाला, सुपारी व तंबाकू के उत्पादों की आपूर्ति में कर चोरी की सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं। फिलहाल, त्योहारों के मद्देनजर अगले कुछ दिनों में विभिन्न जिलों में विभिन्न प्रकार के माल की आपूर्ति की जानी है। इसी के मद्देनजर 14 उप निरीक्षक व 91 मुख्य आरक्षी और 435 आरक्षियों के तबादले किए गए हैं।

अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर ने जारी किए आदेश

इस संबंध में अपर आयुक्त (पुलिस) राज्य कर एपी पांडेय ने जारी आदेशों में कहा है कि पहली नवंबर से सभी पुलिसकर्मी अपने नए स्थानों पर कार्यभार ग्रहण कर लें।

सरकार भारतीय सेना का भी राजनीतिकरण कर रही

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने बहुत ही उचित तथा उपयुक्त सवाल उठाया है कि भारतीय जनतापार्टी अब भारतीय सेना का भी राजनीतिकरण करने पर अमादा हो गयी है। अधिकारियों को भाजपा सरकार द्वारा बनायी गयी नीतियों के प्रचार - प्रसार के लिये संलिप्त किया जा रहा है। अर्थात जब सेना के सैनिक छुट्टी पर अपने घर जायं तो वहॉ पर ये सरकार के प्रचार- प्रसार में लगे एक एन.जी.ओ. से जुड़े और प्रचार प्रसार में उनका साथ दें।

श्री तिवारी ने कहा है कि देश की सुरक्षा के लिये अपना जीवन समर्पित करने वाले हमारे जॉबॉज सैनिक छुट्टियों में अपने परिवार जनो के साथ रहने के लिये अपने घर जाते हैं, अपने परिजनों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिये जाते हैं और उन पर भी अब ''मोदी सरकार'' यह कदम उठा रही है और प्रतिबन्ध लगा रही है जो निन्दनीय है और चिन्ता का विशय है। श्री तिवारी ने जोर देते हुये कहा है कि भा.ज.पा. सरकार जो कदम उठा रही है वह लोकतन्त्र के लिये पूरी तरहघातक है और शुभ संकेत नहीं है, इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि देश में लोकतन्त्र नहीं बल्कि 'तानाशही का राज' है। तिवारी ने कहा है कि अभी हमारे दो 'अग्निवीर'' जवान अपने प्राणों को कुर्बान कर दिये। जिनमें से एक सीमा पर, जिसे सैन्य सलामी दी गयी और दूसरा जॉबाज जवान जो हरियाना/ पंजाब का था उसे सैन्य सलामी भी नहीं दी गयी ।

सरोजनीनगर में 'आपका विधायक, आपके द्वार' बना महाभियान

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जनता के लिए उपलब्धता, उनसे सीधे तौर पर संवाद तथा उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए साप्ताहिक तौर पर लगने वाले आपका विधायक, आपके द्वार जनसुनवाई शिविर अब एक महाभियान का रूप ले रहा है। इस शिविर के आने वाली जनता की समस्याएं व सुझाव सीधे तौर पर डॉ. राजेश्वर सिंह के संज्ञान में आता है।

विधानसभा क्षेत्र के भटगांव में 46वां आपका विधायक, आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचें। शिविर में जनता के बीच पहुंची विधायक की टीम उनकी समस्या के समाधान के लिए सक्रिय दिखी, टीम के सदस्यों ने जनता से सहजतापूर्वक संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर में प्राप्त सभी समस्याओं के त्वरित व यथोचित निस्तारण का आश्वासन दिया गया। साथ ही विधायक डॉ राजेश्वर सिंह द्वारा क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से भी ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान मां तारा सिंह जी की प्रेरणा से शुरू हुई तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से लोगों को ताजा व स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा भटगांव निवासी वृद्ध 75 वर्षीय राजू कनौजिया से मिलकर उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति, अंगवस्त्र व सहायता राशि प्रदान की गई।

छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए गांव की शान में इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले ग्राम के 4 मेधावियों विभांकर (82.40 फीसदी), रमन (74.80 फीसदी), आंचल (72.40 फीसदी) व एकता (67.80 फीसदी) को साईकिल, घड़ी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए भटगांव यूथ क्लब का गठन कर बॉलीबॉल किट प्रदान की गई।

यूपी रोडवेज : निजी हाथों में सौंपी गई बसों की मरम्मत की जिम्मेदारी

लखनऊ। रोडवेज निजीकरण की तरफ बढ़ रही है। 19 डिपो में बसों की मरम्मत का काम निजी हाथों में सौंपने का फैसला लिया गया है। इसमें लखनऊ का अवध डिपो भी शामिल है। दरअसल, हाल ही में निदेशक मंडल की बैठक हुई थी, जिसमें इस निर्णय पर मुहर लगाई गई है। ऐसे में अब 19 क्षेत्र के एक-एक डिपो में बसों की मेंटीनेंस का काम आउटसोर्सिंग द्वारा कराया जाएगा। इससे बसों की बेहतर मेंटीनेंस की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे यात्रियों की शिकायतों पर विराम लग सकता है। लखनऊ परिक्षेत्र के तहत एसी जनरथ बसों की मेंटीनेंस अवध बस डिपो में होती है, जिसकी जिम्मेदारी प्राइवेट फर्म संभालेगी। रोडवेज के कर्मचारियों की जगह प्राइवेट फर्म के मैकेनिक यह काम देखेंगे। अभी तक एसी कूलिंग ठप होने से लेकर स्टीयरिंग, ब्रेक आदि फेल होने की शिकायतें आती रही हैं, जिससे यात्रियों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता था।

लोकतांत्रिक चुनाव में प्रदेश की जनता ने दिया विराट जनादेश

अवधनामा संवाददाता

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को वोटर चेतन महा अभियान में जुटने को कहा

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा कल्याण मंडप सभागार महानगर में आयोजित वोटर चेतना महाअभियान कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जिन लोगों की आयु 18 वर्ष पूरी हो गई है और उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ा है उन्हें सम्मिलित कराए जाने के लिए भारतीय जनता पार्टी वोटर चेतना अभियान चला रही है। ताकि चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कोई भी मतदान से वंचित न रहे। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर जाकर वोटर को बढ़ाना व जो लोग बाहर चले गए हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है या अन्य किसी प्रकार के फर्जी वोट मतदाता सूची में जुड़े हैं उनका वोट संवैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत कटवाने के लिए पार्टी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता कार्य करेंगे। इसी के लिए भारतीय जनता पार्टी मतदाता पुनरीक्षण अभियान चला रही है जिससे लोगों से हमारा व्यक्तिगत संपर्क भी होगा और हम लोगों को वोट बढ़ाने के लिए प्रेरित भी करेंगे।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी विजय बहादुर पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह,पूर्व महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अंग वस्त्र व पुष्प कुछ प्रदान कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में जनता वोट के द्वारा अपने प्रतिनिधि को चुनती है। भारत निर्वाचन आयोग प्रतिवर्ष मतदाता पुनरीक्षण के द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम करता है। चुनाव आयोग 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक नए मतदाता बनाने का कार्य करेगा।भारतीय जनता पार्टी को लोकतांत्रिक चुनाव में प्रदेश की जनता ने विराट जनादेश दिया है। नगर निगम चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी ने 17 नगर निगम में विजय हासिल की है व सभी नगर निगम बोर्ड में बहुमत प्राप्त किया है। ग्राम पंचायत ग्राम सभा क्षेत्र हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने विजय प्राप्त की है। पूर्व में देखा गया है कि कार्यकर्ता मतदाता सूची पुनरीक्षण में कम रुचि रखते हैं। चुनाव के समय मतदाता सूची को देखते हैं तब नाम न होने पर निराश होते हैं।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा चुनाव आयोग द्वारा 27 अक्टूबर को प्रदेश की मतदाता सूची का अंतरिम प्रशासन किया जाएगा, मतदाता सूची को पुनरीक्षण अभियान के लिए मंडलों पर बैठक करके 28 अक्टूबर को बूथों पर भेजना है। 29 अक्टूबर के मन की बात कार्यक्रम के बाद बूथ समिति के सदस्यों के साथ मतदाता सूची का अध्ययन करना है और उसके उपरांत वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और कटवाने हेतु आवश्यकता अनुसार कार्य करना है।

प्रथम चरण 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक घर-घर संपर्क करके जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है 6, 7, 8 फॉर्म देना है और चार ओर पांच नवंबर को मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ को दिलवाना है। द्वितीय चरण 25 नवंबर से 3 दिसंबर 2023 प्रत्येक बूथ पर दूसरे चरण में दीपावली के बाद 25 नवंबर से विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के लिए घरों में संपर्क करके अंतिम रूप से मतदाता बनने से बचे हुए सभी नागरिकों एवं युवाओं का फॉर्म 6 भरवा कर अथवा ऑनलाइन भरवा कर उनको मतदाता बनाना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा घर-घर संपर्क अभियान के लिए सभी जनप्रतिनिधियों पदाधिकारीयों शक्ति केंद्रों पर प्रवास हेतु लगाना है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि वोटर चेतना महाअभियान को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक व्यूह रचना बन जाए।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अष्टमी पर कन्या पूजन कर पांव पखारे

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने जगतजननी मां आदिशक्ति की आराधना के विशिष्ट अवसर शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मानस विहार पूर्वांचल नगर पार्क में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में विधि विधान से कन्या पूजन कर मातृशक्ति की आराधना की। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक 11 कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं समेत 500 से अधिक कन्याओं व छोटे बालकों को भोजन प्रसाद अपने हाथों से परोसा। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति की आराधना हमारे देश की संस्कृति है। इसीलिए अष्टमी के दिन कन्या पूजन का विधान है। इस अवसर पर हवन पूजन के साथ मां दुर्गा की आराधना व पूजन भी किया गया।

डालीगंज दुर्गोत्सव में लगा छप्पन भोग

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। श्री गणेश सेवा समिति डालीगंज की ओर से 12वां श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन डालीगंज ठठेरी बाजार के श्री जय मां दुर्गा मंदिर में 15 से 24 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सोमवार को महानवमी के अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरोग्य की कामना से मेवे की माला मां दुर्गा को अर्पित की गई।

डालीगंज दुर्गोत्सव में समिति के महामंत्री रचित नाग और पंडित देवी प्रसाद त्रिपाठी की उपस्थिति में डालीगंज में 1990 में कृष्ण कसेरा की अगुआई में स्थापित मां दुर्गा मंदिर में भी पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोग अर्पित करने का पुण्य अर्जित किया गया। वहां प्रथम देव गणपति और महादेव के पूजन के उपरांत मां दुर्गा, मां काली, मां संतोषी, मां शीतला देवी, मां सरस्वती के साथ कृष्ण प्रिया राधा जी का भी पूजन-अर्चन किया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। मंगलवार 24 अक्टूबर को दुर्गोत्सव में स्थापित माताजी की मूर्ति की विसर्जन यात्रा झूले घाट तक भव्य रूप में निकाली जाएगी।

डालीगंज दुर्गोत्सव में बड़ी संख्या में भक्तगण कोलकाता के मूर्तिकार आर.के.पाल द्वारा तैयार की गई मां की मूर्ति का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। पूजन अनुष्ठान में समिति के अध्यक्ष अमित सिंह कसेरा, महामंत्री रचित नाग, कोषाध्यक्ष यश कसेरा हरिओम, उपाध्यक्ष दीपक नाग, सहित उत्तम कुमार गुप्ता, स्वाति केसरवानी, हरीश चौरसिया, महेन्द्र कुमार, राहुल जायसवाल, अभय जायसवाल, अशोक कुमार, आकाश वर्मा, सुशील गुप्ता सहित अन्य ने माता के जयकारे लगाए। वहां सुबह और शाम आठ बजे आरती की जा रही है।

दो दिवसीय निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। डॉक्टर नातू केयर एन क्योर डेंटल क्लीनिक के उद्घाटन पर दो दिवसीय निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का शुभारंभ रविवार को राजधानी के ऐशबाग स्थित बीसीसी विजन अपार्टमेंट में किया गया।

शिविर के पहले दिन रविवार को करीब 150 लोगों की निःशुल्क डेंटल चेकअप कर उन्हें परामर्श दिया गया। निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का हजारों लोगों ने लाभ उठाया। डॉक्टर नातू केयर एन क्योर डेंटल क्लीनिक के दो दिवसीय निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर का शुभारंभ केजीएमयू के पूर्व प्रोफेसर एसएन नातू एवं ऐशबाग के पूर्व पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा साकेत शर्मा ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि ऐशबाग के पूर्व पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा साकेत शर्मा, अहियागंज के पार्षद नरेंद्र शर्मा एवं ऐशबाग के वर्तमान पार्षद संदीप शर्मा उपस्थित थे। दो दिवसीय निःशुल्क डेंटल चेकअप शिविर को सफल बनाने में केजीएमयू के पूर्व प्रोफेसर एसएन नातू, ऐशबाग के पूर्व पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा साकेत शर्मा, अहियागंज के पार्षद नरेंद्र शर्मा, ऐशबाग के वर्तमान पार्षद संदीप शर्मा, मंडल मंत्री रवि जायसवाल, क्लीनिक के प्रबंधक डॉ. सुबोध नातू, डॉ. वैशाली नातू ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

चौबीस तीर्थंकर भगवान एवं 96 क्षेत्रपाल बाबा पूजन के साथ हुई भजन संध्या

अवधनामा संवाददाता

डालीगंज जैन मंदिर में गूंजे हेमंत बृजवासी के भजन

लखनऊ। जैन हेल्पलाइन डालीगंज की ओर से राजधानी लखनऊ में प्रथम बार श्री चौबीस तीर्थंकर भगवान एवं 96 क्षेत्रपाल बाबा के पूजन में दूसरे दिन सोमवार को सारेगामापा विनर बालीवुड गायक हेमंत बृजवासी ने डालीगंज जैन मंदिर में भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने एक भजन तू रूठा दिल टूटा मेरे यार को तू मना ले...., सुनाया तो लोग झूमने लगे। बाद में

हेल्पलाइन के शैकी जैन, अंकित जैन, अनुपम जैन, प्रियांशु जैन, अविरल जैन पारस जैन (एड.) ने भजन गायक का माला पहनाकर स्वागत किया। भजन संध्या को आगे बढ़ाते हुए हेमंत बृजवासी ने तेरी गलियां मुझको भावे....., सुनाया। उसके बाद तेरी मस्ती में झूमे जग सारा...., सुनाया तो हर कोई झूमने लगा।

श्री जैनधर्म प्रवर्धिनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने बताया कि भजन से पहले 24 तीर्थंकर आराधना, क्षेत्रपाल बाबा का पूजन महाराष्ट्र के प्रतिष्ठाचार्य पंडित दीपक कुमार ने सर्वप्रथम पंचामृत अभिषेक, शांति धारा, अनुष्ठान और शाम को देव शास्त्र, गुरु की आरती, जिनवाणी उसके बाद भजन संध्या शुरू हुई।

उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर दिन मंगलवार को प्रातः 6:00 बजे से पंचामृत अभिषेक शांति धारा अनुष्ठान प्रारंभ होगा उन्होंने बताया कि विजयदशमी के पावन पर्व पर क्षेत्रपाल बाबा का भव्य श्रृंगार एवं हवन होगा। 24 अक्टूबर को क्षेत्रपाल बाबा का भव्य श्रृंगार से समापन होगा। इस मौके पर हेल्पलाइन के शैकी जैन, अंकित जैन, अनुपम जैन, प्रियांशु जैन, अविरल जैन पारस जैन (एड.) आदि मौजूद रहे।

'महिला व दलित शिक्षकों पर कार्रवाई सरकार की शह पर'

अवधनामा संवाददाता

सत्ता संरक्षण के चलते भगवा संगठनों की तूती बोल रही : सुधाकर यादव

लखनऊ। भाकपा (माले) ने गाजियाबाद के एक इंजीनियरिंग कालेज में मंच से जय श्रीराम के नारे लगाने पर आपत्ति जताने पर दो महिला शिक्षकों को निलंबित करने और इलाहाबाद विवि में एक दलित प्रोफेसर के खिलाफ उनके सोशल मीडिया पोस्ट के कारण एफआईआर दर्ज करने की कड़ी निंदा की है।

पार्टी ने इसे संघ-भाजपा के आक्रामक हिंदुत्व का प्रदर्शन बताते हुए कहा है कि शिक्षकों के उत्पीड़न की ये कार्रवाइयां लोकतंत्र-विरोधी हैं और योगी सरकार की शह पर की गई हैं। माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सत्ता संरक्षण के चलते भगवा संगठनों की तूती बोल रही है। गाजियाबाद के एबीईएस इंजीनियरिंग कालेज में एक कार्यक्रम में जय श्रीराम बोलने से रोकने पर महिला शिक्षकों के खिलाफ एक संघी स्वयंभू संगठन हिन्दू रक्षा दल की धमकी के दबाव में कार्रवाई हुई, जबकि इलाहाबाद विवि के मध्यकालीन इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर विक्रम हरिजन के खिलाफ विहिप, हिंदू जागरण मंच व बजरंग दल जैसे भगवा संगठनों की तहरीर पर तपाक से एफआईआर लिख ली गई और जांच भी शुरु हो गई। माले नेता ने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां स्वस्थ लोकतंत्र के सर्वथा प्रतिकूल हैं। इससे हिन्दू राष्ट्र की बू आती है। इसका प्रतिवाद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ-भाजपा डॉ अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान को मानने का दिखावा भर करती हैं। वे अभिव्यक्ति व असहमति की आजादी और लोकतंत्र के बजाय डराने, चुप कराने और आतंक फैलाने में विश्वास करती हैं।

लखनऊ में रावण मंदिरः हर साल दशहरे पर होती है पूजा

लखनऊ। दशहरे के दिन रावण के पुतला जलाकर उसे मारने की परंपरा आदि काल से चली आ रही है। लेकिन लखनऊ का एक ऐसा मंदिर है जहां दशहरा के दिन रावण की पूजा की जाती है। रावण को बुराई का प्रतीक माना जाता है। दशहरे पर हम हर साल उसके पुतले जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देते हैं। पर लखनऊ के एक मंदिर में ऐसा नहीं होता है। लखनऊ के रानी कटरा के चार धाम मंदिर में रावण का दरबार सजाया जाता है। हर साल दशहरा पर उसकी पूजा की जाती है। यह परपंरा बीते 123 साल से चली आ रही है। स्थानीय पूर्व सभासद विष्णु त्रिपाठी उर्फ लंकेश हर साल दशहरा पर रावण की प्रतिमा की पूजा करते आए हैं। बीते साल उनका निधन हो गया था। अब इस बात की चिंता की जा रही है कि उनके ना रहने पर इस रस्म को कौन आगे ले जाएगा। इस मंदिर में दशहरा के दिन कई लोग पूजा करने भी आते हैं।

सरकार दे ग्रामीण किसान व घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को दिपावली का तोहफा

अवधनामा संवाददाता

उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार से उठाई मांग

लखनऊ। आज से लगभग चार माह पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने एक मुस्त समाधान योजना लाने पर पावर कारपोरेशन को विचार करने का निर्देश दिया था इसके बावजूद भी आज तक एक मुस्त समाधान योजना यानी की 100 प्रतिसत ब्याज माफी योजना नहीं लागू की गई जिससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं में इस बात का इंतजार है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों की तरफ से बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक मुस्त समाधान योजना कब लागू की जाएगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में बडे पैमाने पर ऐसे विद्युत उपभोक्ता है जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और वह एक मुस्त समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं ऐसे में उपभोक्ता परिषद एक बार फिर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी और पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से मांग करता है की घरेलू ग्रामीण व किसानों के लिए तत्काल एक मुस्त समाधान योजना लागू की जाए इसी प्रकार 1 अप्रैल 2023 से किसानों के लिए फ्री बिजली दिए जाने का भी ऐलान किया गया था जो अभी तक लागू नहीं किया गया इसके लिए भी प्रदेश के कृषि क्षेत्र के उपभोक्ता इंतजार कर रहे हैं।

उपभोक्ता परिषद ने कहा आने वाले समय में दीपावली पर्व पर प्रदेश के घरेलू ग्रामीण व किसान सरकार से एक मुस्त समाधान योजना तत्काल लागू करने व किसानों की फ्री बिजली योजना को तत्काल लागू कर सरकार से दीपावली का तोहफा मांग रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उपभोक्ता परिषद की तरफ से हर सप्ताह उपभोक्ताओं की समस्याओं को समझने और उन्हें जागरूक करने के लिए साप्ताहिक वेबीनार का आयोजन किया जाता है जिसमें सबसे ज्यादा विद्युत उपभोक्ताओं की एक ही मांग रहती है कि जल्द से जल्द पूर्व में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गए ऐलान के तहत एक मुस्त समाधान योजना उत्तर प्रदेश में लागू कराई जाए और किसानों की यह मांग रहती है की उत्तर प्रदेश में विधानसभा में बजट में यह ऐलान किया गया था कि 1 अप्रैल 2023 से किसानों की सिंचाई के लिए बिजली मुक्त रहेगी उसका आदेश भी अभी तक जारी नहीं किया गया उसका भी प्रदेश के हमारे लगभग 14 लाख किसान इंतजार कर रहे हैं इसलिए प्रदेश की बिजली कंपनियों व पावर कारपोरेशन को इस दिशा में गंभीरता से विचार करना चाहिए और जल्द से जल्द आदेश निर्गत करना चाहिए।

सीएमएस छात्र को 'नेशनल वण्डरकिड' खिताब

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (तृतीय कैम्पस) के मेधावी छात्र सोमबुद्ध सिंह को नेशनल ब्रेनोब्रेन वण्डरकिड्स कम्पटीशन में शानदार प्रदर्शन हेतु 'नेशनल वण्डरकिड' खिताब से नवाजा गया है। सोमबुद्ध ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अखिल भारतीय स्तर पर छठी रैंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है तथापि इस उपलब्धि हेतु इस मेधावी छात्र को कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्र को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है।

साफ करें गठबंधन करना है या नहीं: अखिलेश

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने गठबंधन को लेकर कांग्रेस को दो टूक कह डाला है। अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस साफ करे कि बीजेपी को हराने के लिए उसे हमसे गठबंधन करना है कि नहीं। अगर गठबंधन नहीं भी करना है तो साफ करें। अखिलेश ने कहा कि उनकी पार्टी के सबसे बड़े नेता ने बात की है और हमने भी कहा है कि गठबंधन करना हो तो करें, नहीं तो साफ करें। यूपी के पूर्व सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में हमारे लोगों को रात भर बैठाया गया। बातचीत भी हुई लेकिन कांग्रेस अपने वादे से मुकर गई। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के अपने बयान पर कायम रहने को लेकर अखिलेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि कुछ लोग बुजुर्ग होते हैं। उनके संस्कार गलत होते हैं। कभी किसी के पिता और मां बहन के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यही बात मुख्यमंत्री जी ने भी सदन में कही थी और मैंने उन्हें संस्कारों की याद दिलाई थी कि किसी के पिता तक नहीं जाना चाहिए। जो लोग गलत होते हैं वह कमी निकालते हैं।अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि महंगाई बढ़ा दी लेकिन आय नहीं बढ़ पाई। इधर तो हरदोई में एक एक्सप्रेस वे भी बन रहा है। यह सही है कि एक्सप्रेसवे बन जाने से न केवल हमारे गांव की अर्थव्यवस्था बेहतर होगी बल्कि शहर भी जुड़ जाएंगे लेकिन जिस तैयारी से और जो इंफ्रास्ट्रक्चर हमें किसान के लिए बनाना चाहिए था वह नहीं बन रहा है। अखिलेश ने कहा कि अगर किसी ने सबसे अच्छा एक्सप्रेस वे बनाया तो वह समाजवादियों ने बना करके दिखाया था जो आपके बगल से निकाल कर जा रहा है। उन्होंने सांड के मुद्दों पर भी योगी सरकार को निशाने पर रखा।

अग्रिम धनराशि जमा कर आलू व सब्जी बीज क्रय करने की सुविधा प्राप्त करें

हरदोई। जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने जनपद के किसान भाईयों को अवगत कराया है कि विभाग को नगद मूल्य पर विक्रय हेतु आलू एवं सब्जी बीज प्राप्त होने वाला है और प्राप्त बीज का वितरण प्रथम आवक प्रथम पावक के तहत किया जायेगा। उन्होने बताया कि आलू बीज में कुफरी चिपसोना आधारित प्रथम सीड रू0-2325/-, द्वितीय रू0-1915/- तथा कुफरी बहार व ख्याती बीज रू0-2350 प्रति कुन्तल में किसानों को दिया जायेगा तथा सब्जी में मदर आजाद, मटर अर्किल, मटर काशी उदय, मेथी आजाद व मेथी पीईबी टीएल, पालक आलग्रीन द्वितीय एवं धनियां हरितिया टीएल बीज शासन द्वारा निर्धारित नगद मूल्य पर किसानों को उपलब्ध कराया जायेगा।

उठान की आड़ में ठेकेदार ने बड़े पैमाने पर नहर व पटरी पर अवैध खनन किया: स्वाती

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया है कि ब्लाक बावन नहर स्केप के किलोमीटर शून्य से छः के बीच नहर सफाई के दौरान निकाली गयी सिल्ट को उठाने का ठेका सवायजपुर निवासी अजीत कुमार सिंह की फर्म को रू0-9,39,675 में दिया गया था और नियम के अनुसार सिल्ट का उठान किया जाना था, जिसके लिए डीएम कार्यालय से 22 मई 2023 को अनुमति पत्र जारी हुआ था तथा 05 नवम्बर 2023 तक उठान पूरा करना था, परन्तु इस उठान की आड़ में ठेकेदार द्वारा बड़े पैमाने पर नहर और पटरी पर अवैध खनन कर दिया गया।

उन्होने कहा कि इसका खुलासा शनिवार रात्रि लोनार थानाध्यक्ष ने मिट्टी खनन कर रही एक जेसीबी, मिट्टी भरी दो टैक्टर-ट्राली पकड़ ली और वाहनो को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज करते हुए इसकी जानकारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा खनन अधिकारी को दी। इस प्रकरण पर जिलाधिकारी के निर्देश पर उन्होने नायब तहसीलदार बावन, खनन अधिकारी, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता तथा पुलिस के साथ मौके पर जांच की और जांच में पाया कि उक्त स्थान पर बड़े पैमाने पर खनन ठेकेदार द्वारा किया गया है। एसडीएम ने बताया कि उक्त पकरण् में खनन अधिकारी की तहरीर पर ठेकेदार अजीत कुमार सिंह के विरूद्व खाद्य एवं खनिज अधिनियम के साथ ही सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है और जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित फर्म की लाइसेंस आईडी को ब्लाक कर दिया गया हैं।

नहीं रही ख़ादिम अब्बास की पत्नी ज़ुबैदा

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक और सियासी अखाड़ा के प्रधान संपादक ख़ादिम अब्बास की पत्नी ज़ुबैदा अब्बास का बीती रात को सैफई पी जी आई में इंतकाल हो गया है। प्रेस क्लब इटावा के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों ने विनम्र श्रद्धांजलि दी। कटरा शहाब खां स्थित ख़ादिम अब्बास के आवास पर जाकर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुलदीप गुप्ता संटू, फुरकान अहमद, पूर्व नगर अध्यक्ष सपा नफीसुल हसन अंसारी, वहाज अली निहाल, अनवार हुसैन, शाहनवाज़ आलम, खुर्सीद आलम, सुधीर मिश्रा, इफ़्तिख़ार मिर्ज़ा, नदीम अहमद खां एड, ताबिश अहमद, मसूद तैमूरी, मो.आमीन, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के अलावा जनपद के पत्रकारों, नेताओं, सामाजिक संस्थाओं आदि के लोगों ने शोक व्यक्त किया और परिवार के लोगों को इस दुःख की घड़ी में तसल्ली देकर मरहूमा की मग़फ़िरत के वास्ते अल्लाह तआला से दुआएं की।

नवधा ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस से किया मंत्र मुग्ध

वहाज अली निहाल

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आश्विन नवरात्र के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन इटावा के संयुक्त तत्वाधान में संस्कार भारती इटावा के संयोजन में भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का आयोजन माता सिद्ध पीठ काली बांह मंदिर इटावा पर किया गया, जिसमें प्रयागराज से वीना देवी के एक दर्जन लोक कलाकारों के समूह द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य ढेढिया एवं इटावा जनपद के भजन गायक कुलदीप कुमार मिश्रा के समूह द्वारा मां भगवती के भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया, विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री भाजपा प्रशांत राव चतुर्वेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता डी.डी.मिश्रा एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.कुश चतुर्वेदी संस्थान निदेशक अतुल द्विवेदी सहित संस्कार भारती के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बुके प्रदान कर उत्तरी ओढ़ा कर प्रतीक चिन्ह के साथ अतिथियों का स्वागत किया। अपने अतिथि स्वागत उद्बोधन में संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बताया कि हमारे शास्त्रों में नवधा भक्ति के नौ रूपों का वर्णन है यह नौ रूप क्रमशः श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पदसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्म निवेदन होते हैं। जनश्रुतियों में उल्लेखित पारंपरिक लोक नृत्य ढेढिया का महत्व भगवान श्री राम के वनवास पूर्ण करके अयोध्या आगमन पर उस क्षेत्र के लोक मानस द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले नृत्य हेतु प्रयागराज की कलाकार वीना सिंह की टीम ने पहली प्रस्तुति ताल बोयो ममरी, पताल बोयो ममरी के साथ ही अतिथियों सहित श्रद्धालु

भक्ति रस आधारित कार्यक्रम नवधा में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभी श्रद्धालु दर्शकों को किया आनंद से सराबोर

दर्शकों से जमकर तालियां बजवाई, द्वितीय उत्कृष्ट प्रस्तुति महिषासुर मर्दिनी से भूमंडल घबराया के बाद गरबा डांडिया प्रस्तुति ढ़ोलीरा ढोल रे बघाड़ म्हारो हीर लैड़खै के साथ ही देवी गीत झूला नगर कोट डलवाए दूंगी, तुम झूलो मात भवानी आदि मनोहारी प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं से खचाखच भरे काली बांह उत्सव पंडाल को तालिया से गुंजित किया। भजन गायक कुलदीप कुमार मिश्रा के समूह ने प्रथम प्रस्तुति में भजन बिगड़ी मेरी बना दो के साथ द्वितीय प्रस्तुति रक्षा करो भवानी रक्षा करो आदि आधा दर्जन प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी। ओज कवि रोहित चौधरी ने अपने मनोहरी उद्बोधन से कार्यक्रम को गतिमान बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग संघ चालक विनोद चंद्र पांडेय, जिला संपर्क प्रमुख अजय दीक्षित, संस्कार भारती के कानपुर बुंदेलखंड प्रांत के प्रांतीय सदस्य सर्वश्री अत्रि दीक्षित, इटावा इकाई के सचिव कुलदीप अवस्थी, अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अश्वनी कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र यादव, सहसचिव प्रशांत बॉबी दीक्षित, गोपाल तिवारी, सौरभ सक्सेना, नरेंद्र सोनी, इंजी.दुष्यंत चतुर्वेदी, विवेक दुबे, नमिता तिवारी एवं अन्य अतिथियों में पंकज मिश्र, बेटी बचाओ जिला संयोजक डॉ.ज्योति वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे, डॉ अत्रि गुप्ता, डॉ.अजय शर्मा, चित्रा परिहार, अतुल दीक्षित एवं सौरभ दीक्षित आदि की उपस्थिति रही। जिला प्रशासन इटावा से जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह एवं मंदिर व्यवस्थापक जया सृष्टि गिरि, अभिषेक मिश्रा, रानू आदि ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम समापन पर आभार संयोजक अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

संक्षिप्त समाचार

पंजीकृत दलों द्वारा विभिन्न मंदिरों पर किये गये भजन-कीर्तन कार्यक्रम: संतोष कुमार

हरदोई। जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार के निर्देशन में नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद के विभिन्न मंदिरों पर जनपद की पंजीकृत दलों द्वारा भजन-कीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में पंजीकृत सांस्कृतिक दलों प्रयास भजन-कीर्तन पार्टी, किशन रसिया एण्ड पार्टी, नरेश चंचल एण्ड पार्टी द्वारा विभिन्न मंदिरों पर भजन कीर्तन कार्यक्रम किये, कार्यक्रम में भक्तगण भक्ति भाव से सराबोर रहे। प्रयास भजन-कीर्तन पार्टी द्वारा विगत दिवसों में मल्लावां विकास खण्ड के सुनासी गाँव स्थित बाबा सुनासीर नाथ मंदिर, खेरवा-पुरबावां स्थित माँ विंध्यवासिनी देवी मंदिर व हेरवल ग्राम में कार्यक्रम किया गया। दल द्वारा सुरसा के जगत पुरवा स्थित मंदिर में भी कार्यक्रम किया गया। इसी प्रकार किशन रसिया एण्ड पार्टी द्वारा हरदोई नगर क्षेत्र व बावन विकास खण्ड के विभिन्न मंदिरों पर भजन-कीर्तन कार्यक्रम किया गया।

आवश्यकता है बाल विकास परियोजना कार्यालय हेतु किराये पर भवन की

हरदोई। बाल विकास परियोजना अधिकारी ब्लाक साण्डी ने अवगत कराया है कि साण्डी कार्यालय सह-गोदाम हेतु किराये पर भवन की आवश्यकता है जिसमें तीन कक्ष के साथ बड़ा गोदाम तथा विद्युत, पानी की व्यवस्था हो। उन्होने कहा है कि जिन भवन स्वामियों का भवन साण्डी क्षेत्र में स्थित हो वह भवन नक्शा व आदि प्रपत्रों सहित 05 नम्बर 2023 तक मोहल्ला मुंशीगंज कस्बा साण्डी में स्थिति बाल विकास परियोजना कार्यालय में आवेदन जमा करें।

पुलिस लाइन में विभिन्न ब्लाकों एवं नगरीय निकायों से अमृत कलश यात्रा पहुंचेगी

हरदोई। इस अवसर पर 26 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे से रसखान प्रेक्षागृह में जनपद स्तरीय अमृत कलश यात्रा के लखनऊ और फिर नई दिल्ली प्रस्थान के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आजादी के अमृत काल के अवसर पर लगभग 75 दिन चले कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ब्लाकों/निकायों/ग्राम प्रधानों द्वारा जन भागीदारी के साथ श्रेष्ठ अमृत कलश यात्रा निकालने हेतु सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और नारी स्वालंबन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान करने वाले व्यक्तियों/महिलाओं/ शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा। रसखान प्रेक्षागृह में होने वाले इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री जी, माननीय सांसद गण और माननीय विधायक गण, ब्लॉक प्रमुखों और नगर पालिका अध्यक्षों एवं अन्य गणमान्य विशिष्टियों/नागरिकों/ जन प्रतिनिधियों द्वारा मुख्य अतिथि/विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी में उपस्थिति से कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के आवेदन कैम्प में ही ऑनलाइन करायें

हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने समस्त सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी तथा समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को निर्देश दिये है कि शासन के आदेशानुसार प्रत्येक नगरीय निकाय एवं विकास खण्ड स्तर पर 30, 31 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर 2023 को कैम्प लगाकर मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना की लोगों को ऑनलाइन पोर्टल की जानकारी दे और इच्छुक लाभार्थियों के मौके पर ही ऑनलाइन आवेदन करायें। श्री सिंह ने निर्देश दिये कि इसके अतिरिक्त जनपद में माह के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में कैम्प लगाकर मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करें और लाभार्थियों को ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध करायें और कैम्प में सहायक विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक लैपटाप तथा प्रिन्टर लेकर उपस्थित रहेगें तथा उपरोक्त कार्यवाही ईमानदारी से पूर्ण करायें।

रामनवमी पर बस स्टैंड तिराहे पर वितरण किया भंडारा

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास शाक्य के प्रतिष्ठान हरिहर बीज भंडार बस स्टैंड तिराहे पर रामनवमी के पावन अवसर पर भंडारा वितरण किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष लल्लू वारसी जिला उपाध्यक्ष विकास गुप्ता विक्की आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रसाद वितरण में शामिल रहे।

तीन अन्तर्जनपदीय शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

- कब्जे से चोरी की गयी 06 मोटर साइकिल एवं 03 फर्जी नम्बर प्लेट की गयी बरामद

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलान्स एवं थाना बसरेहर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही। गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी /छिनैती की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 22.10.2023 की रात्रि को एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना बसरेहर क्षेत्रान्तर्गत लोहिया नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान 03 मोटर साइकिल भदामई पुल की ओर से आती दिखायी दी जिन्हें पुलिस टीमों द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पीछे मुड़कर भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर तीन व्यक्तियों को 03 मोटरसाइकिल सहित भदामई पुल से समय 21.50 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा बरामद मोटरसाइकिलों के प्रपत्र मांगे गये तो दिखाने में असमर्थ रहे। पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनो मोटरसाइकिल चोरी की है जिन्हे हम लोगों द्वारा अलग-अलग स्थानों से चुराया गया है साथ ही बताया कि चोरी की गयी अन्य 03 मोटर साइकिल लोहिया नहर पुल के पास छिपा रखी है। अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की 03 मोटर साइकिल को लोहिया नहर पुल के किनारे झाड़ियों से बरामद किया गया।

लंकेश भक्त मंडल करेगा महाराज दशानन की महा आरती

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। लंकेश भक्त मंडल द्वारा विजय दशमी के अवसर पर मंगलवार को भगवान शिव के परम भक्त और भगवान श्री राम के आचार्य त्रिकाल दर्शी प्रकांड विद्वान महाराज रावण की महा आरती की जाएगी । और विद्वान महापुरुष के पुतला दहन का विरोध किया जाएगा। लंकेश भक्त मंडल के अध्यक्ष ओमवीर सारस्वत एडवोकेट ने बताया है कि भगवान श्री राम ने लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए भगवान शिव की विषेश पूजा का आयोजन किया था । भगवान श्री राम ने आचार्य स्वरूप में रावण से पूजा कराने का निर्णय लिया था जिसके लिए जामवंत जी को लंका में रावण के पास निमंत्रण भेजा था।दशानन जानकी जी को साथ लेकर समुंद्र तट पर आए थे।जहा भगवान राम ने माता सीता के साथ शिव लिंग की स्थापना कर के विशेष पूजा कराई थी ।लंकेश को अपना आचार्य बनाया था। लंकेश द्वारा कराई गई पूजा वाली जगह को रामेश्वरम नाम से जाना जाता हैं। जो लोग रावण का पुतला दहन करते है वो एक कुप्रथा है। सनातन धर्म में हिंदू संस्कृति में एक व्यक्ति का एक बार ही अंतिम संस्कार किया जाता है बार बार नहीं। लंकेश भक्त मंडल द्वारा विजय दशमी पर मंगलवार को यमुना पार पुल के नीचे स्थिति शिव मंदिर पर सुबह 11बजे महाराज दशानन की महा आरती की जायेगी।

दशहरा आज, जगह जगह होगा रावण दहन

मथुरा। श्री रामलीला सभा के पदाधिकारियों द्वारा राम रावण युद्ध के लिये रामलीला मैदान की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया गया। सभा के सभापति जयंती प्रसाद अग्रवाल, प्रधानमंत्री मूलचंद गर्ग ने पदाधिकारियों के साथ जायजा लिया। दशहरा मेला मंत्री विजयकांत गर्ग ने बताया कि मेला की सभी तैयारी पूर्ण हैं। विशिष्ट व्यक्तियों, पदाधिकारियों, आजीवन सदस्यों, सहयोगियों को बैठने की उत्तम व्यवस्था है। मेला देखने वाले जनमानस के लिये भी आनन्द पूर्वक मेला देखने के लिये समुचित व्यवस्था है। आतिषबाजी की व्यवस्था के अलावा मैदान को आकर्षक विद्युत सजावट की गई है। लीला के लिये विषाल मंच तैयार किया जा चुका है। सभा ने समस्त जनमानस से मेला आकर प्रभु श्रीराम की कृपा प्राप्त करने का अनुरोध किया हैं।

बांसुरी रंग महोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन

अवधनामा संवाददाता

वृन्दावन (मथुरा)। प्रेम मंदिर क्षेत्र स्थित सीआरवीएस फूड कोर्ट में श्रीगंगा लोक कल्याण सेवा संस्थान के सांस्कृतिक प्रकल्प बाँसुरी के तत्वाधान में तृतीय राष्ट्रीय नृत्य एवं नाट्य महोत्सव बाँसुरी रंग महोत्सव 2023 के पोस्टर का विमोचन मथुरा वृन्दावन नगर निगम के उपसभापति मुकेश सारस्वत के कर कलमों द्वारा किया गया। संस्थापक निदेशक विनय गोस्वामी ने बताया कि यह आयोजन 29 अक्टूबर से 1 नवंबर 2023 तक प्रसिद्ध रंगकर्मी स्वर्गीय संदीपन विमलकांत नागर को समर्पित है। इसमें समूचे देश के लगभग 400 कलाकार भाग लेंगे। महामंत्री विवेक आचार्य ने बताया कि यह महोत्सव वृन्दावन शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में सम्पन्न होगा।जहाँ सुबह के सत्र में नृत्य एवं शाम के सत्र में नाटक होंगे। वरिष्ठ सलाहकार अभय वशिष्ठ ने कहा कि ये विधा बंगाल एवं कुछ बड़े शहरों में मिलती है,जो अब पिछले कुछ सालों से वृन्दावन में भी दिखाई दे रही है। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि 31 अक्टूबर को रंग यात्रा शहर में भ्रमण करेगी।जिसमें सभी कलाकार अपने-अपने प्रदेश की वेश भूषा में अपने प्रान्त का परिचय देते हुए मिनी भारत का स्वरूप प्रस्तुत करंगे।

नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को दो वर्ष का कारावास

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट माननीय जज रामकिशोर यादव की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से छेड़खानी के आरोप में अभियुक्त कमलकांत उर्फ सोनू को दो वर्ष का कारावास व तीन हजार नौ सौ रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि पीड़िता ने 27 फरबरी 2021 को थाना वृंदावन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि पीड़िता वृन्दावन में अपनी बहन के साथ कुम्भ स्नान करके अपने घर वापस आ रही थी। जब पीड़िता अपने घर के ठीक सामने आ गई तभी अचानक पीछे से कमलकान्त पुत्र मनोज निवासी पानीघाट, रामदास बगीचा, वृन्दावन ने आकर पीड़िता का हाथ पकड़ लिया तथा बत्तमीजी करने लगा, छुड़ाने पर भी नहीं छोड़ा और जाने से मारने की धमकी देने लगा। पीडिता की तहरीर के आधार पर थाना-वृन्दावन में अभियुक्त कमलकान्त के विरूद्ध मुकदमा अन्तर्गत धारा-354, 506 भारतीय दण्ड संहिता में 28 फरवरी 2021 को पंजीकृत किया गया। जिसकी अपराध संख्या 162 / 2021 है। सोमवार को विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट रामकिशोर यादव ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त कमलकांत उर्फ सोनू को धारा 354 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध हेतु दो वर्ष के कारावास तथा पांच सौ रूपये के अर्थदण्ड, धारा-506 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध हेतु एक वर्ष के कारावास तथा चार सौ रूपये के अर्थदण्ड तथा पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा-8 में अभियुक्त कमलकान्त उर्फ सोनू को छह माह के कारावास व तीन हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड न देने पर अभियुक्त अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतेगा। अभियुक्त द्वारा जेल में बितायी गयी अवधि इस सजा में समायोजित की जाए सजाएं साथ-साथ चलेगी।

किसान कल्याण संघ का हुआ विस्तार अरविंद चित्तोडिया बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

- मध्य प्रदेश व बिहार का मिला प्रभार

मथुरा। किसान कल्याण संघ प्रदेश कार्यालय लखनऊ से नव मनोनित पदाधिकारियों में 15 राज्यों के 25 सदस्यों को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई है जिसमे ड्रा. अरविंद चित्तोडिया(पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व युवा समाजसेवी)को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रभारी मध्य प्रदेश और बिहार,, एड. चांद आलम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रभारी उत्तर प्रदेश, मिथलेश यादव - राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह छत्तीसगढ़ प्रभारी, सुरेन्द्र यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह गुजरात प्रभारी, अवधलाल कुशवाह राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता, ड्रा. रोबिन मैथुज राष्ट्रीय महासचिव सह कर्नाटक एवम् केरल प्रभारी, राजू दिवाकर राष्ट्रीय सचिव सह राजस्थान एवम आंध्रा प्रदेश प्रभारी, ई. रघुवीर यादव राष्ट्रीय संगठन सचिव सह पश्चिम बंगाल, उड़ीसा प्रभारी, एड. नरेश डंडवाल राष्ट्रीय सचिव सह हरियाणा और पंजाब प्रभारी, प . मोहनलाल लसियाल राष्ट्रीय सचिव सह उत्तराखंड प्रभारी, सलीम इदरसी राष्ट्रीय सचिव सह गोवा प्रभारी, सुनील मौर्यवंशी राष्ट्रीय सचिव सह महाराष्ट्र प्रभारी, अभिषेक राय राष्ट्रीय सचिव सह मेघालय असम प्रभारी, अथोकपम अजीत प्रभात राष्ट्रीय सचिव सह मणिपुर एवम् मिजोरम प्रभारी, भगवान दास राष्ट्रीय सचिव सह हिमाचल प्रभारी, राजीव रंजन कुशवाहा राष्ट्रीय प्रवक्ता, लोकेश प्रसाद राष्ट्रीय सचिव सह दिल्ली प्रभारी,कृषि अभियंता गोपीचंद गुप्ता राष्ट्रीय सचिव, ई. आदित्य कुमार राष्ट्रीय सचिव, विपिन कुशवाहा राष्ट्रीय सचिव सह झारखण्ड प्रभारी, अमरीश शर्मा राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य सह जम्मू कश्मीर प्रभारी, रामकृष्ण साहू राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य, हिमांशु त्यागी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, एड. जमुना सिरमोर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, ई. अनुज कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष आईटी सेल को मनोनित कर जिम्मेदारी सौंपी गई है सभी सदस्यों को बधाई एवम् शुभकामनाएं देते हुए आशा नही पूर्ण विश्वास है की सभी सदस्य अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए किसानों के समग्र विकास में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

जल जीवन मिशन के तहत निकाली जागरूकता रैली

मथुरा। जल ही जीवन है, बावजूद इसके अभी तक ग्रामीण जल की एक एक बूंद का महत्व समझने में विफल रहे हैं। पानी की बर्बादी का ही नतीजा है कि भूगर्भीय जल स्तर लगातार नीचे खिसक रहा है। लोगों को पानी का महत्व बताने और इसकी बर्बादी रोकने के लिए कई स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामीणों के घरों तक सीधा पानी पहुंचे और पानी की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जील जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कई संयुक्त प्रयास किये जा रहे हैं। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत के उपलक्ष्य में आईएसए बजरंग सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत अजीजपुर विकासखंड नंदगांव जनपद मथुरा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत की महिलाओं को जल जागरूकता और जल संरक्षण के विषय में कोऑर्डिनेटर प्रियंका द्वारा जल जीवन मिशन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर सफलता पूर्वक संचालन किया।

चीनी मिल: बड़ी सवाल यही कहां से आएगा पेराई को गन्ना

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। छाता चीनी मिल को लेकर उम्मीद बढी हैं। अगले सत्र में गन्ना पेराई के ट्रायल की उम्मीद की जा रही है। लेकिन अब भी बडा सवाल यही है कि मिल के लिए गन्ना कहां से आएगा। अभी जनपद में गन्ना की खेती लगभग शून्य है। हालांकि छाता चीनी मिल बंद होने के बाद भी गन्ना विभाग का दफ्तर लगातार मथुरा में खुला रहा और स्टाफ की तैनाती रही है। कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में बैठक ली। कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनपद मथुरा के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। जनपद मथुरा में छाता शुगर कंपनी लिमिटेड छाता चीनी मिल के पुनः संचालन के दृष्टिगत मंत्री ने गन्ना विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली। मंत्री ने गन्ना विकास विभाग एवं चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि चीनी मिल परिक्षेत्र में चीनी मिल संचालन के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम के अन्तर्गत चीनी मिल का संचालन, प्रथम ट्रायल पेराई सत्र 2024 - 25 में कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके अन्तर्गत पुनः चीनी मिल संयंत्र की स्थापना के लिए टेंडर प्रक्रिया का कार्य चल रहा है। टेण्डर नियमानुसार आमंत्रित किये जा चुके हैं तथा टेण्डर प्रक्रिया अतिशीध पूर्ण करने के लिए चीनी मिल संयंत्र में तकनीकी रूप से सेक्शन वाइज टेंडर आमंत्रित किये गये हैं। जिससे अधिक से अधिक प्रतिभागियों द्वारा टेंडर प्रक्रिया में प्रतिभाग करते हुए यह कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। मंत्री ने चीनी मिल संयंत्र तैयार होने के साथ साथ चीनी मिल कार्यक्षेत्र में पेराई के लिए पर्याप्त गन्ने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गन्ना बुवाई के लक्ष्य का निर्धारण करते हुए लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने कहा कि समस्त गन्ना कृषकों को बीज गन्ना एवं सामान्य गन्ना बुवाई में प्रतिभाग कर रहे है।

गन्ना आच्छादन बढ़ाने के प्रयास होंगे

गन्ना आच्छादन बढ़ाने के लिए एवं गन्ना कृषकों को नवीनतम गन्ना बुवाई की वैज्ञानिक विधि की जानकारी प्रदान करने के लिए जनपद के समस्त विकास खण्ड स्तर पर वृहद कृषक गोष्ठी के आयोजन के निर्देश दिए गए। जिससे कि अधिक से अधिक गन्ना किसान गन्ना उत्पादन करते हुए लाभान्वित हो सके। विकास खण्ड स्तरीय कृषक गोष्ठियों के लिए मंत्री द्वारा बताया गया कि उनका प्रयास रहेगा कि वे कृषकों से वार्ता करने के लिए अधिक से अधिक गोष्ठियों में प्रतिभाग कर सके। इसी के साथ ही ग्राम स्तरीय गोष्ठी के लिए समस्त विभागीय स्टाफ को निर्देश दिये गये कि वह कृषक गोष्ठी का आयोजन करने से पूर्व ग्राम वासियों एवं नजदीकी ग्रामों के कृषकों को अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए प्रचार प्रसार करते हुए संबंधित ग्रामों के ग्राम प्रधानों से सम्पर्क स्थापित कर अधिक से अधिक गोष्ठी का आयोजन करेंगे।

लियो के सेट पर संजय दत्त को अप्पा कहकर बुलाते थे लोकेश कनगराज

साउथ के मशहूर फिल्म निर्देशक लोकेश कनगराज इन दिनों अपनी फिल्म लियो को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें दलपति विजय मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। वहीं, बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त भी इस फिल्म में विजय के अपोजिट फिल्म में उनके साथ फाइटिंग सीन करते नजर आएंगे। अब हाल ही में, लोकेश ने संजय संग काम करने के अनुभव को लेकर कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। केजीएफ चैप्टर 2 में यश के साथ काम करने के बाद संजय दत्त अपनी अगली फिल्म लियो को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकेश कनगराज अभिनेता दलपति विजय के साथ अपनी अगली फिल्म के प्रचार के लिए हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इस इंटरव्यू में निर्देशक से संजय दत्त के साथ काम करने का अनुभव पूछा गया। इसपर निर्देशक ने कहा कि अभिनेता को लेकर पहले उनकी धारणा काफी अलग थी। हालांकि, साथ काम करने के बाद दोनों में एक अच्छा बॉन्ड बन गया था।

हाल ही में, एक इंटरव्यू में लोकेश ने कहा, %मुझे उनके साथ काम करने की खूब आजादी मिली है। आप केवल इतना मान लीजिए इससे पहले मुझे यह आजादी श्री और संदीप के साथ काम करने में मिली थी, जो मेरी पहली फिल्म मानगरम थी। पहले उनको लेकर मेरी काफी अलग धारणा थी। संजय को स्क्रिप्ट सुनाने से पहले मेरे मन में चल रहा था कि ठीक है उन्होंने बहुत सी फिल्में की हैं। इसलिए मुझे थोड़ा सतर्क होकर पूरी स्क्रिप्ट सुनानी होगी, लेकिन जब उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में जाना तो वह बहुत खुश हो गए थे। उन्होंने कहा कि मैं उनके बेटे जैसा हूं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मैं उन्हें अप्पा कह कर बुलाऊं। इस दिन रिलीज होगी फिल्मलोकेश कनगराज के जरिए निर्देशित %लियो% दलपति विजय के साथ उनका दूसरा सहयोग है। इससे पहले वह %मास्टर% में साथ काम कर चुके हैं। %लियो% 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आ रही है। यह फिल्म एक फुल-थ्रॉटल गैंगस्टर फिल्म होगी और दलपति विजय का कभी न देखा गया अवतार होगा। फिल्म में संजय दत्त विलेन की भूमिका में नजर आएंगे।

टाइगर 3 से जारी हुआ सलमान का नया लुक

बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान अपनी आगामी फिल्म टाइगर 3 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। सलमान खान हाल ही में अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म टाइगर 3 का टीजर जारी होने के बाद से ही फैंस के बीच चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच फिल्म के ट्रेलर की रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म से सलमान खान का इंटेंस लुक जारी किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सलमान खान बहुप्रतीक्षित टाइगर 3 लाने के लिए तैयार हैं, और ट्रेलर रिलीज से पहले, निर्माताओं, यशराज फिल्म्स ने एक नई तस्वीर जारी की है, जिसमें आगामी फिल्म से रॉ एजेंट टाइगर बन सलमान खान नजर आ रहे हैं। इस नए लुक में भाईजान हाथों में जंजीर लिए नजर आ रहे हैं।

इस पोस्ट को साझा करते हुए सलमान खान ने लिखा, 16 अक्तूबर को आ रहा है टाइगर का ट्रेलर दोपहर 12 बजे। सभी लोग अपने कैलेंडर मार्क कर लें। इस दिवाली सिनेमाघरों में आ रही है फिल्म। हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रहा है।

आनंद ने यूट्यूबर को भेजा नोटिस

सोनम कपूर की रोस्टिंग से खफा पति, हुआ न असर फिर उड़ गया मजाक

सोनम कपूर इन दिनों फिल्मों से दूर और सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव हैं। अभिनेत्री को अपनी निजी जिंदगी की झलकियां साझा कर लाइमलाइट बटोरते देखा जाता है। वहीं, अब अभिनेत्री अपने पति आनंद आहूजा के कारण सुर्खियों में आ गई हैं। आनंद आहूजा ने बीते दिन यूट्यूबर रागिनी को कानूनी नोटिस भेजा। इस सात हजार फॉलोअर्स वाली यूट्यूबर पर आनंद ने ऑनलाइन उनकी और उनकी पत्नी की इमेज को खराब करने का आरोप लगाया। वहीं, नोटिस के बाद रागिनी की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई है। साथ ही रागिनी ने वापस से कपल का मजाक उड़ाया है।

रागिनी ने कुछ महीने पहले सोनम कपूर के पब्लिक में दिए गए एक बयान का मजाक उड़ाते हुए उन पर निशाना साधा था, और उन्हें काफी रोस्ट किया था। वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कंटेंट क्रिएटर रागिनी, जिन्हें सोनम कपूर को रोस्ट करने के चक्कर में उनकी ऑनलाइन कंपनी, जो अभिनेत्री का इंटरनेट पर रेप्यूटेशन मैनेजमेंट देखता है, उनकी तरफ से एक नोटिस गया। हालांकि, कानूनी नोटिस मिलने के बाद यूट्यूबर ने आनंद आहूजा का फिर से मजाक उड़ाया क्योंकि वह कानूनी पत्र में भी दिखावा कर रहे थे। बाद में उनके वीडियो सोशल मीडिया से डिलीट हो गए। नेटिजन्स ने इस विवाद पर

प्रतिक्रिया दी है और सोनम कपूर को ट्रोल किया है। उनमें से एक ने लिखा, %डिलीट मत करो। आपने इन 12 मिनटों में सोनम कपूर से ज्यादा समझदारी दिखाई है। यूट्यूबर के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए एक अन्य सोशल मीडिया यूजर ने कहा, %तुमने उनका एक बड़ा मूर्खतापूर्ण काम मिस कर दिया। कॉफी विद करण पर उन्होंने खुद को एक आइकन कहा, जिस पर उनके पिता भी हंसी नहीं रोक पाए।

गौरतलब हो कि सोनम ने करण जौहर के चैट शो में कहा था, लोग 40 और 50 की उम्र पार करने के बाद आइकन बनते हैं, लेकिन मैं इतनी कम उम्र में एक आइकन बन गई।

अभिनय ही नहीं शब्दों के भी जादूगर हैं ये सितारे, लिख चुके हैं किताबें

बॉलीवुड के कई सितारे अभिनय के अलावा कई दूसरी कलाओं में भी निपुण हैं। किसी को पेंटिंग का शौक है तो कोई सिंगिंग का हुनर रखता है। वहीं, कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो शब्दों के जादूगर हैं। राइटिंग उनका शौक ही नहीं, बल्कि पैशन है। अभिनय से फुरसत पाकर वह लेखन को वक्त देते हैं। कुछ सितारे अखबार और पत्रिकाओं में कॉलम लिखकर पहचान बना रहे हैं, तो कुछ किताब लिख चुके हैं। अभिनेता इमरान हाशमी ने %द किस ऑफ लाइफ% नाम की बुक लिखी है। इस किताब में उन्होंने अपने बेटे अयान के कैंसर के बारे में विस्तार से लिखा है। इमरान ने इस किताब में बताया है कि पेरेंट्स के तौर पर ये उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण समय था। इस बुक में इमरान ने यह भी बताया है कि कैसे उनके बेटे ने कड़े संघर्ष के बाद इस खतरनाक बीमारी को हराने में कामयाबी पाई। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने साल 2017 में अपनी किताब %एन ऑर्डिनेरी लाइफ-ए मेमोइर% रिलीज की थी। इस किताब में उन्होंने बॉलीवुड में अपने संघर्षों को लेकर बात की थी। हालांकि, इस बुक में उन्होंने अपनी को-स्टार निहारिका सिंह को लेकर कुछ दावे किए थे, जो काफी विवादित साबित हुए और नवाज ने पब्लिकली माफी मांगते हुए इस किताब को वापस ले लिया था। ट्विंकल खन्ना ने %मिसेज फनीबोन्स% नाम की किताब लिखी है, इसमें उन्होंने अपनी पर्सनल और पब्लिक लाइफ के बारे में बात की हैं।

ट्विंकल खन्ना अपने एक इंटरव्यू में बता चुकी हैं कि उन्हें एक्ट्रेस बनने का शौक नहीं था और वे हमेशा से ही पढ़ाई में अच्छी थीं और लिखने में उनकी काफी दिलचस्पी थी। आयुष्मान खुराना ने %क्रैकिंग द कोड% नाम की किताब लिखी है, जिसमें उन्होंने अपनी बॉलीवुड यात्रा का जिक्र किया है। बता दें कि आयुष्मान ने बॉलीवुड में एक आउटसाइडर के तौर पर एंट्री ली थी। रियलिटी शो जीतने के बाद वीजे, आरजे के रूप में काम करने के बाद उन्होंने फिल्म स्टार का सफर तय किया। इसी सफर का जिक्र उन्होंने अपनी किताब में किया है, यह किताब उन सभी लोगों के लिए भी है जिनका सपना बॉलीवुड स्टार बनना है।<

पान मसाला का एड कर बुरे फंसे ये सितारे, एक ने तो मांफी मांगने के बाद दोबारा किया विज्ञापन

बॉलीवुड इंडस्ट्री अपनी फिल्मों के साथ साथ कलाकारों को लेकर भी खूब लोकप्रियता बटोरता है। सोशल मीडिया के इस दौर में किसी भी नामचीन हस्ती के बारे में पता लगा पाना दर्शकों के लिए कोई मुश्किल काम नहीं है। आलम यह है कि अब फैंस अपने पसंदीदा सितारे के बारे में सब कुछ जानने के लिए काफी उत्सुक रहते है। ऐसे में दर्शक इन कलाकारों की किसी गलती को अनदेखा भी नहीं करते हैं। आज के इस लेख में हम आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो पान मसाला और गुटखा का प्रचार करने पर बुरी तरह ट्रोल हुए हैं। तो चलिए जानते हैं। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार पिछले दिनों पान मसाला का एड करने पर बुरे फंसे थे, जिसके बाद उन्होंने लोगों से माफी मांग कर ऐसा न करने का वादा किया था। हालांकि, इन सब के बाद भी अक्षय ने विमल का एड किया और अपने फैंस को बुरी तरह निराश किया है। अभिनेता की सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोलिंग हो रही है। अभिनेता अजय देवगन टीवी पर विमल का प्रचार करते आए हैं। अभिनेता की आए दिन इस एड को लेकर खूब आलोचना होती है, लेकिन अजय विमल पान मसाला के ब्रांड एम्बेसडर बन बैठे हैं। अभिनेता विमल के हर नए एड में दिखाई देते हैं और आलम यह है कि अभिनेता के साथ बॉलीवुड के और सितारे जुड़ते नजर आ रहे हैं। बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान अपनी हालिया रिलीज फिल्म जवान की सफलता का आनंद ले रहे हैं। आपको बता दें कि शाहरुख भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शाहरुख भी पान मसाला का एड करके दर्शकों की आलोचना का शिकार हो चुके हैं। हालांकि, अभिनेता भी हालिया विमल के एड में देखे गए हैं। बॉलीवुड के शहंशाह यानी अमिताभ बच्चन इस दिनों कौन बनेगा करोड़पति को लेकर फैंस के बीच छाए हुए हैं। आपको बता दें कि बिग बी भी पान मसाला का एड करने पर ट्रोलिंग का शिकार हो चुके हैं। इसके बाद बिग बी ने दर्शकों से माफी मांगी और भविष्य में ऐसा न करने का वादा भी किया था।

बॉलीवुड इंडस्ट्री में हिट है ये मामा-भांजा की जोड़ी, एक-दूसरे पर लुटाते हैं खूब प्यार

बॉलीवुड इंडस्ट्री अपनी फिल्मों के साथ साथ कलाकारों को लेकर भी खूब लोकप्रियता बटोरता है। सोशल मीडिया के इस दौर में किसी भी नामचीन हस्ती के बारे में पता लगा पाना दर्शकों के लिए कोई मुश्किल काम नहीं है। आलम यह है कि अब फैंस अपने पसंदीदा सितारे के बारे में सब कुछ जानने के लिए काफी उत्सुक रहते है। ऐसे में आज के इस लेख में हम आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रियल लाइफ में मामा-भांजा का खूबसूरत रिश्ता शेयर करते हैं।

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गोविंदा अब भले ही फिल्मों से दूर हो गए हैं, लेकिन अभिनेता आज भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वही, दूसरी तरफ इंडस्ट्री के जाने माने कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक भी अपनी कॉमेडी से लोगों को लोट-पोट करने का दमखम रखते हैं। आपको बता दें कि गोविंदा और कृष्णा रियल लाइफ में मामा और भांजा हैं। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने भी फिल्म लाल सिंह चड्ढा के बाद फिल्मों से लंबा ब्रेक ले लिया है। वहीं, दूसरी ओर इमरान खान भी जल्द ही सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने वाले हैं। आपको बता दें कि आमिर अभिनेता इमरान खान के मामा हैं और दोनों अक्सर साथ में मीडिया में स्पॉट होते हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि साउथ के दिग्गज अभिनेता और राम चरण के पिता चिरंजीवी अल्लू अर्जुन के मामा हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मानें तो दोनों मामा भांजे का खूबसूरत रिश्ता शेयर करते हैं। यह जोड़ी अक्सर मीडिया में स्पॉट होती रहती है। सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी भी राहुल कादरी के साथ एक खूबसूरत रिश्ता शेयर करते हैं। बता दें कि राहुल कादरी रिश्ते में अहान शेट्टी के मामा लगते हैं और दोनों अक्सर मीडिया में स्पॉट भी होते रहते हैं।

सत्यजीत रे लाइफटाइम पुरस्कार से नवाजे जाएंगे माइकल

हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता माइकल डगलस को गोवा में भारत की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। माइकल को 54वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट कर इसकी घोषणा की है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा किया है। अनुराग ने इस पोस्ट में लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि महान हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता माइकल डगलस को 54वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आगे लिखा, हमारे देश (भारत) के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर है। हम दक्षिण एशिया के सबसे प्रमुख फिल्म महोत्सव में उनके साथ-साथ, उनकी पत्नी कैथरीन जेटा जोन्स और उनके बेटे का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। बता दें कि यह फिल्म महोत्सव का 54वां संस्करण है। इसका आयोजन गोवा में 20 नवंबर से 28 नवंबर के बीच किया जाएगा।

कैटरीना कैफ के आभामंडल में घिरे विकी कौशल

अभिनेता विक्की कौशल जहां भी जाते हैं, उनकी पत्नी कैटरीना कैफ का साया उनके साथ हरदम रहता है। जब से दोनों की शादी हुई है, ऐसा शायद ही कोई फिल्मी कार्यक्रम रहा हो जहां इन दोनों से एक दूसरे को लेकर सवाल न पूछे जाते हो। नतीजा अब ये हो रहा है कि विक्की कौशल की फिल्म हाशिये पर हो जाती है और फोकस में आ जाते हैं इन दोनों के रिश्ते। इस बार बारी निर्देशक मेघना गुलजार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सैम बहादुर के टीजर लांच की थी, लेकिन सवाल वही कि कैटरीना कैफ की फिल्मों को लेकर विक्की का क्या कहना है..!

फिल्म %सैम बहादुर% एक दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। इसी दिन रणबीर कपूर की फिल्म %एनिमल% भी रिलीज होगी। इन दोनों फिल्मों की इस टक्कर में बॉक्स ऑफिस का ऊंट किस करवट बैठेगा, ये तो दर्शक तय करेंगे लेकिन सवाल ये भी उठा कि इस फिल्म से पहले और बाद में कैटरीना कैफ की फिल्में भी आ रही हैं। फिल्म %सैम बहादुर% से पहले दिवाली पर कैटरीना कैफ की फिल्म %टाइगर 3% और %सैम बहादुर% की रिलीज के ठीक एक हफ्ते बाद कैटरीना की फिल्म %मेरी क्रिसमस% रिलीज होने जा रही है। विक्की कौशल से उनकी पत्नी कैटरीना कैफ की फिल्मों के रिलीज के बारे में पूछा गया तो विक्की कौशल ने कहा, %कैटरीना मेरी फिल्म के लिए बहुत उत्साहित हैं,

और मैं उनकी फिल्म के लिए उत्साहित हूं। मेरी फिल्म के एक हफ्ते बाद उनकी फिल्म %मेरी क्रिसमस% रिलीज हो रही है। और मेरी फिल्म से दो हफ्ता पहले %टाइगर 3% रिलीज हो रही है। मेरी फिल्म कैटरीना कैफ की दो फिल्मों के बीच सैंडविच की तरह फंसी हुई है। रही बात फिल्म %सैम बहादुर% की तो ये फिल्म भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है। इस बारे में विक्की कौशल ने कहा, %भारतीय सेना की वर्दी पहनना और सैम मानेकशॉ का किरदार निभाना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मैंने अपनी मां और पिताजी से फील्ड मार्शल मानेकशॉ की बहुत सारी कहानियां सुनी है। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इस किरदार को जीवंत करने का मौका मिला। फिल्म की निर्देशक मेघना गुलजार के साथ फिल्म %राजी% में काम कर चुके विक्की कौशल, मेघना गुलजार के निर्देशन में दूसरी बार फिल्म %सैम बहादुर% में काम कर रहे हैं। विक्की कौशल ने बताया, %जब मैं %राजी% के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग कर रहा था तभी मेघना ने मुझे फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के बारे में बताया था। लेकिन उस समय मुझे उम्मीद नहीं थी कि वह इस फिल्म को मुझे लेकर बनाएगी। मुंबई आने के बाद जब उन्होंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट को सुनाने के लिए बुलाया तो मैने बिना स्क्रिप्ट सुने ही फिल्म में काम करने के लिए हामी भर दी क्योंकि हर हाल में इस फिल्म को करना चाह रहा था। फिल्म %सैम बहादुर% के टीजर में विक्की कौशल के जबरदस्त लुक की हर तरफ तारीफ हो रही है। फिल्म में विक्की कौशल के अलावा फातिमा सना शेख, सानिया मल्होत्रा और नीरज काबी की मुख्य भूमिकाएं हैं। %दंगल% और %लूडो% के बाद इस फिल्म में फातिमा सना शेख और सानिया मल्होत्रा एक बार फिर साथ साथ हैं। फिल्म %सैम बहादुर% में फातिमा सना शेख पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं।

मिशन रानीगंज के मेकर्स का बड़ा एलान ऑस्कर में जाएगी अक्षय कुमार की फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी नवीनतम रिलीज फिल्म मिशन रानीगंज को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अक्षय की फ्लॉप फिल्मों की सूची में अब %मिशन रानीगंज% का नाम भी शामिल हो चुका है। अक्षय के साथ-साथ इस फिल्म से निर्माताओं को भी काफी उम्मीदें थीं। %मिशन रानीगंज% सिनेमाघरों में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। अब इस फिल्म को लेकर मेकर्स ने एक बड़ा ऐलान किया है। आज नेशनल सिनेमा डे के मौके पर फिल्म %मिशन रानीगंज% के निर्माताओं ने एक बड़ी घोषणा की है। अक्षय कुमार की %मिशन रानीगंज% को मेकर्स ने ऑस्कर अवॉर्ड में भेजने का फैसला किया है। मेकर्स अब इस फिल्म को ऑस्कर में प्रस्तुत करेंगे। %मिशन रानीगंज% से पहले %आरआरआर% के मेकर्स ने भी यही कदम उठाया था। अक्षय की इस फिल्म की कहानी रियल स्टोरी पर बेस्ड है। हालांकि दर्शकों को कुछ पसंद नहीं आई। अक्षय के साथ इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा स्क्रीन साझा करती हुईं नजर आई हैं। %मिशन रानीगंज द ग्रेट भारत रेस्क्यू% कहानी पश्चिम बंगाल के रानीगंज की है। साल 1989 में पश्चिम बंगाल में रानीगंज कोलफील्ड के ढहने के दौरान 65 खदान श्रमिकों को वहां पहुंचे इंजीनियर जसवंत सिंह गिल ने अपनी सूझबूझ से बचाया था। फिल्म में जसवंत का अहम किरदार अक्षय ने निभाया है। अक्षय ने बखूबी अपने किरदार को पर्दे पर उतारा है। इसके बावजूद फिल्म लोगों के दिलों तक नहीं पहुंच पाई।



इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग लंदन के आस पास के कस्बों में की गई है। खदान के सेट भी वहीं बनाए गए। बाद में इसमें कुछ दृश्य रानीगंज, धनबाद और मुंबई में शूट करके मिला दिए गए हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा के अलावा राजेश शर्मा, रवि किशन और कुमुद मिश्रा जैसे सितारे भी दिखाई दिए हैं। रिलीज के सांतवे दिन %मिशन रानीगंज% महज 1.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। अब तक यह फिल्म 20.8 करोड़ का कारोबार कर पाई है।

एमपी में मायावती बिगाड़ेंगी सियासी समीकरण!

कांग्रेस के लिए यहां सपा से बड़ी चुनौती है बसपा

प्रत्याशी

आंकड़ों के मुताबिक बहुजन समाज पार्टी में पिछले साल के चुनाव में तकरीबन 68 सीटों पर दूसरे और तीसरे नंबर पर उसके प्रत्याशी रहे थे।

भोपाल। मध्यप्रदेश में जैसे-जैसे विधानसभा के चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, सियासी तपिश भी बढ़ती जा रही है। वैसे तो सियासी समीकरणों के लिहाज से मध्यप्रदेश में सीधे तौर पर लड़ाई भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस की हो रही है, लेकिन एक पार्टी और भी है जो इस वक्त मध्यप्रदेश की तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी भी है और अगर उस पार्टी का सही सियासी दांव चला तो मध्यप्रदेश में बड़े-बड़े सियासी समीकरणों की गणित बिगाड़ सकती है। आंकड़ों के मुताबिक बहुजन समाज पार्टी में पिछले साल के चुनाव में तकरीबन 68 सीटों पर दूसरे और तीसरे नंबर पर उसके प्रत्याशी रहे थे। इस बार बहुजन समाज पार्टी ने मध्यप्रदेश की गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन कर आदिवासी और दलितों को साधने के साथ एक बड़े सियासी समीकरण को लेकर दांव चला है।

मध्यप्रदेश की सियासत में इस वक्त भाजपा और कांग्रेस के अलावा तीसरी जिस पार्टी की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, वह समाजवादी पार्टी है। लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि चर्चा भले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन में सीटों के मिलने और न मिलने की हो। लेकिन असली खेल बनाने और बिगाड़ने में बहुजन समाज पार्टी का बहुत बड़ा रोल होने वाला है। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार उमंग सक्सेना कहते हैं कि कांग्रेस ने अपना जो भी सियासी आकलन किया हो और उसी आकलन के बाद ही कांग्रेस के लिए कोई सीट भले न छोड़ी गई हो। लेकिन अभी भी असली खतरा कांग्रेस के लिए सपा से ज्यादा बहुजन समाज पार्टी बन सकती है। उमंग कहते हैं कि आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि पिछले चुनाव में अगर समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस का नुकसान किया तो बहुजन समाज पार्टी ने भी मजबूती के साथ न सिर्फ कांग्रेस का नुकसान किया, बल्कि कुछ सीटों पर ऐसे सियासी समीकरण बैठे की भाजपा का भी थोड़ा बहुत नुकसान हुआ।

उमंग कहते हैं कि मध्यप्रदेश की तकरीबन 68 सीटें ऐसी थीं, जहां पर बहुजन समाज पार्टी 2018 के चुनाव में दूसरे या तीसरे नंबर पर रही थी। इनमें कई सीटें तो ऐसी थीं जो की बहुजन समाज पार्टी के चलते ही कांग्रेस के हाथ से खुले तौर पर फिसल गई। मध्यप्रदेश चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि यहां की अटेर विधानसभा सीट में कांग्रेस तकरीबन 5000 वोटो से चुनाव हार गई थी। इसी सीट पर बहुजन समाज पार्टी को 16 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। इसी तरह मध्यप्रदेश की कोलारस सीट पर कांग्रेस महज 720 वोटों से चुनाव हार गई। जबकि बहुजन समाज पार्टी को इसी सीट पर 16 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। मध्यप्रदेश के ही बीना में कांग्रेस 632 वोटों से चुनाव हारी थी। जबकि इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने तकरीबन 7000 वोट पाकर कांग्रेस का सियासी समीकरण बिगाड़ दिया था। आंकड़े बताते हैं कि टीकमगढ़ में कांग्रेस 4175 वोटो से हारी थी। जबकि इसी सीट पर बहुजन समाज पार्टी को तकरीबन 10 हजार वोट मिले थे।

टिकट बंटवारे के बाद उठे विरोध के स्वर, कमल नाथ के घर के बाहर कार्यकर्ताओं की नारेबाजी

विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग से अपील की है कि मतदाताओं को वीवीपैट पर्चियां दे दी जाएं। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य में ट्रायल के दौरान ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ की गई। दिग्विजय सिंह ने अपने दावे के पक्ष में एक वीडियो का लिंक भी साझा किया। दिग्विजय सिंह ने कहा कि चुनाव से पहले दी गई वीवीपैट पर्चियों को मतदान के दौरान अलग बैलेट बॉक्स में रखा जाएगा। मतगणना के दौरान कोई भी 10 बैलेट बॉक्स की पर्चियों का नतीजों से क्रॉस चेक किया जाएगा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं की मांग है कि पार्टी ने नर्मदापुरम, सिवनी मालवा और रामपुर बघेलान सीट से जो उम्मीदवार तय किए गए हैं, उन्हें बदला जाए। हालांकि कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन नहीं है क्योंकि वह कांग्रेस की विचारधारा के समर्थक हैं लेकिन गलत आदमी को टिकट दिया गया है और हम मांग कर रहे हैं कि उम्मीदवार को बदला जाए।

मध्य प्रदेश में टिकटों के बंटवारे के साथ ही विरोध के स्वर भी उठ गए हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के आवास के बाहर इकट्ठा हुए और उम्मीदवार बदलने की मांग की। कार्यकर्ताओं की नाराजगी को देखते हुए कमलनाथ ने प्रदर्शनकारियों को घर के अंदर बुलाया और उन्हें समझाइश दी। आम आदमी पार्टी ने सिंगरौली सीट से किया उम्मीदवार का एलान। पार्टी ने सिंगरौली से रानी अग्रवाल को टिकट दिया है। राम नवमी के दिन मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह ने अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ मिलकर भोपाल स्थित अपने आवास पर कंजक पूजा की और कन्याओं को भोज कराया।

गाजा पर इस्राइली हमलों के विरोध में मुस्लिम लीग का एलान, 26 को कोझिकोड में रैली आयोजित होगी

सुनवाई

कुन्हालीकुट्टी ने कहा, 'यह सब होने के बावजूद, पश्चिमी देश और यूरोपीय देश इस्राइल को अधिक समर्थन दे रहे हैं। उनके बीच इस्राइल का समर्थन करने के लिए होड़ मची है ।'

मलप्पुरम। इस्राइल-हमास संघर्ष को 17 दिन होने जा रहे हैं। छह हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच, केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ में सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सोमवार को एलान किया है कि वह इस्राइल के हमलों का विरोध करने के लिए इस सप्ताह एक बड़ी रैली आयोजित करेगा।

मुस्लिम लीग इस्राइल की बमबारी में बच्चों सहित आम नागरिकों की कथित हत्या का विरोध कर रहा है। आईयूएमएल के राष्ट्रीय महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस्राइल की कार्रवाई के खिलाफ ब्रिटेन और अमेरिका समेत कई देशों और यहां तक कि कई भारतीय शहरों में भी विरोध रैलियां आयोजित की गई हैं।

केरल के मलप्पुरम जिले के वेंगारा विधानसभा क्षेत्र से यूडीएफ विधायक कुन्हालीकुट्टी ने कहा, 'इन परिस्थितियों में, हमने 26 अक्तूबर को कोझिकोड में सबसे बड़ी शांतिपूर्ण विरोध रैली आयोजित करने का फैसला किया।'

उन्होंने कहा कि अगर इंसान का विवेक जाग जाए तो विरोध का असर होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने इस्राइल की वर्तमान सरकार पर भी निशाना साधा। ईयूएमएल नेता ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि दुनिया की अंतरात्मा मर गई है क्योंकि कोई भी देश संघर्ष को समाप्त करने के लिए कदम नहीं उठा रहा है।

कुन्हालीकुट्टी ने कहा, 'यह सब होने के बावजूद, पश्चिमी देश और यूरोपीय देश इस्राइल को अधिक समर्थन दे रहे हैं। उनके बीच इस्राइल का समर्थन करने के लिए होड़ मची है ।'

उन्होंने कहा, 'इस्राइल की हरकतें यह सवाल उठाती हैं कि क्या दुनिया और मानवता की अंतरात्मा पंगु बन गई है।'

केरल के पूर्व मंत्री ने यह भी तर्क दिया कि यदि अमेरिका सहित पश्चिमी देशों ने पहले हस्तक्षेप किया होता, तो संघर्ष को टाला जा सकता था।

हाशिए पर मौजूद लोगों के खिलाफ हुई ऐतिहासिक गलतियों को कानून व्यवस्था ने कायम रखा: सीजेआई

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारी कानून व्यवस्था ने भी इसे बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। जैसे अमेरिका और भारत के कुछ हिस्सों में गुलामी व्यवस्था को कानूनी तौर पर मान्यता दी गई।

देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि हाशिए पर मौजूद सामाजिक वर्गों के खिलाफ हुई ऐतिहासिक गलतियों को कायम रखने में, दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था ने भी अहम भूमिका निभाई है। रविवार को अमेरिका में मैसाच्युसेट्स की ब्रांडेस यूनिवर्सिटी में डॉ. बीआर अंबेडकर की अधूरी विरासत पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने ये बात कही।

अपने संबोधन में भारत के चीफ जस्टिस ने कहा कि इतिहास में हाशिए पर छूटे सामाजिक वर्गों को खिलाफ सामाजिक असमानता, पूर्वाग्रह और शक्ति के असंतुलन के चलते कई ऐतिहासिक गलतियां हुईं। इनमें ट्रांस अटलांटिक व्यापार के तहत लाखों अफ्रीकी नागरिकों को जबरन गुलाम बनाना और उनका विस्थापन, मूल अमेरिकियों का विस्थापन, भारत में जातीय भेदभाव से करोड़ों लोग प्रभावित हुए और आदिवासी समुदायों का शोषण, महिलाओं का शोषण, एलजीबीटीक्यू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों का शोषण जैसी घटनाओं से इतिहास दागदार है। ऐसी सामाजिक व्यवस्था बनाई गई, जिसमें हाशिये पर मौजूद वर्गों को उभरने की इजाजत नहीं थी।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारी कानून व्यवस्था ने भी इसे बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई। जैसे अमेरिका और भारत के कुछ हिस्सों में गुलामी व्यवस्था को कानूनी तौर पर मान्यता दी गई। अमेरिका में भेदभाव वाले कानून बनाए गए। जिम क्रो कानूनों के जरिए मूल लोगों को निशाना बनाया गया और कानूनी व्यवस्था को सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों पर अत्याचार के लिए हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया। अमेरिका और भारत में शोषित वर्ग को लंबे समय तक मतदान के अधिकार से वंचित रखा गया। इस तरह कानून को भेदभाव वाली व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इस्तेमाल किया गया।

डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आज ये भेदभाव वाले कानून नहीं हैं लेकिन इसका प्रभाव कई पीढ़ियों तक रहेगा। भारत में आजादी के बाद कई अहम कदम उठाए गए, जिससे सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को ऐसे मौके मिले, जिनसे उन्हें रोजगार, पढ़ाई में प्रतिनिधित्व मिला।

सियाचिन में अग्निवीर का बलिदान

मुंबई। पिता लक्ष्मण गवाते ने पत्रकारों से कहा कि वह कॉलेज में पढ़ता था तभी से ही सेना में भर्ती होना चाहता था। हालांकि हम सब मना करते थे कि आर्मी में नहीं जाना है। बीकॉम की डिग्री हासिल करने के बाद वो सेना में भर्ती हो गया। अग्निवीर गवाते अक्षय लक्ष्मण का पार्थिव शरीर बुलढाणा जिले के पिंपलगांव सराय गांव में उनके आवास पर पहुंच गया है। ऐसे में पूरा गांव गमगीन माहौल में डूबा हुआ है। घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। बता दें, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के सियाचिन में ऊंचे बर्फीले पर्वतों के बीच तैनात लक्ष्मण पहले अग्निवीर हैं, जिन्होंने देश पर प्राण न्यौछावर कर दिए।

पिता लक्ष्मण गवाते ने पत्रकारों से कहा कि वह कॉलेज में पढ़ता था तभी से ही सेना में भर्ती होना चाहता था। हालांकि हम सब मना करते थे कि आर्मी में नहीं जाना है। बीकॉम की डिग्री हासिल करने के बाद वो सेना में भर्ती हो गया।

रिहायशी इमारत पर हमले में 30 फलस्तीनियों की मौत

तेल अवीव। इस्राइल के हमले में 30 फलस्तीनी नागरिकों की मौत की खबर है। फलस्तीनी मीडिया ने सोमवार को यह दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल ने गाजा में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया। जिस इमारत को निशाना बनाया गया, वह गाजा के जबालिया शरणार्थी कैंप के अल-शुहादा इलाके में स्थित थी। फलस्तीनी मीडिया के अनुसार, हमले के बाद इमारत पूरी तरह से तबाह हो गई और इमारत में मौजूद कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई।

वहीं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि बीते 24 घंटे में इस्राइल के हवाई हमले में 266 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हुई है, इनमें 117 बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बीते दो हफ्ते में इस्राइल के हमले में गाजा पट्टी में 4600 लोगों की मौत हुई है।

इस्राइल-हमास संघर्ष में मौतों का आंकड़ा 6000 के पार, ईरान ने जारी की चेतावनी

आंकड़ा

दोनों ही तरफ से अब तक किए गए हमलों में मौतों का आंकड़ा अब 6000 के पार चला गया है।

यरुशलम। इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब दो हफ्ते से ज्यादा समय हो चुका है। दोनों ही तरफ से अब तक किए गए हमलों में मौतों का आंकड़ा अब 6000 के पार चला गया है। जहां इस्राइल में हमास के हमले में 1400 की जान गई है, वहीं गाजा पट्टी पर इस्राइल की जवाबी कार्रवाई में मौतों का आंकड़ा 4600 के पार जा चुका है। दोनों तरफ से इस संघर्ष के बीच ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्ला ने भी इस्राइल पर हमले जारी रखे हैं, जिसे लेकर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी जारी की।

ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस सोमवार को इस्राइल पहुंचे। हमास से संघर्ष के बीच वे इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि फ्रांस के पीएम इमैनुएल मैक्रों भी जल्द इस्राइल पहुंच सकते हैं।

मिस्र के राफा बॉर्डर से मानवीय मदद का तीसरा जत्था रवाना हो गया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इस्राइल की आपत्तियों के बावजूद गाजा के लिए मदद का पहुंचना जारी है। इस्राइल ने गाजा पट्टी के साथ-साथ फलस्तीन के वेस्ट बैंक पर भी हमला बोला है। आतंकी ठिकानों को तबाह करने के मिशन के दौरान सेना ने रामाल्लाह में जलाजोन रिफ्यूजी कैंप में छापेमारी की, जहां मुठभेड़ में दो फलस्तीनी नागरिक मार गिराए गए। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये जानकारी दी।

इस्राइल अपने दुश्मनों से चुन-चुनकर बदला लेने के लिए जाना जाता है। बीते दिनों हमास के हमले में 1400 इस्राइली नागरिकों की मौत हुई थी। अब खबर आ रही है कि इस्राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद और शिन बेत ने हमास के हढमले का बदला लेने के लिए एक खास कमांडो यूनिट बनाई है। इस कमांडो यूनिट का उद्देश्य इस्राइल पर हमला करने वाले हमास से बदला लेना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस नई यूनिट का नाम प्रथम विश्व युद्ध के समय खुफिया यहूदी संगठन निली के नाम पर रखा गया है।

इस्राइल की सेना की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि हमास ने गाजा पट्टी में 222 लोगों को बंधक बनाकर रखा है। इनमें इस्राइली नागरिकों के साथ-साथ कुछ और देश के लोग भी शामिल हैं।

इस्राइली सेना ने पिछले एक दिन में गाजा में 320 ठिकानों को निशाना बनाया है। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि उसने हमास की कई सुरंगों और हेडक्वार्टर को तबाह किया है। इतना ही नहीं सेना ने गाजा में पैदल सेना को भेजने के लिए भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस्राइली डिफेंस फोर्सेज ने एक ट्वीट में बताया कि सेना ने लेबनान में हिज्बुल्ला के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला किया है। इनमें एक सैन्य कंपाउंड और एक निगरानी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पोस्ट शामिल है। आईडीएफ ने कहा कि सीमा पर ही हिज्बुल्ला के चार सेल को भी तबाह किया गया है।

गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में पूर्व पीएम इमरान खान पर आरोप तय

जेल में ही हुई मामले की सुनवाई

लाहौर। इमरान ने पिछले साल मार्च में कथित तौर पर अमेरिका को पाकिस्तान के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (साइफर) को लीक किया था। इसी मामले में उन पर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप लगा था।

पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने देश के गोपनीयता कानूनों का उल्लंघन करने से जुड़े साइफर मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर आरोप तय किए गए हैं। इमरान के साथ पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी पर भी इस मामले में आरोप तय किए गए हैं।

गौरतलब है कि इमरान ने पिछले साल मार्च में कथित तौर पर अमेरिका को पाकिस्तान के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (साइफर) को लीक किया था। इसी मामले में उन पर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप लगा थ और इस साल अगस्त में उन्हें गिरफ्तार किया गया। इमरान ने उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल यह बताने के लिए किया था कि उनकी सरकार को विदेशी साजिश के तहत गिराया गया था।

मामले की सुनवाई रावलपिंडी की अदियाला जेल में विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने की। हालांकि, इमरान और कुरैशी ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताया है।

कार दुर्घटना के बाद भारतवंशी बुजुर्ग सिख की बुरी तरह की पिटाई, सिर में चोट लगने से हुई मौत

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क में कार दुर्घटना के बाद 66 वर्षीय भारतीय मूल के सिख बुजुर्ग की एक व्यक्ति ने पीट पीट कर हत्या कर दी। शहर के मेयर एरिक एडम्स ने एक्स सिख की मौत पर शोक व्यक्त किया है। बता दें, न्यूयॉर्क में सिखों पर लगातार हमले हो रहे हैं। सिखों के खिलाफ करीब एक सप्ताह में यह दूसरी दुखद घटना है।

एक कार दुर्घटना के बाद 30 वर्षीय गिल्बर्ट ऑगस्टिन ने जसमेर सिंह पर हमला कर दिया था, जिससे उनके सिर में चोट लग गई थी। गंभीर हालत में उन्हें क्वींस के अस्पताल ले जाया गया, जहां एक दिन बाद उनकी मौत हो गई। जसमेर सिंह के साथ मारपीट की घटना 19 अक्तूबर को हुई थी। गिल्बर्ट ऑगस्टिन को 20 अक्तूबर को गिरफ्तार कर लिया गया था।

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने घटना की निंदा की है और समुदाय की रक्षा करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, 'जसमेर सिंह न्यूयॉर्क शहर से प्यार करते थे और

अपनी दुखद मौत से कहीं अधिक के हकदार थे। सभी न्यूयॉर्क वासियों की ओर से, मैं चाहता हूं कि हमारा सिख समुदाय यह जाने कि आपके प्रति हमारी संवेदनाएं अधिक हैं। हम उस नफरत को अस्वीकार करते हैं जिसने इस निर्दोष की जान ले ली और हम आपकी रक्षा करेंगे।'

यह है पूरा मामला

भारतीय मूल के सिख और ऑगस्टिन की कार आपस में टकरा गई थी। हादसे की वजह से कारों में खरोंच आ गई। इस पर ऑगस्टिन आग बबूला हो गया। इस पर सिंह ने 911 पर फोन करने की कोशिश की तो उसने फोन छीन लिया। ऑगस्टिन से अपना फोन लेने के लिए सिंह उसके पीछे जाने लगे। इस पर दोनों के बीच बहस होने लगी।

सिंह ऑगस्टिन से अपना फोन लेने के बाद अपनी कार में वापस चले गए। इस पर आरोपी ने सिख के सिर और चेहरे पर तीन बार मुक्का मारा। सिंह जमीन पर गिर गए और उनके सिर पर चोट लग गई। बाद में, ऑगस्टिन घटनास्थल से फरार हो गया। सिंह को गंभीर हालत में एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां सिर की चोट के कारण उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को ऑगस्टिन को दुर्घटनास्थल से लगभग दो मील की दूरी पर गिरफ्तार कर लिया।

मस्क ने मेटा के बाद विकिपीडिया से लिया पंगा कहा- अगर नाम बदला तो दूंगा एक अरब डॉलर

वाशिंगटन। अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क ने पिछले साल ट्विटर को पूरी तरह से खरीद लिया था। इसके बाद से ही वह नए-नए बदलाव करते रहे हैं। कुछ महीनों पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर का नाम बदलकर एक्स रख दिया था।

अरबपति एलन मस्क अपने बयानों की वजह से हमेशा ही चर्चा में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने मेटा को चुनौती दी थी, जिसके बाद माहौल गर्मा गया था। वहीं, अब उन्होंने विकिपीडिया से भी पंगा ले लिया है। उन्होंने कहा कि अगर विकिपीडिया अपना नाम बदलेगा तो वह उसे एक अरब डॉलर देंगे।

गौरतलब है, अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क ने पिछले साल ट्विटर को पूरी तरह से खरीद लिया था। इसके बाद से ही

चुनौती

अरबपति एलन मस्क अपने बयानों की वजह से हमेशा ही चर्चा में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने मेटा को चुनौती दी थी

वह नए-नए बदलाव करते रहे हैं। कुछ महीनों पहले ही ट्वीटर का नाम बदलकर एक्स रख दिया था। अब इस बीच उन्होंने विकिपीडिया को भी चैलंज दिया है।

अरबपति ने कहा, 'अगर विकिपीडिया अपना नाम बदलता है तो मैं उसे एक अरब डॉलर दूंगा।' इस पर यूजर ने विकिपीडिया को नाम बदलने की सलाह दी और

कहा जैसे ही रुपये मिल जाए वापस आप अपना नाम बदल लेना। इस पर मस्क ने एक शर्त रख दी। उन्होंने कहा कि मैं पागल नहीं हूं। विकिपीडिया को कम से कम एक साल के लिए नाम बदलना होगा।

टेस्ला के सीईओ ने एक और पोस्ट किया। उसमें उन्होंने विकिपीडिया के होमपेज का एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें उल्लेख किया गया था कि जिमी वेल्स की तरफ से अपील है कि विकिपीडिया बिक्री के लिए नहीं है। मस्क ने कहा, 'क्या आपने कभी सोचा है कि विकिमीडिया फाउंडेशन इतना पैसा क्यों चाहता है? विकिपीडिया को संचालित करने के लिए निश्चित रूप से इसकी आवश्यकता नहीं है। दिमाग वाले लोग जानना चाहते हैं कि आप सचमुच अपने फोन से कुछ भी लिख सकते हैं! तो पैसे किसलिए चाहिए?'

मस्क ने एक पोस्ट में यह भी पूछा कि क्या उनके विकीपीडिया पेज पर एक गाय और एक पूप इमोजी जोड़ा जा सकता है।

पोस्ट साझा करने के बाद से लेकर अबतक 99 लाख बार देखा गया है और एक लाख से अधिक लाइक्स मिले हैं।

मड़ियाहूं ने मेंहदीगंज को हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी रयां में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनाम संवाददाता

जौनपुर (सुजानगंज) क्षेत्र के रयां (मोहरियांव) ग्राम सभा में जय बजरंग दल कबड्डी दल द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का रविवार देर शाम समापन हुआ जहां पर कई जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अजय शंकर दुबे द्वारा प्रथम विजेता मड़ियाहूं टीम को 11111रूपये तथा द्वितीय स्थान पर मेहंदी गंज को 5555 एवं तृतीय स्थान पर प्रतापगढ़ को 3333 नगद धनराशि का पुरस्कार देते हुए कहां खेल से इंसान स्वस्थ एवं निरोगित रहता है खेल को खेल की ही भावना से खेलना चाहिए खेल में किसी प्रकार की कटुता नहीं आनी चाहिए।विशिष्ट अतिथि राम पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम इकबाल यादव व ग्राम प्रधान ऊंचगांव संतोष सिंह रहे. प्रतियोगिता के संयोजक दुर्गेश द्विवेदी ,मणि शंकर यादव, दुर्गेश पांडे, संतोष यादव, राजेंद्र प्रजापति क्षेम पंचायत सदस्य, उमाशंकर यादव, विकास सिंह, नीरज सिंह, विनय प्रकाश यादव, आशुतोष दुबे, सूरज दुबे, प्रमोद पांडे सहित कार्यकर्ता कन्हैया, सोनू, अभिनेश, सुमित, संगमजीत, युगांक, सागर, आयुष, प्रमोद, संतोष, संदीप आदि लोगों की भूमिका उल्लेखनीय रही।

श्री बाघंबरी मठ में भव्यता से हुई नवमी का पूजन

अवधनाम संवाददाता

प्रयागराज। बाघंबरी मठ में नवमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बाघंबरी मठ में बागेश्वरी देवी का विशेष श्रृंगार हुआ। महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने कन्याओं के पांव पखारे। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर सोमवार को बाघंबरी मठ में सुबह महंत बलबीर गिरि महाराज ने देवी बागेश्वरी की पूजा की। इसके बाद देवी स्वरूप कन्याओं के पांव पखारते हुए पूजन किया। परंपरागत नवमी पूजन का अनुष्ठान उन्होंने अपने हाथों से किया। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराने के पश्चात दक्षिणा और उपहार देकर उन्हें विदा किया। मठ के प्रमुख महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने सुबह बागेश्वरी देवी का अभिषेक किया। इसके बाद श्रंगार और आरती की। महंत बलबीर गिरि ने बताया कि नवरात्रि की नवमी तिथि के अवसर पर मठ में विशेष पूजा अर्चना हुई। मां बागेश्वरी से सभी भक्तों के लिए मंगल कामना की गई।

माता रानी के भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

पूरी रात्रि महिलाओं ने मां का किया भजन कीर्तन

अवधनाम संवाददाता

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। शारदीय नवरात्र में देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए लोग उमड़ रहे हैं। वही मुंगरा बादशाहपुर कस्बे के हनुमान मंदिर पर लगे दुर्गा पंडाल में दुर्गा और देवी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। पूजा पंडाल में भजन कीर्तन और आरती से माहौल भक्ति में बना रहा।

बीते रविवार की रात में हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने शिरकत की। शाम से रात तक महिलाओं ने बीच में भवानी आई रे मां कालिका.., चलो बुलावा आया है.., ले लो हमारा प्रणाम नव दुर्गे.., अंबे है मेरी मां दुर्गे है मेरी मां.. समेत कई भजन गाए। महिलाओं में सीता गुप्ता, पिंकी गुप्ता ,पूजा गुप्ता ,सानू गुप्ता, मंजू गुप्ता ,वंदना गुप्ता ,जानकी देवी व मंजू आदि महिलाओं ने पूजा अर्चना कर सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं कस्बे के जंघई रोड स्थित बाबा कुबेर दास नवयुग दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में अध्यक्ष संतोष मोदनवाल ने 101 कन्याओं का पूजन किया गया।

बॉलीवुड एक्टर ने अल्फा वेंचर्स डॉक्टर नेचर आयुर्वेदिक एजेंसी का किया उद्घाटन

अवधनाम संवाददाता

जौनपुर। शहर के सिपाह स्थित आयुर्वेदिक दवा एजेंसी अल्फा वेंचर्स डॉक्टर नेचर आयुर्वेदिक एजेंसी का भव्य उद्घाटन बॉलीवुड एक्टर जे पी शर्मा के द्वारा किया गया,श्री शर्मा रामानंद सागर कृत श्री कृष्णा में ऐतिहासिक रोल मामा शकुनि का कर चुके हैं इसके बाद भी उन्होंने बहुत सारी पिक्चरों में साइड रोल किया है और बहुत सारे सीरियल में भी वह लीड रोल में रह चुके हैं यहां पहुंचे श्री शर्मा ने बताया कि आज लोग कोरोना काल के बाद से आयुर्वेदिक की तरफ लोगों का रुझान बड़ा है आयुर्वेदिक की दवाओं में किसी भी प्रकार का कोई दोष नहीं होता यह रोग को अगर सही नहीं भी करती है तो इससे शरीर को कोई हानि भी नहीं पहुंचती। इस मौके पर डॉक्टर शमीम, डॉ दीपिका सिंह ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किए कार्यक्रम का संचालन अजीत कुमार ने किया डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बीमारी के कारण और उसके उपचार बताए ,आए हुए मेहमानों का धन्यवाद अधिष्ठता शब्बीर हैदर और प्रिंस खान ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मुख्य रूप से रियाजुल हक,बख्तियार आलम,गोविंद कुमार गौरव,सलीम शहजादे,अजमत अली और विकास प्रजापति,मिन्हाल हैदर,आशीष सिंह सिंपल,आदि लोग उपस्थित रहे।

एक सप्ताह से लापता अधेड़ का नही मिल रहा कोई सुराग, परिजन परेश

सुजानगंज पुलिस पर अखिर किसका है दबाव परिजन ने सुनाई अपनी व्यथा

अवधनाम संवाददाता

जौनपुर (सुजानगंज) क्षेत्र के उचगांव निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र लाल साहब सिंह करीब एक सप्ताह पूर्व अपने घर से दो पड़ोसी के साथ बाजार गए हुए थे । शाम तक वापस नहीं आए तो परिजन ढूंढने लगे जिनके साथ गए थे उनसे पूछा तो उन्होनें कहा कि मैं इण्टर कालेज के पास उनको रात्रि के लगभग 9 बजे छोड़कर अपने घर वापस आ गया था उसके बाद वो कहा गए मुझे नहीं पता है । एक दो दिन बाद भी जब पता नहीं चला तो उनके पुत्र अंकित सिंह ने थाने में लिखित तहरीर दी। जिसमें पुलिस को महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित घटना स्थल पर पहुचने में कई घंटे लगे तहरीर देने के उपरांत थाने से बोला गया पुलिस अभी जा रही है परंतु समय से नहीं पहुंची पुलिस जिसके कारण पुनः गाँव के लोगों ने थाने पर आकार पुलिस से विनती की कि एक बार आप मौके पर आकार तहकीकात करे परंतु थानाध्यक्ष ने हीलाहवाली दिखाते हुए झूठा देते हुए परिजनों को वापस भेज दिया परिजनों का आरोप है कि पुलिस छानबीन में न तो सहयोग कर रही है और न ही किसी से पूछताछ कर रही है जबकि हमने उनके साथ गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने को बोला तो 7 दिनों बाद दोनों व्यक्तियों को थानाध्यक्ष ने बुलाया और उनके परिवार और संबंधित पुलिस विभाग में बड़े अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं साथ ही साथ क्षेत्रीय राजपूत संगठनों का संरक्षण भी मिल रहा है जिसके दबाव में थानाध्यक्ष अब मुझ जैसे छोटे व्यक्ति को यदि न्याय नहीं मिलेगा तो हम लोग कहा जाएंगे. इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सैय्यद हुसैन ने बताया कि गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

मिशन शक्ति के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन

आजमगढ़। मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रेरित से होकर नवरात्रि के प्रथम दिवस से आरम्भ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आज नौवें दिन सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रत्येक दिन चिकित्सालय से पूर्ण स्वस्थ होकर अपने घर प्रस्थान करने वाले सभी नवजात शिशुओं एवं उनको जन्म देने वाली माताओं का सम्मान किया गया। इस क्रम में सभी नवजात शिशुओं को एक कम्बल तथा सभी माताओं को एक साल भेंट किसा गया। इस दौरान कुल 192 शिशुओं एवं उनकी माताओं का सम्मान किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विनय कुमार सिंह द्वारा लगातार यह संदेश देने का प्रयास का किया गया कि प्रत्येक शिशु को समय से टीकाकरण करायें, छः माह तक केवल मां का दूध पिलाये।

हनुमान घाट के शेष भागों में जल्द होगा नए घाटों का निर्माण

अवधनाम संवाददाता

जौनपुर। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी आज नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गोमती नदी के किनारे बन रहे गोमती रिवर फ्रंट का निरक्षण किया।इस परियोजना के अंतर्गत सद्भावना पुल से हनुमान घाट होते हुए बजरंग घाट तक रिवर फ्रंट का निर्माण कर चल रहा है राज्य मंत्री ने मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के अधिकारी व कॉन्टैक्टर को जल्द से जल्द काम करने का निर्देश दिया। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने कहा कि रिवर फ्रंट के निर्माण के साथ-साथ हनुमान घाट के शेष भाग विद्यावासिनी तक नए घाट के निर्माण के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट से अति शीघ्र करने की प्रक्रिया चल रही है। जिसका काम अति शीघ्र प्रारंभ होगा। हनुमान घाट के शेष भाग में नए घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण से नगर वासियों को लाभ मिलेगा और पर्यटन की दृष्टि से भी जनपद को बढ़ावा मिलेगा।

एसजेसी के अथर्व ने जीता स्वर्ण, प्रबहल को कांस्य

अवधनाम संवाददाता

प्रयागराज। पुणे (महाराष्ट्र) में 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित सीआईएससीई नेशनल स्पोर्ट्स मीट में सेंट जोसेफ़ कॉलेज प्रयागराज के अथर्व श्रीवास्तव और बीएचएस के अर्पित श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश और उत्तरखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक अंडर-17 टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। सेंट जोसेफ़ कॉलेज के क्रीड़ा प्रभारी शबी रफीक से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुणे के बिशप को-एड स्कूल कल्याणी नगर में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में अथर्व और अर्पित ने बालक अंडर-17 टीम स्पर्धा में पिछले बार की चैपियन कर्नाटक को ग्रुप मैच में 3-2 से हराकर यूपी-यूके को सेमीफाइनल में पहुंचाया। सेमीफाइनल में वेस्ट मिंस्टर बंगाल को 3-2 से हराया। फाइनल में में मेजबान महाराष्ट्र व गोवा की संयुक्त टीम को 3-2 से मात देते हुए उत्तर प्रदेश व उत्तरखंड को टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाया। इसी प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ़ कॉलेज के प्रबल सिंह ने बालक अंडर-19 टीम स्पर्धा में यूपी-यूके के लिए कांस्य पदक हासिल किया।

बंद मकान में फिर चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम

आजमगढ़। अहरौला क्षेत्र में लगातार हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से जहां लोग डर और दशक के माहौल में जी रहे हैं वही एक बार फ़िर बैखौफ चोरों ने बंद मकान को अपना निशाना बनाया है। चोरों ने बंद मकान के पीछे से खिड़की तोड़कर अंदर घुसकर मकान के अंदर रखी अलमारी का लांक तोड़कर पच्चीस हजार नगदी और दो लाख मूल्य से ऊपर के आभूषण चुरा ले गए पीड़ित रविवार लगभग देर रात 07:00 बजे परिवार के साथ घर पहुंचा में दरवाजा अंदर से बंद था किसी तरह से बगल से छत के सहारे घर में पहुंचे पीछे खिड़की टूटी हुई थी और अलमारी का लांक भी तोड़ा हुआ था तब चोरी का पता चला पीड़ित के द्वारा अहरौला थाना में लिखित तहरीर दी है।

महिला सुरक्षा हेतु योगी सरकार ने रोडवेज बसों में सुविधाएं बढ़ाई

प्रयागराज रीजन में 50 रोडवेज बसें हुई पैनिक बटन से लैस

सभी महानगरीय बसों में लगाए गए पैनिक बटन और कैमरे

अवधनाम संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति के जरिए सरकार मातृ शक्ति को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन दिला रही है ।

सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोडवेज बसों में सफर करने वाली महिलाओ की सुरक्षा को लेकर पहल की है। यूपी रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगाया जा रहा है। चलती बस में अगर कोई महिला अपने आप को असुरक्षित महसूस करती है तो पैनिक बटन दबाते ही तत्काल मदद के लिए पुलिस पहुंचेगी। इससे महिला यात्री बसों में सफर के दौरान खुद को पहले से ज्यादा सुरक्षित महसूस करेंगी।

ट्रैकिंग डिवाइस उपलब्ध कराएगी लाइव लोकेशन

प्रयागराज। सरकार की मंशा महिलाओं को अधिक से अधिक सुरक्षित सफर की सुविधा देने की है। इसी के अंतर्गत रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बसों की लाइव लोकेशन ट्रैकिंग के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ा गया है। प्रयागराज परिक्षेत्र के प्रबंधक एमके त्रिवेदी बताते हैं कि सभी महानगरीय बसों में ट्रैकिंग डिवाइस भी लगा दी गई हैं। इन्हे मास्टर कंट्रोल रुम से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। इससे न सिर्फ महिलाओं की ही सुरक्षा हो सकेगी, बल्कि बस की लाइव लोकेशन, बस का रुट, बस में खाली सीटों की संख्या, बस की टाइमिंग, किराया आदि की जानकारी यात्रियों को आसानी से मिल सकेगी।

रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगाने की शुरुआत प्रयागराज में नगरीय क्षेत्र की बसों से हो गई है। यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया है कि सरकार के निर्देश पर रोडवेज बसों में महिला सुरक्षा को देखते हुए पैनिक बटन लगाने की शुरुआत महा नगरीय बस सेवा से हो गई है। प्रयागराज महानगर की सभी 50 बसों को पैनिक बटन से लैस कर दिया गया है। इसे मास्टर कंट्रोल सिस्टम से जोड़ने की कवायद चल रही है। महानगरीय सेवा के दूसरे चरण में 100 महा नगरीय बसों का एक और बेड़ा यहां आएगा जिसमे सभी बसों पर पैनिक बटन लगाए जाएंगे।

अर्जुन के बहुमुखी खेल से आनंद को मिले पूर्ण अंक

अवधनाम संवाददाता

प्रयागराज। आनंद शुक्ला क्रिकेट क्लब ने चौधरी कप अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में होटल रमा कॉन्टिनेंटल को छह विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। विजेता टीम का अर्जुन पांडेय की बहुमुखी खेल (42 रन, 44 गेंद, छह चौके एवं 8 - 3 - 12 - 4) कर अपनी टीम को जीत दिलाई है।

सोमवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए होटल रमा कॉन्टिनेंटल ने 39.2 ओवर में 120 रन (अर्पित सिंह 20, सुमित सिंह 19, अभ्युदय प्रताप सिंह 18, दिव्यांश त्रिपाठी 13 रन, अर्जुन पांडेय 4/12, आदर्श पांडेय 2/16, नितिन मौर्य 1/12, सिद्धार्थ पटेल 1/17) पर सिमट गई। जवाब में आनंद शुक्ला क्रिकेट क्लब ने 19.2 ओवर में चार विकेट पर 122 रन (अर्जुन पांडेय 42, सचिन मिश्रा 32 नाबाद, देव प्रयाग 17 रन, अभिजीत सिंह 2/24, दिव्यांश त्रिपाठी 1/20, सिद्धांत मान 1/34) पर बना लिए।

सपा सैनिक प्रकोष्ठ की गंगापार जिला इकाई घोषित

भूतपूर्व सैनिकों ने कहा समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व.मुलायम सिंह यादव ने सैनिकों का सम्मान बढ़ाया

अवधनाम संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की जिला इकाई गंगापार की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ शिव बाबू यादव ने पदाधिकारियों से संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए पार्टी के कार्यक्रमों, संघर्षो में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करने की अपील की है। भूतपूर्व सैनिकों ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री रहते हुए समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने सैनिकों का जो सम्मान बढ़ाया वह इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव की मौजूदगी में पार्टी कार्यालय में सैनिक प्रकोष्ठ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमे उपाध्यक्ष पद पर क्रमशः शीतला प्रसाद यादव, सत्य नारायण उर्फ़ लल्लन आर्मी, सुधाशंकर मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, जगदीश कुशवाहा, महेश चंद्र, महासचिव पद पर मनोज कुमार यादव, मंगला राज, अनिल, रवीनाथ, संतोष को मनोनीत किया गया है। सचिव पद पर अशोक वर्मा, होरी लाल, चन्द्रमा यादव, अरुण भारतीय, राजेंद्र, गुलाब, ज्ञानेंद्र वर्मा एवं मीडिया प्रभारी अनिल यादव तथा प्रवक्ता शिव शंकर को बनाया गया है। गंगापार के पांचों विधानसभा अध्यक्ष भी मनोनीत किये गए हैं जिनमे क्रमशः हंडिया -कमला कांत, फूलपुर -अजय, सोरांव -अंसार अहमद, फाफामऊ -केशव कुमार, प्रताप पुर -सूर्य भूषण हैं। विनोद कुमार, सुशील एवं अशोक पाण्डेय को सदस्य मनोनीत किया गया है। सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी सौंपा गया।जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष सेवानिवृत सु. मेजर दिनेश यादव का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से मेजर दिनेश यादव, राम अवध पाल, जगदीश यादव, कपिल यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

दशहरा: मुबारकपुर में पुलिस किया रूट मार्च

अवधनाम संवाददाता

मुबारकपुर,आजमगढ़। दशहरा की पूर्व सन्ध्या पर सोमवार को लगभग साढ़े तीन बजे मुबारकपुर नगर में पुलिस ने अमन रूट मार्च निकाल कर यह सन्देश दिया कि दशहरा का पर्व। आपसी भा ई चारे, शान्ति, अमन के माहौल में मनायें।अमन में खलल। न पैदा करें।किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालो के खिलाफ पुलिस दण्डात्मक कार्रवाई करेगी। मुबारकपुर नगर में दशहरा पर्व को अमन शान्तिपूर्वक मनाने के मद्दे नजर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में अमन रूट मार्च मुबारकपुर थाना गेट से आरम्भ होकर अलीनगर चौराहा, मोहल्ला कटरा, शाहमोहम्मदपुर, हैदराबाद, पुरा रानी, समौधी नगर पालिका, बड़ी अर्जन्टी, रोडवेज सहित पूरे नगर का भ्रमण पैदल किया। यह अमन रूट मार्च मुबारकपुर वासियों को अमन शान्ति के प्रति सन्देश बताया गया। रूट मार्च मुबारकपुर थाना गेट पर पुनः पहुंच कर समाप्त हुआ। इस अमन रूट मार्च में डेढ़ प्लाटून पी ए सी, जिले से आए अतिरिक्त पुलिस बल व स्थानीय थाना पुलिस बल शामिल हुए। मुख्य रूप से मुबारकपुर चौकी प्रभारी अजीत चौधरी ,चौकी प्रभारी सठियांव, रत्नेश दूबे, चौकी इंचार्ज लोहरा नागेंद्र प्रताप सिंह, एस एस आ ई सुरेश यादव ,एस आई राजनाथ, एस आई धनंजय शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

निर्धन कन्याओं का कन्यादान करेगी योगी सरकार

सीएम योगी के निर्देश पर प्रयागराज में होंगे 2773 जोड़ों के सामूहिक विवाह

अवधनाम संवाददाता

प्रयागराज। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह और उनका कन्यादान योगी सरकार की तरफ से इस बार नवंबर महीने के बाद सम्पन्न होगा। प्रयागराज जिला प्रशासन ने इसे लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी है। शासन की तरफ से प्रयागराज में सामूहिक विवाह का लक्ष्य भी निर्धारित कर दिया है। यूपी में निर्धन परिवारों को उनकी बेटियो का विवाह संपन्न कराने के लिए शुरू की है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत इस बार अभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रयागराज की जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा सिंह बताती हैं कि इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रदेश के लिए 109883 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जिसमें प्रयागराज में 2773 जोड़ों के सामूहिक विवाह शुभ मुहूर्त माह नवम्बर 2023 के बाद निकलवाकर संपन्न कराए जायेंगे।

इस योजना का लाभ निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद बेटियों को मिलेगा। इसके लिए पात्रता में कन्या का अविवाहित अथवा विधवा अथवा तलाकशुदा सभी शामिल हैं। इसके अलावा इस योजना का लाभ प्रदेश के उन सभी परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये तक हो और कन्या की आयु 18 एवं वर की आयु 21 वर्ष से अधिक है। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो दिव्यांग हो, उसको प्राथमिकता भी दी जाएगी। योजना में पारदर्शिता कायम रखने के लिए आवेदन की ऑफलाइन व्यवस्था को खत्म कर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था लागू की गई है। योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर आधार डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जन सुविधा केंद्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र अथवा विभाग वेबसाइट से स्वयं भर सकते हैं। आवेदन विवाह की निर्धारित तिथि के न्यूनतम एक सप्ताह पहले ही करना होगा। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर सामूहिक विवाह किए जायेंगे।

पिछले वर्ष से दो गुना अधिक बेटियो के होंगे हाथ पीले

प्रयागराज। योगी सरकार निर्धन परिवार की बेटियो के सामूहिक विवाह को लेकर लगातार अपने लक्ष्य का दायरा बढ़ा रहीं हैं। प्रयागराज को जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा सिंह बताती है कि इस बार पिछले वर्ष के सामूहिक विवाह के लक्ष्य से दो गुना का लक्ष्य उन्हे शासन की तरफ से प्राप्त हुआ है। इस वर्ष 2773 निर्धन परिवार की कन्याओं के हाथ पीले होंगे जो पिछले साल के दुगने से अधिक है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष प्रयागराज में 1265 जोड़ो के सामूहिक विवाह का लक्ष्य मिला था। आवेदन कम आने की वजह से पिछले वित्तीय वर्ष में 651 जोड़ों का सामूहिक विवाह ही संपन्न हो सका था लेकिन इस बार पहले से इसकी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है ताकि लक्ष्य को हासिल किया जा सके। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के लिए पिछले बार 3 करोड़ 32 लाख रुपये आर्बटित किये गए थे लेकिन इस बार अभी इसका बजट आर्बटित नहीं हुआ है।

सर्वोदय हास्पिटल का आजाद भगत सिंह ने फीता काट किया उद्घाटन

अवधनाम संवाददाता

आजमगढ़। हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज सर्वोदय हास्पिटल रिसर्च सेंटर का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि आजाद भगत सिंह (ए.डी.एम फाइनेन्स) ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर जिला महिला अस्पताल के चीफ मेडिकल सुप्रीटेंडेन्ट डा. विनय कुमार सिंह, डा. अनूप कुमार यादव, डा. ए.के. राय, डा. डी.पी. राय, एस.डी.एम. रोहित, अनिल चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णपाल आदि अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में चार चाँद लगा रही थी। सर्वोदय ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंन्स्टीच्यूट के चेयरमैन राजेन्द्र प्रसाद यादव एवं सर्वोदय पब्लिक स्कूल की निदेशिका श्रीमती कंचन यादव ने संयुक्त रूप से अतिथियों का आभार जताया। सर्वोदय हास्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अरमान खान ने कहा कि मेरा सतत् प्रयास रहेगा यह हास्पिटल पूर्वांचल में ख्यातिलब्ध होगा। यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से पूर्ण है। मुख्य अतिथि ने कहा कि सर्वोदय के विकास का ये जो कारवाँ दिन प्रतिदिन अग्रसर होता जा रहा है। उसके लिए मैं इन दोनों लोगों को बधाई देता हूँ, और ईश्वर से विनती करता हूँ ये कारवाँ कभी ना रूके। सर्वोदय हास्पिटल के संस्थापक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मैं इसके माध्यम से आजमगढ़ के अन्तिम यतीम (गरीब) व्यक्ति की भी सहायता करना चाहता हूँ कि जो उचित इलाज न पाकर विडम्बना के शिकार हो जाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सर्वोदय पब्लिक स्कूल, प्रधानाचार्य महिला डिग्री कालेज, प्रधानाचार्य सर्वोदय पॉलिटेक्निक कालेज, प्रधानाचार्य सर्वोदय फॉर्मेसी कालेज, अन्य अतिथिगण, समस्त अध्यापक गण एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

पंडालों में देवी मां की आकर्षक मूर्तियों को देख भक्तिमय हुए भक्त

आजमगढ़। नगर कोतवली थानाध्यक्ष के पूजा पंडालो में जाकर लिया सुरक्षा का जायजा दिए दिशा निर्देश। नवरात्रि पर्व को लेकर जहां चारों तरफ चट्टी चौराहा बाजारों में पूजा पंडालो में देवी मां की आकर्षक पूर्तिया रखी गई है पूजा पाठ सुबह शाम धूमधाम के साथ हो रहा है भक्ति के रंग में पूरा देश रंगा है। वहीं पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर तरह तैयार है अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नगर कोतवली थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की जायजा लेते हुए गोड़हरा बाजार पहुंचे जहां पर पूरे बाजार में पुलिस फोर्स के साथ भ्रमण करने के बाद सुरक्षा के दिशा निर्देश भी लोगों को दिया और पूजा पंडालो में जाकर समिति के सदस्यों से बात की और कहा पूजा शांतिपूर्वक होनी चाहिए किसी प्रकार की कोई अराजकता नहीं होनी चाहिए।

भारत सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा

उम्मीद

मजबूत घरेलू बुनियाद और मुद्रास्फीति में नरमी की उम्मीदों के चलते भारत वित्त वर्ष 2023-24 में दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।



नई दिल्ली। भयावह भू-राजनीतिक स्थितियां वैश्विक जोखिम विचलन में सामान्य वृद्धि का कारण बन सकती हैं। यदि ये जोखिम और बिगड़ते हैं और बने रहते हैं, तो वे भारत सहित अन्य देशों में आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत का व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण उज्ज्वल है और मजबूत घरेलू बुनियादी कारकों से मजबूत है।

मजबूत घरेलू बुनियाद और मुद्रास्फीति में नरमी की उम्मीदों के चलते भारत वित्त वर्ष 2023-24 में दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के सितंबर संस्करण में यह भी कहा गया है कि पर्सियन गल्फ में हाल के घटनाक्रमों से वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ गई हैं और स्थिति कैसे विकसित होती है, उस आधार पर, कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा, अमेरिकी ट्रेजरी की निरंतर आपूर्ति और अमेरिका में निरंतर प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति (आगे मौद्रिक नीति सख्त होने से इनकार नहीं किया गया है) वित्तीय स्थितियों को प्रतिबंधात्मक बना सकता है। मौजूदा स्तरों पर, अमेरिकी शेयर बाजारों में ऊपर की तुलना में अधिक नकारात्मक जोखिम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि गिरावट का जोखिम बढ़ता है, तो इसका अन्य बाजारों पर प्रभाव पड़ेगा।

समीक्षा में कहा गया है, भयावह भू-राजनीतिक स्थितियां वैश्विक जोखिम विचलन में सामान्य वृद्धि का कारण बन सकती हैं। यदि ये जोखिम और बिगड़ते हैं और बने रहते हैं, तो वे भारत सहित अन्य देशों में आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत का व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण उज्ज्वल है और मजबूत घरेलू बुनियादी कारकों से मजबूत है। निजी खपत के साथ-साथ निवेश की मांग भी मजबूत हो रही है।

व्यापक आधार वाले औद्योगिक विकास और उत्साहजनक आवासीय संपत्ति बाजारों में अतिरिक्त विकास की संभावनाएं हैं। औद्योगिक क्षमता उपयोग में सुधार हुआ है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के स्तर में सुधार आगामी रबी सीजन के लिए अच्छा है। कोर मुद्रास्फीति में लगातार कमी आ रही है जबकि खाद्य मुद्रास्फीति में भी कमी आई है।

मंत्रालय ने कहा कि कम व्यापार घाटे और विदेशी मुद्रा भंडार की संतोषजनक स्थिति के साथ, भारत का बाहरी खाता मजबूत दिखता है। भारतीय रिजर्व बैंक के विनिर्माण, उपभोक्ता विश्वास, रोजगार और मुद्रास्फीति की उम्मीदों पर किए गए अग्रगामी सर्वेक्षणों में आशावादी निष्कर्ष सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार जैसा कि आईएमएफ के अनुमान भी पुष्टि करते हैं, भारत वित्त वर्ष 2024 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

वित्त वर्ष 2024 के लिए वैश्विक वृद्धि अनुमान को तीन प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखते हुए आईएमएफ ने अक्तूबर में भारत के लिए अपने विकास अनुमान को 20 आधार अंक बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह वैश्विक अनिश्चितताओं और ताजा भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक ताकत में वैश्विक विश्लेषकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है और इसमें सुधार हो रहा है, लेकिन वैश्विक चुनौतियों और मौसम की स्थिति में अनिश्चितताओं के कारण गिरावट का जोखिम भी है।

लेज के नए कैंपेन नो लेज, नो गेम के लिए धोनी ने फैन्स को दिया सरप्राइज होम विजिट!

नई दिल्ली। किसी मैच को देखना बस एक खेल देखने जैसी बात नहीं रह गई है। अगर साथ में लेज के चिप्स के पैकेट्स हों, तो मैच देखने का अनुभव और भी ज्यादा आनंददायक हो जाता है। पूरे देश को एक धागे में पिरोने वाले क्रिकेट के आनंद को बढ़ाते हुए लेज ने बेहतरीन और सबसे पसंदीदा क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को एक बार अपने साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा है। ब्रांड एंबेसडर के रूप में दूसरी पारी शुरू करते हुए धोनी लेज के नए कैंपेन नो लेज, नो गेम में नजर आए हैं।

इस कैंपेन के बारे में और एमएस धोनी को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने को लेकर पेप्सिको इंडिया की कैटेगरी लीड - पोटैटो चिप्स सौम्या राठौड़ ने कहा, लेज ने करोड़ों भारतीयों के दिल में अपनी खास जगह बनाई है। सबके पसंदीदा क्रिकेटर एमएस धोनी को एक बार फिर लेज का ब्रांड एंबेसडर बनाने को लेकर हम उत्साहित हैं। इस कदम से ब्रांड और क्रिकेट के दीवाने हमारे देश के बीच का जुड़ाव और गहरा होगा। हमें भरोसा है कि इस डायनामिक पार्टनरशिप और लेज, नो गेम कैंपेन से उपभोक्ताओं की खुशियों को चार चांद लग जाएंगे, साथ ही

लेज चिप्स के साथ मैच देखने का उनका अनुभव और भी खास हो जाएगा। तो फिर आप भी ले आइए अपना लेज, देखिए मैच और बना दीजिए अपने अनुभव को और भी अनूठा!

लेज के साथ जुड़ने के अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए एमएस धोनी ने कहा, मैं एक बार फिर लेज फैमिली का हिस्सा बनने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। घर में बैठकर खेल देखने और लेज चिप्स के बीच बहुत गहरा संबंध है। नो लेज, नो गेम कैंपेन बहुत शानदार तरीके से इस कनेक्शन को दिखाता है। इस खेल से वर्षों से इतनी गहराई से जुड़े होने के कारण मैं इस बात को समझता हूं कि लेज किस तरह से कुछ पलों को और भी खास बना देता है। इसलिए अगली बार जब आप मैच देखने बैठें, तो अपने साथ लेज चिप्स रखना न भूलें और इसके शानदार फ्लेवर्स के साथ मैच का आनंद उठाएं।

इस शानदार पार्टनरशिप के तहत लेज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय अपने कैंपेन नो लेज, नो गेम को भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आया है।

मलाबार ग्रुप ने बेसहारा महिलाओं के लिए शुरू किया ग्रैंडमा होम, पूरे देश में इसे शुरू करने का लक्ष्य

लखनऊ। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले भारतीय कारोबारी घराने मलाबार ग्रुप ने बेसहारा महिलाओं के लिए कर्नाटक के बेंगलुरू में ग्रैंडमा होम की शुरुआत की है। भारत के अन्य हिस्सों में जल्दी ही बेसहारों के लिए इसी तरह के होम शुरू करने का है। ग्रैंडमा होम मलाबार ग्रुप की सीएसआर शाखा मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट से सपोर्टेड है और थानाल जैसे गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित है। ग्रैंडमा होम में रहने वालों को मुफ्त आश्रय, भोजन, चिकित्सा सहायता और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के देखभाल की सुविधाएं मिलती हैं। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने इस मौके पर कहा, मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट उन व्यक्तियों और समुदायों का समर्थन करने के लिए लगातार काम कर रहा है, जो हाशिए पर हैं और सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए जिनके पास बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच का अभाव है। हम जिस समाज में रहते हैं, उसे वापस लौटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रैंडमा होम का निर्माण हमारे समाज के वंचित वर्ग के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के विजन का हिस्सा है। हम ग्रैंडमा होम को बनाने में हर संभव सहायता देने के लिए बेंगलुरू के अधिकारियों के आभारी हैं। हमें विश्वास है कि यह घर सभी जरूरतमंद महिलाओं को आराम और खुशी प्रदान करेगा।

सोने में 250 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट, चांदी भी 250 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़की

नई दिल्ली। दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 250 रुपये टूटकर 61,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इस दौरान चांदी भी 10 रुपये टूटकर 75,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 250 रुपये टूटकर 61,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स दौरान चांदी भी 10 रुपये टूटकर 75,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। वैश्विक बाजारों में सोना और चांदी गिरावट के साथ क्रमशः 1,977 डॉलर प्रति औंस और 23.20 डॉलर प्रति औंस पर चल रहे थे।

अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में तेजी के कारण सोने की कीमतें कई महीनों के उच्च स्तर से वापस आ गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंसों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी के अनुसार कारोबारियों का ध्यान मौजूदा भू-राजनीतिक अशांति और वृहद आंकड़ों पर बना रहेगा इनमें फेडरल रिजर्व का पसंदीदा मुद्रास्फीति मापक, अमेरिकी पीसीई मूल्य सूचकांक, तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े आदि शामिल हैं।

शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली; सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम, निवेशकों को झेलना पड़ा नुकसान

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली दिखी। लगातार चौथे दिन घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए। इस दौरान बाजार के प्रमुख इंडेक्सों में 1त्न से 4त्न तक तक की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को बाजार पर आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों पर दबाव बढ़ा, इसके कारण निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। पिछले चार दिन की बिकवाली में निवेशकों को करीब 12 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। सोमवार को सेंसेक्स 825.74 (1.26त्न) अंकों की गिरावट के साथ 64,571.88 अंकों के लेवल पर जबकि निफ्टी 260.91 (1.34त्न) अंक फिसलकर 19,281.75 के स्तर पर बंद हुआ।

आरबीआई की लोकपाल योजना महज खानापूर्ति नहीं हो सकती, हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक बैंक के खिलाफ शिकायत में रिजर्व बैंक के लोकपाल के मनमाने रवैये से हैरान होकर कहा है कि लोकपाल योजना को महज खानापूर्ति के तौर पर नहीं लिया जा सकता क्योंकि यह विनियमित इकाइयों जैसे कि बैंक या एनबीएफसी के बीच की खाई को पाटती है। उसके बावजूद उपभोक्ता न्याय के लिए भटक रहे हैं।

अदालत ने कहा कि यह योजना विनियमित संस्थाओं के खिलाफ उपभोक्ताओं की शिकायतों के लागत प्रभावी और त्वरित समाधान को प्राप्त करने का प्रयास करती है और लोकपाल पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए एक तर्कसंगत आदेश पारित करने के लिए बाध्य है। अदालत उस याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जो लोकपाल द्वारा विस्तृत आदेश पारित किए बिना एक निजी बैंक के खिलाफ उसकी शिकायत को खारिज करने के तरीके से व्यथित था।

अदालत ने कहा कि रिजर्व बैंक- एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत लोकपाल द्वारा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन करते हुए सेवाओं में कमियों से संबंधित विनियमित संस्थाओं के ग्राहकों की शिकायत पर विचार करना आवश्यक है। इस मामले में, शिकायत को खारिज करते समय याचिकाकर्ता/शिकायतकर्ता की ओर से की गई किसी भी दलील पर विचार नहीं किया। इसमें कहा गया है कि आरबीआई के तत्वावधान में लोकपाल विशेष रूप से उपयोगी है क्योंकि वह ऐसा व्यक्ति है जो बैंकिंग के कारोबार को समझता है और उसे मौजूदा नियमों के अनुसार अत्यंत परिश्रम के साथ अर्ध-न्यायिक कार्यों को करने का काम सौंपा गया है।

पीठ ने कहा, हालांकि, इस मामले में बैंक द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से संबंधित शिकायतों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में लोकपाल के कठोर दृष्टिकोण को देखना भयावह है। न्यायमूर्ति पुरुषींद्र कुमार कौरव ने हाल ही में एक आदेश में कहा, अगर ऐसा कोई प्राधिकरण वैधानिक जनादेश और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अवहेलना करते हुए बिना कोई कारण बताए आदेश पारित करता है, तो यह अपने कामकाज में जनता के विश्वास को खत्म करेगा और परिणामस्वरूप, लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा।

अदालत ने आगे कहा कि लोकपाल को शिकायतकर्ता द्वारा दी गई दलीलों से निपटने और संबंधित पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान करने के बाद एक विस्तृत आदेश पारित करने की आवश्यकता है, और किसी भी औपचारिकता को समाप्त किया जाना चाहिए। चूंकि इस मामले में अस्वीकृति के लिए लोकपाल द्वारा कोई स्पष्टीकरण या आधार प्रदान नहीं किया गया था, इसलिए अदालत ने कहा कि यह केवल बैंक द्वारा उठाए गए रुख की यांत्रिक स्वीकृति के समान है।

रैकोल्ड ने नेक्ट् कर जेनरेशन के वॉटर हीटर लॉन्च किए

इस प्रॉडक्ट में परफॉर्मेंस, एफिशिएंसी, सुविधा और कंट्रोल का अनुभव कीजिए

लखनऊ। रैकोल्डि, भारत के प्रमुख होम अप्लायंसेज ब्रैंड में से एक, ने वॉटर हीटर्स की प्रीमियम रेंज की पेशकश के साथ पानी गर्म करने के साधनों को नए सिरे से परिभाषित किया है। ब्रैंड ने ओमनिस और ऑल्ट्रो रेंज के वॉटर हीटर्स के बहु-प्रतीक्षित 2023 संस्करण को लॉन्च किया है। वाटर हीटर्स की नई रेंज को इटली के जानेमाने डिजाइनर अम्ब्रे टो पालेरमो द्वारा डिजाइन किया गया है। ये खूबसूरत डिजाइनें शहरों में आपके बाथरूम की खूबसूरती को और निखारेंगी। यह अत्याधुनिक पेशकशें अभिनव, आधुनिक एवं एनर्जी एफिशिएंसी में वॉटर हीटिंग सोल्यूशंस प्रदान करने के रैकोल्ड के अटूट समर्पण को दर्शाती हैं।

हाल ही में लॉन्च किए गए नए वीटर हीटर्स का मुख्य उद्देश्य आधुनिक फीचर्स और सोल्यूशंस प्रदान कर उपभोक्ताओं की तरह-तरह की जरूरतों को पूरा करना है तथा उनकी समय-समय पर बदलती पसंद को ध्यान में रखना है। इन वॉटर हीटर्स को पूरी सावधानी से डिजाइन किया गया है। उपभोक्ताओं की सुविधा,

सुरक्षा, योग्यता और नहाने के आनंद को सुनिश्चित करने के लिए इन्हें काफी बारीकी और सजगता से बनाया गया है।

एरिस्टन ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और कंट्री मैनेजर (इंडिया) श्री मोहित नरूला ने नए लॉन्चं पर अपने विचार व्यडक्ति करते हुए कहा, रैकोल्ड अपनी क्वॉलिटी और इनोवेशन के लिए 60 से भी ज्यादा सालों से काफी मशहूर हैं। हमने उपभोक्ताओं की जरूरतों, खरीदारी और इस्तेमाल के तरीकों को समझने में लगातार निवेश किया है। इस तरह के अध्ययन से हमें सही प्रॉडक्ट बनाने में मदद मिली है। वॉटर हीटर्स की इस नई रेंज को नए जमाने के उपभोक्ताओं की आधुनिक जरूरतों को पूरा करने और उनकी परेशानी और चिंता को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया है। हमारे वॉटर हीटर्स बिजली बचाने की क्षमता के साथ बेहद आराम और बेहतर कंट्रोल प्रदान करते हैं। इन वॉटर हीटर्स में वॉयस कंट्रोल, आईओटी से लैस ऐप बेस्ड कंट्रोल, डिजिटल डिस्प्ले और ऑटो डायग्नोसिस जैसे एडवांस्ड माइक्रोप्रोसेसर आधारित कई अन्य फीचर्स शामिल हैं। अपने मौजूदा संकलन के साथ ओमनिस की नई रेंज के प्रॉडक्ट्स 5 स्टार रेटिंग के साथ मिलते हैं। यह उपभोक्ताओं के बिजली के बिल में बचत करते हैं और स्थायी और संपूर्ण विकास के लिए ऊर्जा की बचत करने वाले प्रॉडक्ट्स के निर्माण को प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। कंपनी के एशिया के वाइस प्रेसिडेंट श्री इमैनुएल स्टानो ने यह उल्लेखीय उपलब्धि हासिल करने पर कहा, एरिस्टन ग्रुप के लिए भारत एक प्रमुख मार्केट है और भारतीय बाजार ने कंपनी के विकास को बढ़ावा दिया है। यहां की युवा और लगातार बढ़ती आबादी के साथ आर्थिक विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए विश्सवनीय और ठोस स्तंभ है।

भोले भोले, शाश्वत भक्ति और सशक्तिकरण का ब्लेंड के साथ एक उत्कृष्ट संगीतमय यात्रा

नई दिल्ली। एक दिव्य संगीत यात्रा पर निकलने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि प्रतिभाशाली विक्रम मॉन्ट्रोस ने पॉप भक्ति ट्रैक, भोले भोले को रिलीज़ किया है, एक ऐसा गीत जो रुद्राष्टकम श्लोक के कालातीत छंदों को एक सशक्त धुन के साथ जोड़ता है। भोले भोले श्रोताओं को अपनी आंतरिक शक्ति का उपयोग करने और जीवन की चुनौतियों पर काबू पाने के लिए आर्मंत्रित करता है। यह शक्ति और अनुग्रह के साथ प्रतिध्वनित होता है, प्रत्येक स्वर में शिव की दिव्य ऊर्जा को समाहित करता है।विक्रम मॉन्ट्रोस द्वारा रचित, लिखित और गाया गया, भोले भोले एक ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है। यह अनूठी रचना भक्ति को सशक्तिकरण के साथ जोड़ती है, जिससे आध्यात्मिकता और कंटेम्पेरी म्यूजिक का शानदार ब्लेंड बनता है। गाने की मनमोहक धुन आपकी आत्मा को छूने के लिए तैयार है, अपने शक्तिशाली बोल और विचारोत्तेजक कल्पना के साथ आपकी आत्माओं को ऊपर उठाती है।इस असाधारण म्यूजिकल कम्पोजिशन का साथ देने के लिए, ÷भोले भोले÷ में एक स्पेशल वीडियो एक्सपीरियंस है, जो दर्शकों को शिव की भावना में डूबने का मौका देता है। सिंगर, कम्पोजर और लिरिस्ट,विक्रम मॉन्ट्रोस ने कहा कि, मैं भोले भोले को दुनिया के साथ शेयर करने के लिए उत्साहित हूं, क्योंकि यह गीत भगवान शिव की दिव्य ऊर्जा को एक समर्पित है और आंतरिक शक्ति का उत्सव है। इसके अलावा, बी यूनिक क्रू का इस यात्रा में शामिल होना सौभाग्य की बात है, उनके शक्तिशाली और विस्मयकारी डांस मूव्स गाने के संदेश को खूबसूरती से पूरा करते हैं। मुझे उम्मीद है कि भोले भोले हमारे श्रोताओं के दिलों में गूंजेगा और उन्हें अपनी भावनाओं पर काबू पाने के लिए प्रेरित करेगा।

फिल्म मंडली के कलाकार पहुंचे लखनऊ

लखनऊ। दशहरे के मौके पर रामलीला के थीम पर बनी फिल्म मंडली की टीम लखनऊ में फिल्म और रामलीला के किरदारों पर परिचर्चा करने पहुंची। इस वार्ता की शुरुवात पूर्व डिप्टी सीएम श्री दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद ने सॉन्ग का शुभारंभ कर की। इसके बाद फिल्म की स्टार कास्ट श्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। पैडमैन और केसरी जैसी बड़ी फिल्मों में अभिनय कर चुके राकेश चतुर्वेदी ओम के निर्देशन में बनी फिल्म मंडली नवरात्र के बीच चर्चा में है। हर वर्ष छोटे शहरों में होने वाली रामलीला के दौरान आयोजकों द्वारा अपने वित्तीय लाभ के लिए कराए जाने वाले अश्लील नृत्य जैसे विषय पर फिल्म की पटकथा आधारित है। आगामी 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में यह रिलीज होने के लिए तैयार है। इस फिल्म में अभिनेता रजनीश दुग्गल, अभिषेक दुहान, आंचल मुंजाल, और बृजेंद्र काला मुख्य भूमिका में है। रेल्टिक पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को प्रशांत कुमार गुप्ता, गीतिका गुप्ता और नीटू सबरवाल ने निर्माण किया है। फिल्म में विनीत कुमार, कंवलजीत सिंह, अलका अमीन, अश्वथ भट्ट, सहर्ष शुक्ला और नीरज सूद जैसे कलाकार भी रामलीला के मंच के पीछे के परदे को उठाते नजर आएंगे। फिल्म के विषय को लेकर निर्माता प्रशांत बताते हैं कि फिल्म की कहानी कुछ ऐसे कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमती है जो रामलीला मंडली में काम करते हैं। धर्म ग्रन्थ रामायण के किरदारों को कलाकार मंडली अपनी कला से समाज के बीच प्रदर्शित करती है।

लेट्स बी ब्रेव टुगेदरः मेबेलिन न्यूयॉर्क ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे पर की 'ब्रेव टॉक'

मुंबई। कॉलेज के फर्स्ट-ईयर के आधे से ज्यादा स्टूडेंट्स (54%) कॉलेज शुरू होते ही एंग्जाइटी महसूस करने लगते हैं और उनमें से 60त्न प्रोफेशनल मदद ना लेकर अपने दोस्तों के पास मदद के लिए जाते हैं। खुलकर बातचीत करने और सबके लिए सहयोग की उपलब्धता को प्रोत्साहित करने के लिए, दुनिया के त्न1 मेकअप ब्रांड, मेबेलिन न्यूयॉर्क, ने ब्रेव टॉक के लिए द जेड फाउंडेशन (जेईडी) के साथ साझेदारी की है। ब्रेव टॉक विशेषज्ञों द्वारा विकसित की गई एक फ्री ट्रेनिंग है, जो लोगों को उनके दोस्त या समकक्षों के साथ मानसिक सेहत को लेकर होने वाली बेहद नाजुक एवं कठिन बातचीत को संभालने से लैस करती है जिन्हें उनकी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है। इस कार्यक्रम के मौके पर, ज़ीनिया बास्तानी, जनरल मैनेजर-मेबेलिन न्यूयॉर्क एवं एनवाईएक्स प्रोफेशनल मेकअप, लॉरियल इंडिया का कहना है, ÷मेबेलिन न्यूयॉर्क मानसिक सेहत का सबसे बड़ा हिमायती रहा है। मेबेलिन ब्रेव टुगेदर के लॉन्च के बाद से ही, हम मानसिक

सेहत से जुड़ी चर्चा की पाबंदियों को तोड़ने की कोशिश करते आए हैं। साथ ही हम अपने 1:1 हेल्पलाइन की मदद से सबके लिए फ्री में सहयोग उपलब्ध कराना चाहते हैं। इस सफर के तहत ब्रेव टॉक ट्रेनिंग के माध्यम से हम लोगों को जानकारी से लैस करना चाहते हैं। उन्हें वो हुनर सिखाना चाहते हैं, जिसकी मदद से वे अपने दोस्तों, परिवार या साथी की एंग्जाइटी या डिप्रेशन के लक्षणों को पहचान सके, जिन्हें लेकर अक्सर बातचीत मुश्किल होती है। साथ ही उन्हें सहयोग दे सके और सही माध्यमों से जोड़ने का काम कर सके। ब्रेव टॉक के साथ, हमारा मानना है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मानसिक सेहत को लेकर खुलकर बातचीत करने के लिए प्रेरित होंगे और जो लोग एंग्जाइटी का अनुभव कर रहे हैं, उन्हें लगेगा कि उनकी बात सुनी जा रही है और उन्हें सहयोग मिलेगा। सब साथ मिलकर ब्रेव बनेंगे। लॉन्च के लिए, अनन्या बिरला, अंशुला कपूर, कुशा कपिला और निखिल तनेजा जैसे प्रभावशाली मानसिक स्वास्थ्य हिमायती एक रोचक पैनल चर्चा के लिए एकजुट हुए। हरेक ने इस बातचीत अनूठे विचार पेश किए। ब्रांड प्रवक्ता और इस कैम्पेन की एम्बेसडर, अनन्या बिरला ने इस चर्चा में अपना बहुमूल्य नजरिया सामने रखा। इस पैनल चर्चा का संचालन, कंटेंट क्रिएटर और पॉडकास्टर वरुण दुग्गीराला ने किया, जिन्होंने इस बातचीत को एक अर्थपूर्ण दिशा की तरफ मोड़ा। इस दिलचस्प बातचीत के साथ-साथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए मानसिक सेहत की चुनौतियों में इन गतिविधियों की अहम भूमिका को समझते हुए, कला, नृत्य और लिसनिंग सर्कल पर केंद्रित वर्कशॉप भी आयोजित की गईं। मेबलिन न्यूयॉर्क की ब्रांड एम्बेसडर अनन्या बिरला का'द ब्रेव टुगेदर' ट्रैक की भी पेशकश करेगी जोकि मानसिक सेहत को एक सम्मान होगा। इसमें मानसिक सेहत से जुड़ी चिंताओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने का उनका अटूट विश्वास नजर आएगा। इस समस्या को लेकर उनकी लगन लोगों के दिलों को छू गई, क्योंकि वह अपने प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल बदलाव लाने और मानसिक सेहत को लेकर चर्चा करने के लिए कर रही हैं।

प्यार में विश्वास नहीं करने वाले राघव जैसा किरदार निभाने की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण थाः निशांत मलकानी



सोनी सब के आगामी ड्रामा 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' ने अपने दिल को छू लेने वाले प्रोमो, कश्मीरी संगीत, और खूबसूरत सिनेमैटोग्राफ़ी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। यह एक अनोखी प्रेम कहानी है, और कश्मीर की जादुई घाटी में सेट और शूट किए गए बहुत कम टेलीविज़न शो में से एक है। पश्मीना बहुत ही अलग-अलग सोच रखने वाले दो लोगों के बीच एक खूबसूरत रोमांस को जीवंत करता है। यह शो अभिनेताओं की एक प्रभावशाली लाइनअप का वादा करता है, और निशांत मलकानी राघव का किरदार निभाते नज़र आएंगे। राघव एक चतुर व्यवसायी है जो अपने काम में व्यस्त रहता है और प्यार की अवधारणा में विश्वास नहीं करता है।

एक स्पष्ट बातचीत में, निशांत मलकानी ने बताया-

क्या आप हमें अपने किरदार राघव के बारे में बता सकते हैं, और क्या चीज़ उसे दिलचस्प बनाती है?

'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' में राघव एक मनमोहक किरदार है। व्यावसायिक रूप से, उसे बिज़नेस की बहुत अच्छी समझ है और वह हमेशा अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहता है। हालांकि, उसके निजी जीवन की बात करें, तो वह प्यार के अस्तित्व को लेकर संशय में हैं। अपनी व्यावसायिक गतिविधियों पर उसका ध्यान उसके व्यक्तित्व में एक दिलचस्प आयाम जोड़ता है, जिससे यह किरदार अनूठा बन जाता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, दर्शक राघव में बदलाव देखेंगे क्योंकि वह धीरे-धीरे प्यार के रहस्यों को समझना शुरू कर देगा और इसकी अविश्वसनीय क्षमता को महसूस करेगा। संदेह से लेकर प्यार की ताकत को अपनाने तक, राघव की यात्रा इस प्रेम कहानी के मूल में है, जिससे यह कहानी और भी गहन व समृद्ध बन जाती है, जो पूरी सीरीज़ में दर्शकों से जुड़ने और मेल खाने का वादा करती है।

राघव प्यार में विश्वास नहीं करता है। आपने ऐसा किरदार निभाने के लिए कैसे तैयारी की, और इसका किरदार का सबसे रोमांचक या कठिन हिस्सा क्या है?

प्यार में विश्वास नहीं करने वाले राघव जैसा किरदार निभाने की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण था। मुझे उसकी सोच के पीछे की कहानी में गहराई से उतरना पड़ा, उसके पिछले हादसों और उसके संशय के पीछे के कारणों को समझने की कोशिश करनी पड़ी। इस भूमिका का सबसे रोमांचक हिस्सा यह दिखाना है कि वह समय के साथ कैसे बदलता है; हालांकि, यह सुनिश्चित करना कठिन है कि उसके एहसास बिल्कुल सटीह हों। यह रस्सी पर चलने जैसा है, दर्शकों को अपने बदलावों को वास्तविक ढंग से महसूस कराने की कोशिश करना। अंत में, राघव का किरदार निभाना एक रोमांचक अनुभव रहा है। इसने मेरे अभिनय कौशल को परखा है और ऐसे किरदारों को समझने में मदद की है, जिसके मन में प्यार के प्रति मुझसे अलग विचार हैं।

यह शो कश्मीर की जादुई पृष्ठभूमि में सेट और शूट किया गया है। वहां शूटिंग का अनुभव कैसा रहा और क्या उस जगह ने आपके किरदार और कहानी को प्रभावित किया?

कश्मीर में शूटिंग करने का अनुभव बेहद खास था। यह जगह अविश्वसनीय रूप से सुंदर है और इसका राघव के रूप में मेरे अभिनय पर असर पड़ा है। इस कहानी में कश्मीर की शांतिपूर्ण और आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि राघव की दुनिया का बड़ा हिस्सा बन गए, जिससे यह और भी मनोरंजक हो गया।

बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया

नई दिल्ली। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की जो एक ओपन-एंडेड इंडेक्स स्कीम है जो निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स को ट्रैक करती है जो निवेशकों को पिछले एक साल में हाई अल्फा रिटर्न प्रदान करने वाले शेयरों के एक अच्छी तरह से डायवर्सिफाई पोर्टफोलियो में निवेश करने का अवसर प्रदान करती है। निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स अल्फा वैल्यू के आधार पर सिक्योरिटीज को भार आवंटित करने की एक स्ट्रक्र्ड, मात्रात्मक नेतृत्व वाली प्रक्रिया का पालन करता है, जहां इंडेक्स में हाई अल्फा वाली सुरक्षा को अधिक पहल दी जाती है। निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स रणनीति पर विचार करने के प्रमुख कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए श्री विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि पारंपरिक पैसिव फंड्स अपने बेंचमार्क की नकल करने के लिए डिजाइन किए गए हैं और इस प्रकार व्यापक बाजार-आधारित रिटर्न प्रदान करते हैं बंधन निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड का लक्ष्य विशिष्ट कारकों वाले शेयरों का चयन करके बेहतर प्रदर्शन उत्पन्न करना है जो बाजार की तुलना में संभावित रूप से हाई-रिस्क एडजेस्टेड रिटर्न उत्पन्न करते हैं। 30 सितंबर, 2023 तक के एनएसई डेटा से संकेत मिलता है कि निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स ने निफ्टी 50 इंडेक्स और निफ्टी 500 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है।

सदर सांसद ने कन्याओं का पांव पखार लिया आशीर्वाद

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। शारदीय नवरात्रि की महानवमी के अवसर पर गोरखपुर के सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने अपने आवास पर कन्या पूजन कर पाव पखारे। सांसद ने कन्याओं के पाव पखारते भावुक हो गए। बेटियों को देवी स्वरूपा में आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सांसद सचिव शिवम द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि समरेंद्र विक्रम सिंह, पन्नेलाल पासवान, नीतीश, सुनील निगम, केसरी नंदन आदि लोग मौजूद रहे।

इस लांड्री के खुल जाने से लोगों को मिलेगी सहूलियत

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सोमवार को सहजनवां के क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ल व विधायक खलीलाबाद अंकुर राज त्रिपाठी द्वारा एक कपड़े की लॉन्ड्रिंग लीजेंड दुकान का उद्घाटन किया गया। तहसील रोड लॉन्ड्रिंग लीजेंड उद्घाटन के दौरान विधायक ने कहा कि इस नए प्रतिष्ठान के खुल जाने से यहां के क्षेत्रीय लोगों को सहूलियत मिलेगी। स्थानीय लोगों को अब अधिक भाग दौड़ करने से राहत मिलेगी। इस दौरान वैभव चतुर्वेदी, कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ प्रिंस, जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला, मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, उमाकर त्रिपाठी, सत्येंद्र सिंह उर्फ रिंकू, सुनील निगम लोग उपस्थित रहे।

हवन पूजन और कन्या भोज की रही धूम

अमेठी अवधनामा संवाददाता। शारदीय नवरात्र के आखिरी दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने नव दुर्गा के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। आखिरी दिन हवन पूजन और कन्या पूजन व भोज की चारों ओर धूम मची रही। भोर से ही देवी मंदिरों में हवन पूजन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।क्षेत्र के संग्रामपुर स्थित सिद्धपीठ मां कालिकन धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन हवन पूजन किया। गौरीगंज स्थित दुर्गन भवानी मंदिर में भी भक्तो की भारी भीड़ रही। विशेश्वरगंज स्थित काली माई मंदिर शाहगढ़ स्थित दुर्गन भवानी माता हिंगलाज भवानी श्री देवीपाटन माता धमसा धाम माता मवई धाम गायत्री मन्दिर आदि प्रतिष्ठित देवी मंदिरों में नवरात्र के आखिरी दिन भक्तो की भारी भीड़ रही। नारियल चुनरी और विविध प्रसाद चढ़ाकर श्रद्धालुओ ने पूजा अर्चना की। देवी मंदिरों में बड़े पैमाने पर कन्या पूजन और भोज का आयोजन हुआ। पूजा पांडालों में भी कहीं कहीं कन्या भोज पूजा अर्चना और आरती की गई।घरो में व्रतियों ने हवन और कन्या भोज किया। इस दौरान प्रशासन सजग रहा मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

अखिल क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अमित

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। सलेमपुर के टीचर कालोनी निवासी अमित सिंह सिद्दू को अखिल क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।अमित सिंह सिद्दू को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने का निर्णय अखिल क्षत्रिय महासभा द्वारा देवरिया में आयोजित एक कार्यक्रम में लिया गया। अखिल क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर अमित सिंह सिद्दू ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे हर संभव निभाकर संगठन को और उंचाई तक ले जाएंगे। अमित सिंह सिद्दू को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर समाजिक हस्तियों ने बधाई दी। भाजपा के सलेमपुर मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स ने बताया कि यह राजपूत समाज के लिए काफी गर्व की बात है। अमित सिंह एक अनुभवी वरिष्ठ नेता है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के दौरान अपनी क्षमता और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया है। वे सभी समाज के बारे में भला सोचते हैं। बधाई देने वालो में निलाम्बुज मिश्र, सत्यप्रकाश मिश्रा, करन यादव, रामजी सिंह, अमरनाथ यादव, संतोष यादव, मंटू सिंह, लोकेश सिंह, प्रदीप सिंह, उदयवीर सिंह, हेमंत सिंह, संजय सिंह, केपी सिंह, रितेश सिंह, पंकज सिंह, अमरेश सिंह आदि शामिल रहे।

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

देवरिया अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक जनपद देवरिया संकल्प शर्मा द्वारा दशहरा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर व थानाध्यक्ष कोतवाली के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत किया गया पैदल गस्त / फ्लैग मार्च पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो,चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा पैदल गस्त के दौरान ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को उनकी ड्यूटी के संबंध में उचित दिशा निर्देश दिए गए। पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद देवरिया पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

जिला चिकित्सा अधिकारी ने किया निरीक्षण

तरकुलवा अवधनामा संवाददाता। जनपद देवरिया अंतर्गत विकासखंड तरकुलवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण जिला चिकित्सा अधिकारी तकरीबन सुबह 9 बजे ही तरकुलवा पहुंच गए। परंतु वहां पर मुस्तैद स्वास्थ्य मेला का आयोजन के अंतर्गत पाई गई व्यवस्थाओं के कारण सीएमओ ने मात्र साप्ताहिक निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक कार्यालय का किया। उक्त अवसर पर एक तरफ रविवार स्वास्थ्य मेला उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यक्रम में तरकुलवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।जबकि किसी भी प्रकार की कोई भी खामी जिला स्वास्थ्य अधिकारी को नहीं मिला।उक्त क्रम में स्वास्थ्य अधिकारी देवरिया ने तरकुलवा समुचाई स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर सबको बधाई दी सफाई कार्य का निरीक्षण करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य अधीक्षक अमित कुमार को सराहना भी दिया। उपर्युक्त विषय में पूछे जाने पर जिला चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पथरदेवा विधानसभा का सबसे अच्छा अगर कोई स्वास्थ्य केंद्र है वह तरकुलवा है हम वहां के हर कर्मियों से खुश है।

मातृ शक्ति के सशक्तिकरण पर सदैव रहा है सनातन का जोरः मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

- सीएम योगी ने दी शारदीय नवरात्र की महानवमी व विजयदशमी पर्व की बधाई

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयदशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है और सनातन धर्म ने सदैव मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जोर दिया है।

सीएम योगी सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के 9 स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान का कार्यक्रम श्रद्धा उल्लास व उमंग से संपन्न होता है। आज नवरात्र की नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान पूरे प्रदेश में संपन्न हो रहा है। वह सौभाग्यशाली है कि उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का अवसर प्राप्त हुआ है मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्या पूजन का यह पर्व महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण का पवित्र माध्यम है। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में मिशन शक्ति के कार्यक्रम प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। केंद्र व प्रदेश की सरकारें नारी गरिमा के अनुरूप सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की अनेक योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं के प्रति जनजागरण व प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नवरात्र की नौ तिथियों में मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम लागू किए गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल मंगलवार को विजयदशमी का पावन पर्व है। विजयदशमी धर्म, सत्य और न्याय के विजय पर्व के साथ ही सनातन की पताका के विजय का पर्व है। यह इस बात का प्रतीक भी है कि हर काल, परिस्थिति में दुष्प्रवृत्तियों के खिलाफ सनातन धर्म ने चुनौती को स्वीकार किया और लोक कल्याण तथा मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की दुराचारी रावण पर विजय के महापर्व के रूप में भारत ही नहीं दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी विजयदशमी के पर्व के साथ उत्साह व उमंग से जुड़ते हैं। विजयदशमी को लेकर रामलीला व अन्य आयोजन भी हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि शारदीय नवरात्र व विजयदशमी का पर्व सभी नागरिकों के जीवन में उत्साह, उमंग व खुशहाली का माध्यम बनेगा। जगतजननी मां भगवती का आशीर्वाद समाज की एकता व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करेगा।

परिषदीय स्कूलों के बच्चों को सक्षम व स्मार्ट बनाएंगे सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

- शिक्षकों को टैबलेट वितरण, स्मार्ट क्लास का शुभारंभ, वंडर बॉक्स व दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण का समारोह बुधवार को

गोरखपुर। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को सक्षम व स्मार्ट बनाने के अभियान को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के एक खास समारोह में सम्मिलित होंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री अध्यापन के लिए शिक्षकों को टैबलेट वितरित करेंगे, स्मार्ट क्लास की स्थापना का शुभारंभ करेंगे, प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए वंडर बॉक्स वितरित करने के साथ दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित करेंगे। मंडल स्तरीय यह समारोह बुधवार (25 अक्टूबर) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में होगा। इस अवसर पर सीएम योगी गोरखपुर मंडल के चार जनपदों (गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर) के परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों हेतु 14360 टैबलेट वितरण का शुभारंभ करेंगे। उनके द्वारा गोरखपुर मंडल के 64 विकास खंडों में आईसीटी (इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) लैब्स का शुभारंभ भी किया जाएगा। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री मंडल के 1086 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना का शुभारंभ करेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री द्वारा प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को आईटीआई गांधीनगर द्वारा विकसित वंडर बॉक्स का वितरण किया जाएगा। कुल 3780 वंडर बॉक्स वितरित किए जाने है। इसके अलावा कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को सुगम्य केन, ब्रेल किट, बीटी हियरिंग एड, ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, क्रच, सीपी चेयर आदि का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर 130 दिव्यांग बच्चों को 190 उपकरण वितरित किए जाएंगे।

ऐतिहासिक है अमेठी का दशहरा

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। हमारी सांस्कृतिक धरोहर को पर्वो और त्योहारों ने बखूबी संजाए रखा है जो परंपरागत तरीके से हमें बहुत कुछ सीख देते हैं।अमेठी का दशहरा और भरत मिलाप अपने आप में ऐतिहासिक है जिसकी सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ख्याति है। दूर-दूर से लोग यहां दशहरा और भरत मिलाप देखने आते हैं।

विगत कई दशकों से यहां के दशहरा और भरत मिलाप का आकर्षक परिदृश्य स्वयं में निराला है अमेठी के एक दिन बाद प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक भारत मिलाप होता है। भरत मिलाप के मेले में यहां दर्जन भर से अधिक झांकियां सजती हैं और इससे कहीं अधिक बैंड होते हैं। इन झांकियां के माध्यम से हमारे ऐतिहासिक पौराणिक दृश्य का सजीव मंचन होता है।वही बैंड बाजे भी गजब की मनोहर संगीत और वाद्य यंत्रों की धुन जिसमें होड़ सी रहती है अपना शानदार प्रदर्शन करते हैं।दसियों हजार दर्शक रात भर सड़क पर टहलकर भरत मिलाप का लुत्फ उठाते हैं। इधर बीच के कुछ वर्षों में भरत मिलाप पर झंझावात के बादल छाए थे जो समय के साथ छंट गए और सुचारू रूप से भरत मिलाप यहां फिर मनाया जाने लगा। इस वर्ष पूरी जोर-शोर के साथ तैयारी की जा रही है।गंगा यमुनी तहजीब भरत मिलाप के मेले में यहां दिखाई देती है। यह झांकियां रात भर सड़कों पर भ्रमण करते हुए अपने-अपने झांकी का शानदार प्रदर्शन करती है उनके साथ उनका बैंड रहता है जो मधुर संगीत के साथ संबंधित झांकी पर अपना प्रदर्शन करता है। प्रातः काल सभी झांकियां गांधी चौक पर सजे मंच पर अपना प्रदर्शन करती हैं झांकियों के प्रदर्शन के बाद बैंडों का प्रदर्शन होता है। इसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान का निर्धारण निर्णायक मंडल द्वारा किया जाता है और अतिथिगण इस शानदार प्रस्तुति को देखते हैं। बड़ी संख्या में नगर वासी ग्रामीण अंचल और सुदूरवर्ती क्षेत्र से भी लोग यहां जमा होकर ऐतिहासिक भरत मिलाप का लुत्फ उठाते हैं।कुछ मंडल है जो अपने शानदार प्रस्तुति के लिए जाने जाते हैं।रात भर श्री राम और श्री भरत का रथ अलग-अलग क्षेत्र से भ्रमण करते हुए सुबह चौक पर एकत्रित होता है यही भरत मिलाप होता है। आरती उतारी जाती है और कार्यक्रम का समापन होता है। विजयदशमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है रामलीला का मंचन रामलीला मैदान में होता है।

मूर्ति विसर्जन स्थलों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने शुक्रवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल बांसी नदी घाट और खिरकिया घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पिछले वर्ष हुए विसर्जन कार्यक्रम के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। वाहनों को सुरक्षित दूरी पर रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शान्ति व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए विशेष रुप से ध्यान दिया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रमुख विसर्जन स्थलों पर पुलिस व मजिस्ट्रेट की टीम भी तैनात रहेगी। प्रतिमा विसर्जन में आने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं सुविधाजनक ढंग से संपादित करने के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन स्थलों शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती रहेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार सिंह एसडीएम पडरौना महत्मा सिंह, सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कैडेट्स को दिया शस्त्र प्रशिक्षण

गोरखपुर। पिछले 22 अक्टूबर से चल रहे आठ दिवसीय सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-172 श्री भोलाराम मस्करा इंटर कालेज, सहजनवा में एनसीसी कैडेटो को दूसरे दिन फायरिंग व शस्त्र प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिया गया और साथ ही साथ सहजनवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक व्यास कुशवाहा के दिशा निर्देश पर डा अविनाश यादव व उनके सहयोगी द्वारा कर्नल सतीश कवर को स्वास्थ किट व जरूरी दवाई दी गई। वहीं गीडा थाने के थानाध्यक्ष रत्न पाण्डे, कांस्टेबल डीके सिंह द्वारा कैम्प का निरीक्षण किया तथा कर्नल सतीश कवर ने थानाध्यक्ष को पुलिस बल तैनात करने के लिए आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर फर्स्ट ऑफिसर भारत सिंह थर्ड आफिसर सुर्य प्रताप सिह, ले बंदिता त्रिपाठी, सीटीओ प्रभाकर शाही, सूबेदार मेजर पवन कुमार, सूबेदार काशी लिम्बू एंव अन्य पी. आई स्टाफ मौजूद रहे।

नारी को अपनी सुरक्षा एवं अधिकार के प्रति जागरुक कराता मिशन शक्ति-4.0

देवरिया अवधनामा संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान फेस-04 के तहत महिलाओं और बेटियों को अपनी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरुक कराने के लिए पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री राजेश कुमार सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा निरन्तर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्त्रियों एवं महिलाओं में न सिर्फ अपने अधिकारों को लेकर सजगता का प्रसार करना बल्कि उनके द्वारा विधिक एवं प्रशासनिक सहयोग से अपनी समस्याओं के निराकरण की प्रवृत्ति का विकास भी रेखांकित किया जा रहा है। एक तरफ पूर्व से संचालित एंटी रोमियो स्क्वाड व शक्ति मोबाइल को और अधिक सक्रिय किया गया वहीं महिलाओं की समस्याओं / शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण हेतु थाना स्तर पर स्थापित महिला हेल्पडेस्क एवं महिला बीट अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा समग्र उपायों का प्रयोग करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण भी कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 23.10.2023 को समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न विद्यालयों एवं ग्रामों में भ्रमणशील रहते हुए ग्रामीण महिलाओं/बालिकाओं,स्कूली छात्राओं को महिला सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई तथा विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर्स वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस सहायता नंबर 112, चाइल्डलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1076 आदि के विषय मे जानकारी दी गयी तथा पूर्ण जानकारी से संबन्धित टेंपलेट वितरित किये गये तथा साइबर क्राइम से बचने के तरीकों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

अखिलेश पर कांग्रेस नेता ने साधा निशाना

देवरिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सदस्य नागेंद्र शुक्ल ने सपा अध्यक्ष को कांग्रेस नेताओं को चिरकुट कहने वाले बयान पर हमला करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष खुद अपने परिवार के नही हुए खुद अपने सगे चाचा सिवपाल यादव के नही हुए आज वो कांग्रेस को धोखेबाज बता रहे हैं! जिस नेता का इतिहास ही धोखे से हुआ वो कांग्रेस को धोखेबाज बता रहे हैं। कांगेस नेता ने कहा कि कांग्रेस जाति, धर्म, मजहब की राजनीति में विश्वास नही करती हैं कांग्रेस सर्वसमाज और देश की संविधान में विश्वास करती हैं अखिलेश कांग्रेस की तुलना एक जातिवादी पार्टी से कर रहे हैं। सपा जाति के आधार पर प्रदेश में अपनी राजनीत करती है। देश की जनता अब कांग्रेस की तरफ आसा से देख रही है। कांग्रेस एक विश्वास और संकल्प हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के संघर्ष से सभी पार्टियां घबरा गई हैं और आवेश में आकर अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सपा अध्यक्ष एक अनपढ़ नेता की तरह बयानबाजी कर रहे हैं।

हवन-पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने की विश्व कल्याण की कामना

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। नवरात्र के अंतिम दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन के साथ विश्व कल्याण की कामना की। महागौरी की पूजा के साथ ही भगवान राम की आराधना की गई। सुबह से ही देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। लोगों ने हवन-पूजन के साथ आरती में शामिल होकर श्रद्धा निवेदित की। सम्मिलित होकर मत्था टेका।

श्रद्धालुओं के जयकारे से मंदिर, पंडाल व आसपास का वातावरण भक्तिमय रहा। नगर स्थित बुढ़िया माई मंदिर, गायत्री मंदिर, खिरकिया देवी स्थान पर ब्रह्ममुहूर्त में ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। खड्डा स्थित कोट देवी स्थान,नर देवी मंदिर में भी पूजन-अर्चन का क्रम प्रातःकाल से ही लगा रहा। इस दौरान देवी मंदिर स्थलों पर श्रद्धालुओं की संख्या खूब रही। नगर स्थित लखरांव मंदिर में पूजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की संख्या मंदिरों में पहुंचती रही। शायरी माई स्थान पर श्रद्धालुओं ने कड़ाही चढ़ाई। शायरी माई के स्थान पर श्रद्धालुओं ने झांकी निकाली और कड़ाही चढ़ाई। इसी क्रम में श्री श्री बाल दुर्गा पूजा सेवा समिति निकट स्योबाई कन्या इंटर कॉलेज पड़रौना दुर्गा पंडाल में हवन-पुजन कार्यक्रम पंडित रामबिहारी तिवारी के द्वारा कराया गया साथ ही जजमान आयुष जायसवाल मौजूद रहे।

नौ कन्याओं के रूप में पखारे गए नौ दुर्गा के चरण : मारवाड़ी युवा मंच चेतना महिला शाखा पडरौना द्वारा श्री दुर्गा मंदिर पडरौना में नौ कन्याओं का चरण धोने के पश्चात पूजा अर्चन कर भोजन कराने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पहले पंजाब नेशनल बैंक से दुर्गा मंदिर तक नौ कन्याओं की नौ दुर्गा रूप में झांकी निकाली गई। तथा बंगाली धूनी नृत्य से मां दुर्गा को प्रसन्न करने का प्रयास किया गया। मारवाड़ी युवा मंच महिला चेतना शाखा की अध्यक्ष मीनू जिंदल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष दुर्गा मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ पारंपरिक लोक नृत्य के साथ इस उत्सव को मनाया जाता है।

कुशीनगर में 40 फीट ऊंचाई पर बने गुफा में दर्शन पर प्रशासन ने लगाई रोक

अवधनामा ब्यूरो

- कसया नगर के नौका टोला में मां वैष्णों देवी के तर्ज पर बना है 40 फीट गुफा

कुशीनगर। कसया नगर में मां वैष्णो देवी के तर्ज पर 40 फीट ऊंचा बनाए गए गुफा में देवी दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं को पुलिस ने रविवार की रात को रोक दिया। इससे नाराज मूर्ति आयोजकों और पुलिस के बीच तकरार हुई। नाराज मूर्ति आयोजकों ने पुलिस पर मनमानी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस पर गुफा की बिजली को भी जबरन काटने का आरोप लगाया है। नगर के फल मंडी के पास नौका टोला में लाखों रुपए की लागत से मां वैष्णो देवी की तर्ज पर माता रानी का गुफा बनाई है। करीब एक महीने से गुफा को कलाकार बनाने में लगे थे। रविवार को गुफा के अंदर से बाहर तक सजा दिया गया था। रविवार की रात करीब 8 बजे दो दरोगा और सिपाही गश्त करते हुए पंडाल के पास पहुंचे। गुफा के अंदर दाखिल हुए पुलिसकर्मी चारों तरफ घूमकर देखने लगे। गुफा से सभी श्रद्धालुओं को बाहर निकालने के बाद बिजली बंद करा दी। मूर्ति आयोजक विमलेश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, राकेश, झम्मन, उमेश आदि पहुंचे तो दरोगा बोले कि गुफा के अंदर श्रद्धालुओं का जाना ठीक नहीं है। कभी भी कोई हादसा हो सकता है। क्योंकि इसकी ऊंचाई अधिक है। ऐसे में गुफा के अंदर किसी का जाना उचित नहीं है। इसको लेकर पुलिस और मूर्ति आयोजकों के बीच कहासुनी होने लगी। इसकी जानकारी होने पर अन्य मूर्ति आयोजक भी पहुंच गए। नाराज लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। इसके बाद इंस्पेक्टर गिरिजेश उपाध्याय पहुंचे और मूर्ति आयोजकों से वार्ता की। **एक माह से बनाई जा रही थी गुफाः** मूर्ति आयोजकों का कहना है कि इतनी बड़ी गुफा एक माह से बन रहा था। लेकिन किसी ने मना नहीं किया। शांति कमेटी की बैठक में भी इसकी जानकारी दी गई थी। दस सालों से यहां पर देवी मां की गुफा बन रही है। ऐन वक्त पर पुलिस और प्रशासन को देवी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को गुफा के अंदर जाकर दर्शन करने से रोकना गलत है। **आयोजकों व इंस्पेक्टर में चली घंटो बहसः** इंस्पेक्टर और आयोजकों में इसको लेकर एक घंटे तक बहस हुई। देवी दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं को वापस लौटना पड़ा। मूर्ति आयोजकों ने चेतावनी दिया कि अगर गुफा में दर्शन से रोक नहीं हटा तो मूर्ति विसर्जन नहीं होगा। गुफा वाले पंडाल के पास पुलिस तैनात कर दिया गया है। **इतनी बड़ी गुफा हादसे का बन सकता है शबब :** इंस्पेक्टर गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि गुफा काफी ऊंचाई पर बनाया गया है। किसी भी इंजीनियर से इसमें सुझाव नहीं लिया गया है। इस लिए हादसे का खतरा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गुफा के अंदर श्रद्धालुओं के दर्शन पर रोक लगाया गया है। मूर्ति आयोजक बेवजह हंगामा कर रहे हैं। आगे जैसा निर्देश अधिकारियों का होगा वैसा किया जाएगा।

पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकताः संतोष सिंह

अवधनामा संवाददाता

- नवागत मथौली चौकी इंचार्ज ने कार्यभार ग्रहण किया

मथौली बाजार, कुशीनगर। नवागत चौकी इंचार्ज संतोष सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। बता दें कि वे इसके पूर्व रविंद्र नगर थाने में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। जिनका स्थानांतरण कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली चौकी के लिए हुआ है।

कार्यभार ग्रहण करने के दौरान श्री सिंह ने कहा कि अपराधिक गतिविधियों में पुलिस कि कड़ी नजर रहेगी। अब अपराधी सावधान हो जाएं, यदि कोई चौकी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अपराध किया तो कठोर व कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाएगी। अपराध करने वालो को बख्शा नही जाएगा, अपराधी या तो अपराध करना छोड़ दें, या क्षेत्र से कही दूर चले जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता में रहेगी। चूंकि क्षेत्र नया है जिम्मेदारी भी बड़ी है। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व चौकी इंचार्ज संतोष सिंह ने सिपाहियो के साथ बैठक कर क्षेत्र का भौगोलिक परिदृश्य के बारे में जानकारी लिया। इसके साथ ही क्षेत्र का स्थिति जाना।

उन्होंने कहा कि जहां्-जहां मूर्ति स्थापित है वहां पुलिस कड़ी नजर रखे। शांति माहौल में त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान उप निरीक्षण शैलेश यादव सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग ने शासनादेश किया जारी

अवधनामा संवाददाता

- अब संविदा कार्यरत पंचायत सहायक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर सकेंगे

सुल्तानपुर। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिवालय पर संविदा पर कार्यरत पंचायत सहायक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर सकते हैं। पंचायत सहायक को ग्राम पंचायत स्तर पर सूचक के तौर पर कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं।

साथ ही शासन ने ये भी निर्देश दिये गये हैं कि सी.आर.एस. पोर्टल पर सूचक द्वारा पंजीयन हेतु अग्रसारित आवेदन मानिटरिंग आई.डी. से अवलोकित किये जा सकें।इस सम्बन्ध में मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग ने शासनादेश जारी कर दिये हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिये ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी/लेखपाल/प्राइमरी स्कलू के प्रधानाध्यापक अथवा प्रभारी (इंचार्ज) अध्यापक को जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण हेतु रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत में होने वाली जन्म एवं मृत्यु को सी0आर0एस0 पोर्टल पर अंकित किये जाने की कार्यवाही की जाती है। उसी के आधार पर ही परिवार रजिस्टर को अद्यतन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि पंजीकरण ग्राम स्तर पर हुए जन्म-मृत्यु के सापेक्ष शत-प्रतिशत नहीं है क्योंकि ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव, ग्राम पंचायत) वर्तमान में एक से अधिक पंचायतों के क्लस्टर में कार्यरत हैं जो प्रतिदिन ग्राम पंचायत में उपस्थित नहीं रह पाते हैं। वर्तमान में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिवालय पर ग्राम पंचायत की संविदा पर कार्यरत पंचायत सहायक यह कार्य अधिक सुचारू रूप से कर सकता है क्योंकि प्रत्येक ग्राम पंचायत में उनकी उपस्थिति है। शासनादेश में आवश्यक अधिसूचना जारी करने के लिये भी कहा गया है।

जय मां शारदा माता मैहर धाम के दर्शन करके लौटे साइकिल यात्री

अवधनामा संवाददाता

- भक्तों का ढोल नगाड़ों के बीच हुआ जोरदार स्वागत

ललितपुर। श्री दुर्गा शक्ति सेवा साइकिल यात्रा समिति के तत्वाधान में विगत 33 वर्ष की भांति इस 34 वे वर्ष में भी जय मां शारदा माता मैहर धाम के दर्शन करके लौटे साइकिल भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया। नेहरू नगर में स्थित श्रीश्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मन्दिर व हनुमान मन्दिर साइकिल भक्तों का जत्था जय मां शारदा माता मैहर धाम के लिये श्री दुर्गा शक्ति सेवा साइकिल यात्रा समिति के अध्यक्ष रमेश दाऊ सरदार सिंह मार्गदर्शन में एवं श्री दुर्गा शक्ति सेवा साइकिल यात्रा समिति के संस्थापक मन्दिर के पुजारी बाबा प्राण किशन दास जी की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कड़की व समाजसेवी विनोद रैकवार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। साइकिल भक्त चौथ को जय मां शारदा माता मैहर धाम पहुंच गये थे फिर सुब्रह पंचमी को साइकिल भक्तों ने जय मां शारदा माता मैहर धाम मन्दिर पर पहुंचकर जय मां शारदा माता के जयकारे लगाते हुये माता को चुनरईया प्रसाद चढ़ाया एवं माता के चरणों में माथा टेककर मां शारदा माता का आशीर्वाद लिया। सभी साइकिल भक्त ललितपुर के लिये रवाना हो गये साइकिल यात्रा से लौटे भक्तों ने ललितपुर के तुवन सरकार हनुमान मन्दिर पर पहुंचकर हनुमान बब्बा के दर्शन कर माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। वही तुवन मन्दिर पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कड़की ने जय मां शारदा माता मैहर धाम के दर्शन करके लौटे साइकिल यात्रा के भक्तों का एक बार फिर ढोल नगाड़ों के बीच तिलक लगाकर, फूल मालायें पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया। साइकिल भक्तों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनायें दी। सभी साइकिल भक्त तुवन सरकार हनुमान मन्दिर से नेहरू नगर में स्थित श्री श्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मन्दिर एवं हनुमान मन्दिर के लिये रवाना हुये, जैसे ही साइकिल भक्तों ने ढोल नगाड़ों के बीच मोहल्ला नेहरू नगर में प्रवेश किया तो श्रद्धालुओं ने साइकिल भक्तों का जगह जगह तिलक लगाकर, फूल मालायें पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया और ढोलो की थापों पर मदमस्त होकर साइकिल भक्तों ने व श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। सभी साइकिल भक्त श्री श्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मन्दिर व हनुमान मन्दिर पर पहुंचकर माथा टेका और माता रानी का व हनुमान बब्बा का आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर माता मैहर धाम के दर्शन को जाने वाले साइकिल भक्तों में राकेश सिंह तोमर, आशाराम रैकवार उर्फ लल्लू भैया, सुरेन्द्र रैकवार,मूलचन्द कुशवाहा, राहुल रैकवार, संजय अहिरवार, आकाश रैकवार, रविन्द्र कुमार, राम, प्रमोद अहिरवार, अभय रैकवार, अशोक रैकवार आदि गये हुये थे इस दौरान बद्री प्रसाद, हरदास कक्का के अलावा अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मां कात्यायनी माता मन्दिर से श्रद्धा के साथ निकले 64 खप्पर जवारे। मोहल्ला नेहरू नगर में रेल्वे अस्पताल के पीछे गली नम्बर 5 में स्थित मां कात्यायनी माता मन्दिर पर 64 खप्पर जवारे बोये गये थे जो आज नवरात्रि की नवमी पर मां कात्यायनी माता मन्दिर से डीजे की धुन के साथ चौसठ खप्पर जवारे निकाले गये चौसठ खप्पर जवारे मातायें बहिनें अपने अपने सिर पर रखकर मंगलगीत गाती हुई चल रही थी।

ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

बांदा। दोस्तों के साथ दुर्गा प्रतिमा के दर्शन करने के बाद घर जा रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर खंती में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अतर्रा थाना क्षेत्र के चौरिहन पुरवा गांव निवासी कमलेश (19) पुत्र मेवालाल रविवार की रात अपने दोस्त सागर और बिंदू के साथ दुर्गा प्रतिमा देखने आए थे। रात को दर्शन करने के बाद तीनो लोग पैदल घर जा रहे थे। कमलेश पीछे चल रहा था। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रक ने कमलेश को टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर पानी भरी खंती में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में भर्ती कराया।

पुलिस की शिकायत करने पहुंची पीड़ित महिला

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। मानसिक अस्वस्थ पति को बहला फुसलाकर खतौनी की जमीन की रजिस्ट्री करवा लेने वाले दबंगों से आजिज विवाहिता ने थाने से न्याय मिलता न देखकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार की है।दबंग न्यायालय से मुकदमा उठाने का जबरन दवाव बना रहे हैं तथा जमीन पर कब्जा करने की दवंगई कर रहे हैं।एस पी सुल्तानपुर से मिलकर पीड़ित महिला श्रीमती यादव पत्नी सुरेश कुमार यादव ग्राम बंधुआ खुर्द ने थाना धम्मौर पुलिस की लिखित शिकायत की है। शिकायती पत्र के अनुसार मानसिक रूप से विक्षिप्त पति को गुमराह करके पैतृक जमीन का फर्जी बैनामा के खिलाफ सिविल न्यायालय में बैनामा खारिज करने का मुक़दमा चल रहा है। थाना कोतवाली नगर मे 4 फरवरी को 99/23 अंतर्गत धारा 419, 420,504, 506 का मुकदमा भी पंजीकृत है।बावजूद इसके दबंग भूमाफिया महिला को अकेले रास्ते में मिलकर अश्लील हरकत करते हुए मुकदमा उठाने की धमकी दे रहे हैं।एसपी को लिखी शिकायत में महिला ने कहा है कि जालसाजी कर दूसरे के नाम का फर्जी चेक बैनामे के दस्तावेज में दिखाया गया है।केनरा बैंक शाखा पलिया, द्वारा जारी चेक नंबर 111342के खाते में रूपया पांच लाख दिखाया गया है। बैनामे के आधार पर जारी रकम का उपरोक्त के खाते में रुपया था ही नहीं, खाते में जो भी पैसा था उसकी रकम 1596 .76 रुपए ही पाया गया। पीड़िता महिला अपने दो छोटे-छोटे बच्चे व एक नाबालिक लड़की को साथ लेकर न्याय पाने के लिए भटक रही है।

अंश सिंह को आर्म रेसलिंग के ओपन वर्ग में मिला प्रदेश में तृतीय स्थान

सुलतानपुर। अवध पुलर क्लब तथा हिंद आर्म रैसलिंग क्लब लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अवध अंडर 18 आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन जयप्रकाश नगर, आलमबाग, लखनऊ में हुआ। इस रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के 350 से अधिक प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता की ओपन वर्ग एबव 80 किलोग्राम में जनपद सुल्तानपुर के अंश सिंह पुत्र श्री अरविंद कुमार सिंह निवासी पयागीपुर सुल्तानपुर ने प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करके जनपद वासियों का मान बढ़ाया। अंश सिंह की इस सफलता पर डॉ पंकज सिंह, डॉ अजय सिंह, अंजना सिंह, अरविंद कुमार गिरीश नारायण मिश्र सभासद, डॉ अम्बरीष, भूपेंद्र कुमार आदि शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

डेंगू से बचाने के लिए मलेरिया विभाग शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार करवा रहा है फांगिग

- मलेरिया इंस्पेक्टर सूर्याश प्रताप सिंह, रमेश और मेराज ने सभांली जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। डेंगू के डंक को समाप्त करने के लिए मलेरिया विभाग ने कमर कस लिया है, नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया विभाग की टीम देर रात तक फांगिग करती नजर आ रही है, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.लालजी, जिला मलेरिया अधिकारी बंशीलाल यादव, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधीर कुमार व हरीशचंद्र श्रीवास्तव, मलेरिया इंस्पेक्टर ए.अहमद और सूर्याश प्रताप सिंह, रमेश, मेराज आदि अधिकारी व कर्मचारियों ने गांव व शहर की गलियों में पहुंचकर ज्वर से पीडितों से मिल रहे है।उन्हें सलाह के साथ जागरूक भी करते नज़र आ रहे है, मलेरिया विभाग ने कई टीम बनाकर उन्हें प्रतिदिन अर्बन व रूरल एरिया बताया जाता है, टीम पहुंचकर फांगिग के साथ कैंप भी लगा रही है, शनिवार देर रात तक मलेरिया इंस्पेक्टर सूर्याश प्रताप सिंह की टीम, कुड़वार, करौदिया, पुलिस लाइन, महिला थाने के आस-पास जिला पंचायत परिसर आदि ग्रामीण क्षेत्र व शहर के वार्डो में फांगिग कराई गई, डीएमओ बंशीलाल यादव ने बताया की स्थिति नियंत्रण में है, हम लोगों से अपील भी कर रहें है की अपने आस-पास पानी का जमाव ना होने दें।कूलर, गमलों की सफाई रखें, गंदगी ना होने दें, समस्या होने पर फौरन नजदीकी स्वास्थ केंद्र पर जाए।वही उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.लालजी ने बताया की अभीतक हमने कैंप लगाकर लोगों की डेंगू जांच के साथ ही लोगों को दवा वितरण और आवश्यक होने पर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों व जिला अस्पताल में उपचार की सलाह भी दी है।

धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा

ललितपुर। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की एक बैठक समिति अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में दशहरा पर्व को लेकर संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से दशहरा पर्व पूर्व वर्षों की भाती भव्यता के साथ मानने का निर्णय लिया गया। पूर्व वर्षों की भाती इस वर्ष भी रावण का 50 फुट का पुतला भोपाल से मंगाया गया है, जो की फुल वाटर फुफ है व रामलीला मैदान पर शोभायमान हो गया है। भव्य आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन रामलीला मैदान गोबिंद नगर में होगा। 24 अक्टूबर मंगलवार को शाम 5 बजे से विशाल शोभायात्रा रघुनाथ जी मंदिर से राम रावण की सेना के साथ रघुनाथजी मंदिर चौबयाना से प्रारंभ होगी, जो की अपने निर्धारित मार्ग रावर स्कूल, सुभाषपुरा, घंटाघर, वीर सावरकर चौक, आजाद चौक, नदीपुल होती हुई गोबिंद नगर रामलीला मैदान पहुंचेगी। जहां पर राघव लोक कला सोसायटी द्वारा सुंदर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। बड़ी एलसीडी टीवी स्क्रीन पर रामलीला मैदान गोबिंद नगर पर लाइव प्रसारण शोभायात्रा आरम्भ होने से लेकर रावण दहन तक किया जाएगा। समिति के यू ट्यूब अधिकृत चैनल पर भी आप चैनल के माध्यम से भी लाइव प्रसारण देख सकते है। इस अवसर पर बृजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, शिव कुमार शर्मा, अवधेश कौशिक, मुन्ना त्यागी आदि उपस्थित थे संचालन महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना ने किया।

गरीब की कोई नहीं सुनता

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ललितपुर रेलवे स्टेशन के तिराहे पर आज सुबह- सुबह जब एक ट्राला एफसीआई का गेंहू भरने जा रहा था। कि तभी एक दिव्यांग ट्राला की चपेट में आते आते बच गया। लेकिन मामूली चोटिल तो हो ही गया। यदि टैक्सी बाले नहीं चिल्लाते तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर जिले के अंतर्गत खुरई निवासी 38 वर्षीप रेलवे स्टेशन पर रोड पर ही खड़ा था कि अचानक शहर की तरफ से आ रहा ट्राला वाला 94 टी 4855 खाली जो एफसीआई का माल भरने जा रहा। तभी गब्बर सिंह निवासी खुरई मामूली चोटिल हो गया। गब्बर अकेला था, साथ में दिव्यांग था और इस घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शी ट्राला वाले को कुछ ना कहते हुए गब्बर को ही भला बुरा कहने लगे, क्योंकि वह गरीब था। इतने में वह ट्राला वाला भाग खड़ा हुआ। खैर जो भी हो लेकिन गरीब आदमी का कोई नहीं होता यह बात आज एक बार फिर सावित हो गई।

सड़क हादसों में मां-बेटे समेत सात घायल

बांदा। तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार छह लोग घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया गया। एक अन्य घटना में बाइक से गिरकर मां-बेटे घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के देवरथा गांव से सवारियां लेकर ई-रिक्शा बबेरू आ रहा था। तभी आहार गांव के पास सामने से आ रहे वाहन को साइड देते समय ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें सवार ठुनकी (60), नरेंद्र (16) देवरथा, शकीला (28), नसीमा (60), कामरान (2) निवासीगण बगेहटा बबेरू घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल लाया गया।

अनमोल धरोहर का खजाना है नवागढ़ की पुरा सम्पदा

- पहाड़ियों से मिल चुके हैं हजारों वर्ष पुराने औजार
- नवागढ़ तीर्थ क्षेत्र का इतिहास काफी पुराना
- विलक्षण कलाकृतियां एवं भारतीय कला संपदा का अक्षय भंडार है नवागढ़

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ विकास खंड महरौनी में पं.गुलाबचन्द पुष्प जन्म शताब्दी महोत्सव वर्ष के अन्तर्गत त्रिदिवसीय राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी का समापन ब्र.जय निशांत भैयाजी के निर्देशन में किया गया। सर्वप्रथम चित्र अनावरण व दीप प्रज्ज्वलन अतिथि व विद्वानों ने किया। संगोष्ठी के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि नवागढ़ प्राचीन तीर्थक्षेत्र है। यहां का इतिहास काफी पुराना है।

यहां खुदाई कहीं भी हो बड़ी ही सावधानी से की जाती है क्योंकि यहां पर कई अति प्राचीन मूर्तियां एवं पुरातात्विक साक्ष्य, औजार मिलते हैं। तत्कालीन डीएम ने नवागढ़ विरासत को स्वयं जाकर अवलोकन किया था और नवागढ़ की ओर ध्यान देते हुए प्रशासन स्तर से सहयोग भी किया था। विशिष्ट अतिथि नरेश पाठक ग्वालियर ने कहा कि नवागढ़ में जैन तीर्थंकर का शिर एवं आदिनाथ भगवान की शिर विहीन पद्मासन प्रतिमा, पाषाण कलश, खंडित अभिलेख, कलाकृतियां एवं मृदभांड प्राप्त हुए हैं, जो नवागढ़ की प्राचीनता, संपन्नता, समृद्धि एवं संस्कृति को सिद्ध करते हैं। इस मौके पर मनीष जैन संजू ने कहा कि प्रतिष्ठा पितामह पंडित गुलाबचंद पुष्प बेमिसाल, बहुमुखी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। पं.सोमचंद्र शास्त्री मैनवार ने तीर्थ का स्वरूप विषय पर आलेख प्रस्तुत करते हुए कहा कि संसार-समुद्र से जो पार करे उसे तीर्थ कहते हैं। तीर्थ हमारी संस्कृति, सभ्यता की अनमोल धरोहर और हमारी आस्था के केंद्र बिंदु हैं। वीरचन्द्र जैन नेकौरा ने नवागढ़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को रखा। पं.इंद्रकुमार जैन ने पं.गुलाबचंद पुष्प के अवदान पर प्रकाश डाला।

अभियुक्त व्युक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा अंतर्गत धारा 82 सीआरपीसी

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि विनोद कुमार उपाध्याय पुत्र रामकुमार निवासी जाटेपुर उत्तरी धर्मशाला थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर के मुकदमा न. 6978/2021 धारा 384,506 भारतीय दंड संहिता थाना कोतवाली गोरखपुर के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त विनोद उपाध्याय फरार हो गया है। (या उक्त वारंट की तामीला से बचने के लिए अपने को छुपा रहा है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा न. 6978/2021 धारा 384,506 भारतीय दंड संहिता थाना कोतवाली गोरखपुर के उक्त अभियुक्त विनोद कुमार उपाध्याय से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए एक माह या उसके पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
अपर न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट
संख्या 2 जनपद गोरखपुर उत्तर प्रदेश

सिद्धपीठ चण्डी मंदिर पर महाआरती का हुआ भव्य आयोजन

- राज्यमंत्री, सदर विधायक और एसपी, एडीजे ने की महाआरती

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। श्रीसिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर शारदीय नवरात्रि के पावन बेला मां के दरबार में भव्य महाआरती का आयोजन परमपूज्य अनंतविभूषित चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरिजी महाराज के पावन सानिध्य में किया गया। महाआरती में राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, अपर जिला जज लोकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, सरदार बी.के.सिंह, गंधर्व सिंह लोधी, प्रदीप चौबे, सीओ अभय नारायण राय ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया। इस दौरान महाराजजी ने कहाकि मां के नौ रूपों में देवी दुर्गा की पूजा करने से भक्त उनकी अनुग्रह से जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इन रूपों में दिखाई गई विशेषता और शक्ति हमें यह सिखाती हैं कि हर चुनौती का सामना करना संभव है। पूजा समाज में समृद्धि, शांति और एकता की भावना को मजबूती देती है। यह सामाजिक सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देती है। पूजा समाज में समृद्धि, शांति और एकता की भावना को मजबूती देती है। यह सामाजिक सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देती है। इसे प्राप्त कर साधक परम सिद्ध हो जाता है। इसलिए इसे सिद्धिदात्री कहा है। इसमें शक्ति स्वयं शिव हो जाती है, पार्वती स्वयं शंकर हो जाती है और राधा स्वयं कृष्ण हो जाती है। आत्मा अर्थात जीवात्मा अपने परम स्थिति में परमात्मा हो जाती है। शक्ति, पार्वती, राधा व जीवात्मा एक है। शिव, शंकर, कृष्ण व परमात्मा एक है। भगवान अर्धनारीश्वर है। सब उनमें ही ओत-प्रोत है, सब कुछ वो है, अलग कोई नही। इस दौरान अवध बिहारी उपाध्याय, अध्यक्ष प्रेस क्लब राजीव बबेले, विजय जैन कल्लू, अनूप मोदी, अश्विनी पुरोहित, राजेन्द्र वाजपेयी, राहुल शुक्ला, के.के. बंसल, संजू श्रोतीय, राजेश दुबे, पूजा कश्यप, नवल किशोर सोनी, गणेश अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, शरद उपाध्याय, मनीष दुबे, शत्रुघ्न यादव, बृजमोहन संज्ञा, संतोष साहू समस्त चण्डी रूद्र सेना उपस्थित रहे।

अधेड़ किसान ने लगाई फांसी, मौत

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के देवगांव में अधेड़ किसान ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसके पहले इसकी पहली पत्नी ने अपने दो साल के बच्चे को फंदे में लटकाने के बाद खुद फंदे पर झूल गई थी। जिसमें इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था और समझौता होने पर जेल से बाहर आया था।

देवगांव निवासी अशोक सिंह 45 वर्ष पुत्र भागवत उर्फ चुन्नू सिंह खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पिता भागवत सिंह ने बताया कि इसकी पत्नी शांति देवी दो दिन पूर्व अपनी दोनों बेटियों के साथ मायके चली गई थी। सूना घर पाकर रविवार की रात अशोक ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह होने पर उन्हें जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और सूचना पाकर पत्नी शांति अपनी दोनों बेटियों के साथ गांव आ रही है। गौरतलब हो कि अशोक सिंह की पहली शादी वर्ष 2000 में चन्द्रपुरवा गांव निवासी राजेन्द्र उर्फ भूरा सिंह की बेटी मेनका देवी से हुई थी। जिससे एक बेटा हुआ था। बताते है कि वर्ष 2007 में पति-पत्नी के विवाद के चलते पहली पत्नी मेनका ने दो साल के बेटे को फंदे में लटकाने के बाद खुद भी फंदे से झूल गई थी। इस मामले में अशोक सिंह के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया था और वह जेल भी गया था। लेकिन बाद में इसके ससुरालीजनों ने समझौता कर लिया था। जेल से बाहर होने पर इसने वर्ष 2010 में कानपुर जनपद में दूसरी शादी की थी। जिससे दो बेटियां रोशनी 7 वर्ष व लाडो 5 वर्ष है। दो दिन पूर्व इसकी पत्नी बेटियों के साथ अपने भाई के साथ अपने मायके चली गई थी। सूना घर पाकर इसने रविवार की रात घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/गतिशक्ति यूनिट/ वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. निविदा सूचना सं.:** ई–निविदा गशयू–एल–33–23–24; **कार्य का नाम (हिन्दी):** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी मंडल के सिवान और धावे स्टेशनों के विकास के लिए एम.ई.ए. के तहत विद्युतीय कार्य का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रु०):** 17265123.69; **अमानत राशि (रु०):** रु० 236300/–; **कार्य समापन का समय:** 120 दिन; **निविदा समापन की तिथि एवं समय:** 15.11.2023 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 15.11.2023 को 14:30 बजे; **क्र.सं. 2. निविदा सूचना सं.:** ई–निविदा गशयू–एल–34–23–24; **कार्य का नाम (हिन्दी):** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी मंडल के मैरवा, कप्तानगंज और देवरिया सदर स्टेशनों के विकास के लिए एम.ई.ए. के तहत विद्युतीय कार्य का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रु०):** 17115078.66; **अमानत राशि(रु०):** रु० 235600/–; **कार्य समापन का समय:** 120 दिन; **निविदा समापन की तिथि एवं समय:** 15.11.2023 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 15.11.2023 को 14:30 बजे। उपरोक्त ई–निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/ग.श.यू.
मुजाधि/विद्युत–184 **वाराणसी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब की भट्ठी

- 35 लीटर अवैध शराब के साथ उपकरण किए गये नष्ट

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। कोतवाली नगर के हथियानाला व बलीपुर में आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह व टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए अवैध शराब के कारोबारियों को धर दबोचा,छापेमारी में टीम के हांथ 35 लीटर अवैध शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरण मिले,जिसे टीम ने नष्ट करते हुए तीन लोगों को मौके पर दबोच लिया,पकड़े गए अवैध शराब के कारोबारियों के विरूध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए आगे की कार्यवाई के लिए लिखापढ़ी की जा रही है।आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की सूचना पर मैं और आबकारी टीम जिसमें साकेत कुमार राय,मो.इरफान,अंकित शर्मा,संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक लंभुआ,कमलेश दूबे,केएनआई चौकी इंचार्ज सचिव मौर्या के साथ दबिश दी गई,मौके पर बरामद अवैध शराब व अन्य चीजो को नष्ट किया गया।निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया की शासन स्तर से अवैध शराब के विरूध विशेष अभियान का निर्देश है,जिसके क्रम में विभाग द्वारा लगातार कार्यवाई हो रही है।

श्रीराम का संदेश पाकर भावुक हुई मां जानकी

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। हिण्डाल्को रेणुकूट में चल रही श्री रामलीला मंचन के सप्तम दिवस का शुभारम्भ श्री गणेश पूजन व श्री राम आरती से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.भास्कर दत्ता, डॉ. अजय गुगलानी, डॉ. मोनिका तथा डॉ. प्रेमलता यादव ने किया। हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा आयोजित सातवें दिन सीता हरण, शबरी भक्ति, राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सीताजी की खोज और लंका दहन आदि लीलाओं का रामलीला के कलाकारों द्वारा बहुत सजीव मंचन किया गया। लीलाओं में लक्ष्मणजी द्वारा शूर्पनखा की नाक काट लेने पर शूर्पनखा अपने भाई रावण के दरबार पहुंच कर सीता जी की सुन्दर रूप का बखान करते हुए उनके हरण के लिए उकसाती हैं तब रावण अपने मामा मारीच के साथ वन में पहुंचते हैं और मारीच स्वर्ण मृग बन कर सीताजी को रिझाते हैं। सीताजी की जिद पर श्रीराम मृग पकड़ने उसके पीछे दौड़ते है। मारीच अपने मायाजाल से लक्ष्मण को श्रीराम की मदद को विवश कर देते और सीताजी के आग्रह पर लक्ष्मण रेखा खींच कर श्रीराम की मदद को चल देते हैं। मौका पाकर साधू वेश में रावण सीताजी का हरण कर लेते है और आकाश मार्ग से लंका की ओर ले चलते हैं। रास्ते में जटायू उन्हें भरसक रोकने का प्रयास करते हैं और रावण के प्रहार से मरनासन्न होकर धरती पर गिर जाते हैं। उधर कुटिया में लौटकर सीताजी को न पाकर दोनो भाई उन्हें ढूढ़ने निकलते हैं तब रास्ते में जटायू से उन्हें रावण द्वारा सीताजी के हरण की जानकारी मिलती है। आगे चलकर श्रीरामजी सुग्रीव से मिलते है और बाली-सुग्रीव युद्ध में बाली का वध करके सुग्रीव को राजगद्दी सौंप देते है। सुग्रीव व श्रीराम की मित्रता होती है और पूरी वानर सेना, सुसेन, हनुमानजी व सुग्रीव श्रीराम व लक्ष्मण के साथ सीताजी को लंका से लाने के लिए निकल पड़ते है। हनुमानजी सात समुंदर पार करके लंका पहुंच कर अशोक वाटिका में सीता माता से मिलकर उन्हें श्रीराम का संदेश देते है जिसे पाकर सीताजी भावुक हो उठती है। अंत में हनुमानजी विकराल रूप धारण करके पूरे लंका को तहस-नहस करते हुए आग लगा देते हैं और इसी के साथ सातवें दिन की लीलाओं का समापन होता है।

आज मनाया जाएगा सत्य और न्याय की जीत का प्रतीक दशहरा

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। कस्बा मौदहा जो सदैव से गंगा जमनी तहजीब प्रतीक रहा है। हमेशा यहां बुजुर्गों नें एक दूसरे के साथ मिलजुल कर त्यौहार बनायें बुजुर्गों की डाली वह बुनियाद आज भी मौदहा में जिन्दा है। नौ दिनों तक जगह देवी पंडालों में रौनक रही । आज दशहरा का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, भगवान राम की शोभायात्रा शाम 7:00 बजे रामनगर व कुमरोदा और मीरा तालाब से उठकर देवी चौराहा से कजियाना मथुरा मंदिर होते हुए रावण दहन स्थल पहुंचेगी नगर में मीरा तालाब व रामनगर और कुमरोदा में रावण,कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतले बनाए गए हैं इसके अलावा बच्चों द्वारा जगह-जगह छोटे-छोटे पुतले बनाए गए है प्रशासन व पुलिस बल का जगह-जगह चाक चौबंद इंतजाम है गत शाम पुलिस अधिकारियों द्वारा शोभा यात्रा की रूट पर निरीक्षण किया गया दहन स्थल पर प्रशासन द्वारा फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है लगभग रात 9:30 बजे रावण दहन अलग-अलग स्थान पर भगवान राम के द्वारा किया जाएगा बताते हैं आज से लगभग 7300 वर्ष पूर्व त्रेता युग में भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में अयोध्या के राजा दशरथ के जेष्ठ पुत्र राम के रूप में पैदा हुए जिनकी पत्नी सीता का अपहरण लंका के राजा रावण के द्वारा किया गया था रावण ब्रह्मा के पुत्र पुलस्त्य ऋषि का नाती व विश्रावा मुनि का पुत्र था। रावण को पूर्व जन्म में जय विजय के रूप में मिले श्राप के कारण, इस जन्म में रावण और कुंभकरण के रूप में पैदा हुए जिनका वध भगवान राम ने किया रावण भगवान शिव का परम भक्त था वह प्रकांड विद्वान भी था मान्यता है कि लोग दशहरे के दिन शमी वृक्ष की पूजा व नीलकंठ पक्षी के दर्शन करते हैं क्योंकि भगवान राम ने रावण वध से पूर्व शिव की उपासना की थी भगवान शिव की उपासना में शमी वृक्ष का बड़ा महत्व है और नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का रूप ही बताते हैं।

पुलिस के घंटों मानमनौव्वल के बाद हुआ पोस्टमार्टम

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। रविवार रात अपनी मृत पत्नी को अस्पताल लाए पति और परिजनों को पुलिस के घंटों मान मनौव्वल करने के बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए हालांकि इस दौरान लगभग तीन घंटे तक अस्पताल में हंगामा मचा रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डीहा डेरा निवासी अनिल रविवार शाम अपनी पत्नी खुशबू को प्रसव पीड़ा के चलते कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए थे लेकिन डाक्टरों नें प्रसव में कुछ समय बता कर उन्हें अस्पताल में रुकने के लिए कहा इस दौरान अनिल अपनी पत्नी को घर ले गए।इसके बाद रात में खुशबू का घर में ही प्रसव हो गया और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी जिसे पति अनिल द्वारा अपनी पत्नी को रात करीब बारह बजे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया जहां पर डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीण कस्बे के सरकारी अस्पताल में इकट्ठा हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने की बात कही जिसपर परिजनों ने पुलिस का विरोध किया और लगभग तीन घंटे चले ऊहापोह के साथ ही मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक की दो साल पहले डीहा डेरा निवासी अनिल निषाद से शादी हुई थी और मृतका का मायका बांदा जनपद के दरदा गांव में है।और उसने पहली बच्ची को जन्म दिया था।

अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे खडड में गिरा, यातायात रहा बाधित

मौदहा हमीरपुर। नेशनल हाईवे पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खडड में गिर गया जिससे नेशनल हाईवे पर जाम लग गया।हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी के हताहत होने की बात सामने नहीं आई। कस्बे से निकले नेशनल हाईवे 34 पर कानपुर की ओर से महोबा की ओर जा रहा ट्रक यूपी 78 एचटी 6476 नरायच गांव में सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गया जिसे जेसीबी की सहायता से निकाला गया हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना से किसी को चोंटे नहीं आई। जबकि जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रक निकालते समय लगभग आधा घंटा हाईवे जाम रहा और वाहनों की लम्बी लम्बी लाईनें लगी रहीं।

श्रद्धालुओं से भरी आटो पलटी, दर्जन से अधिक घायल

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। नवरात्रि पर मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की आटो के सामने अन्ना पशु आ जाने से आटो पलट गई जिसमें चौदह लोगों को गंभीर चोंटे आई हैं।सभी घायलों को ग्रामीणों और एम्बुलेंस की सहायता से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से नौ लोगों को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।घायलों में अधिकांश महिला और युवतियां शामिल हैं। सिसोलर थाना क्षेत्र के भुलसी और आसपास के लोगों को लेकर एक आटो बांदा जिले के खत्रीपहाड़ स्थित मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए गया था।वहां से लौटते समय रविवार रात कोतवाली क्षेत्र के इचौली के निकट अचानक सामने आए सांड से टकरा कर आटो पलट गया जिसमें संतोष कुमार (16) पुत्र रामसजीवन, सुशील (18) जगरूप, रंजना (18) बच्चा सिंह, शिवरानी (18) शिवमोहन सिंह, अंशिका (24) शिवपूजन, शीला (16) वीरसिंह, सुमन (40) कृष्ण कुमार, मीनू सिंह, रमा (21) वीरसिंह,लक्ष्मी (20) शिवप्रसाद, विश्वेश्री (14) ,संदीप (13) कृष्ण कुमार, साकेत, रमा गुप्ता आदि गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस और ग्रामीणों के सहयोग से कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से नौ लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

दबंगों ने ईट और सब्बल से किया युवक पर जानलेवा हमला

अवधनामा संवाददाता

राठ-हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के औता गांव में रखी देवी पंडाल के नीचे उस वक्त हंगामा कट गया जब दबंगो ने एक युवक के ऊपर इट और सब्बल से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया जहां औपचारिक इलाज के दौरान जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया। घायल जसवंत पुत्र अमन नारायण निवासी औता ने बताया कि गांव में खाली गली में सजे देवी पंडाल नवदुर्गा नव युवक समिति का अध्यक्ष हूं रात 8 बजे मनीष पुत्र हरगोविंद ने आकर साउंड सर्विस की मशीन चालू कर दी जिसको समिति के सदस्यों ने मना किया तो मनीष को नगवार गुजरा तभी रात्रि 10 बजे के लगभग मनीष अपनी मां अनुसूईया और दादा सुबहदेन के साथ सबल और हाथों में ईट लेकर सर पर वार कर दिया जिससे बुरी तरह घायल होकर नीचे गिर गया उस वक्त वहां उपस्थित लोगों में भगदड़ मच गई आनन फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया औपचारिक इलाज के दौरान हमीरपुर रेफर कर दिया हालात नाजुक देखते हुए हमीरपुर जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया जहां पर हालात पर सुधार बताई जा रही है। मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को देकर जांच कर कार्यवाही कि मांग की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जानकारी आई है जांचकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

पर्व हमारे गौरवशाली संस्कृति के परिचायक: सिंह

गरबा व डांडिया उत्सव देखने के लिये रेनूसागर मे उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ अनपरा। शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन द्वारा प्रेक्षागृह परिसर स्थित आदि शक्ति, महाशक्ति श्री श्री मॉ दुर्गा देवी की महानवमी पूजा, पुष्पांजली आरती व भोग, विधि विधान घण्टे घड़ियाल, शंख के साथ पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात महानवमी के अवसर पर खिचड़ी महाभोग का आयोजन किया गया जिसमे हजारो माता के भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। शारदीय नवरात्र के सुअवसर पर दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर की अध्यक्षा इन्दु सिंह के कुशल नेतृत्व में गरबा व डांडिया नृत्य का रविवार की देर शाम आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वन्दना से किया गया, तत्पश्चात रेनुसागर पावर डिवीजन की महिलाओ द्वारा मनोहारी डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर रविवार कि शाम को यादगार बना दिया,वही कार्यक्रम के अगले पायदान पर महिला अभियंताओं द्वारा डांडिया एवं वालीवुड के मिश्रण संगीत पर थिरकते हुए मनोहारी कला का प्रदर्शन कर दर्शको की खूब वाहवाही लूटी, इसी क्रम में दिशिता महिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा नया नौ दिन पुराना सौ दिन के कहावत को चरितार्थ करते हुये दिशिता महिला मण्डल की सदस्याओं द्वारा नवस्वरूप नवप्रेरणा देबी के समक्ष गरबा व डांडिया नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा के सम्मान में आराधना करते हुए देवी गीत पर थिरकते हुये शानदार प्रस्तुति नें दर्शक दीर्घा में बैठे हजारो श्रद्धालूओं को भावविभोर कर दिया कार्यक्रम के अंत में ओपन डांडिया का आयोजन किया गया जिसे देखकर लगता था कि रेणुसागर के जमीं पर वालीवुड के सितारों का आगमन हुआ है जिसे देख दर्शको ने तालियों कि गड़गड़ाहट से उनका स्वागत करते हुए माता रानी का जयकारा लगाया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिविजन के प्रमुख आर0 पी0 सिंह ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए नवरात्री की शुभकामना दी।

संक्षिप्त समाचार

15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

हमीरपुर। अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध आबकारी आयुक्त द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में उच्चाधिकारियों के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी हमीरपुर के निर्देशन में दिनांक 23-10- 2023 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 (मौदहा) एवं प्रवर्तन-1 चित्रकूट धाम के साथ व अधीनस्थ स्टाफ के थाना मौदहा क्षेत्रान्तर्गत स्थित संदिग्ध ग्राम ढिया ढेरा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 250 kg लहन मौके पर नष्ट किया गयाद्य जिसमें 01अभियोग पंजिकृत कर आबकारी अधिनियम की सुंसगत धाराओं में मुकदमा पंजिकृत किया गया जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया

हमीरपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज-IV के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व थाना मुस्करा की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112/ 1090/ 102/ 108/ 1098 आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं/ बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पैम्फलेट वितरित किये गए।

स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

बबेरू। कोतवाली पुलिस ने शनिवार के दिन एक युवक को संदिग्ध हालत में गिरफ्तार किया। उसके पास से 11 ग्राम स्मैक की पुड़िया बरामद हुई । पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके चालान कर दिया है । नवरात्र के मद्देनजर कस्बा इंचार्ज तुषार श्रीवास्तव हमराही सिपाहियों के साथ गश्त पर थे तभी मुखबिरों की सूचना पर हरदौली मोड़ के पास बिसंडा थाना क्षेत्र के गांव मिलाथु निवासी अवध किशोर यादव पुत्र मूलचंद उर्फ भुलुवा को गिरफ्तार कर लिया।

एनटीपीसी विंध्याचल में धूम-धाम से मनाया जा रहा है दुर्गा उत्सव

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में धूम-धाम से दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 अक्टूबर 2023 से 24 अक्टूबर 2023 तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- फ़ैन्सी ड्रेस, नृत्य, शंखनाद, चित्रकला प्रतियोगिता, डांडिया प्रतियोगिता, गीत-गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्री आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल पुजा समिति द्वारा दुर्गा अष्टमी के अवसर पर सर्वप्रथम चने की सब्जी, खीर, पूड़ी, हलवा का भोग माँ दुर्गा को लगाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सरोजा फणि कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सुभा भारद्वाज एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा कन्या पूजन किया गया। उसके बाद मंदिर समिति द्वारा 101 से अधिक कन्याओं को कन्या भोजन कराया गया। कन्या भोजन के बाद सभी कन्याओं को प्रसाद के रूप में फल एवं उपहार प्रदान कर सभी आशीर्वाद ग्रहण किया। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कन्या भोजन की शुरुआत एनटीपीसी विंध्याचल में पिछले वर्ष दुर्गापूजा (सचिव) रंजीत चौधरी द्वारा किया गया था, जिसकी सभी ने सराहना की। साथ ही मंदिर समिति द्वारा दुर्गा नवमी के दिन वृहद रूप से हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों के साथ-साथ भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। इसके साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में एनटीपीसी विंध्याचल के अधिकारी एवं कर्मचारी व उनके परिवारजनों के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण वासी भी इस प्रसाद का भरभूर आनंद उठाया।

मां की डांट से नाराज किशोर ने फांसी लगाकर जान दी

अवधनामा संवाददाता

बांदा। मां की डांट से नाराज किशोर ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह चाची ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फतेहगंज थाना क्षेत्र के गोबरी गांव के मजरा डढ़वामानपुर गांव निवासी लवकुश (17) पुत्र जय हिंद ने रविवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह उसकी चाची संकेता ने देखा तो परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने फंदा काटकर शव को नीचे उतार लिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि लवकुश हरियाणा में रहकर मजदूरी करता था। वह एक माह पहले गांव आया था। वह शराब पीने का आदी था। रविवार रात नशे की हालत में घर आया और उत्पात मचाने लगा। इस पर मां ने उसे डांट दिया। नाराज होकर वह कमरे के अंदर घुस गया और दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। लवकुश दो भाइयों में बड़ा था।

देवी भक्तों को हलुवा वितरित

अवधनामा संवाददाता

बांदा। उत्तर प्रदेश का बांदा जनपद आपसी सौहार्द के लिए पूरे देश मे जाना जाता है। सभी धर्मों के पर्वों में यहां हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई आपस मे हैं भाई भाई की विचारधारा खूब देखने को मिलती है। नवरात्र की अष्टमी पर समाज सेवी मुमताज अली ने महेश्वरी देवी मंदिर के बाहर देवी भक्तों को हलुए का प्रसाद वितरित किया। सप्तमी को भी मुमताज अली के द्वारा काली माता मंदिर, सेदु तालिया में भंडारे का आयोजन किया गया था। इन दोनों ही कार्यक्रमो में मुमताज अली के साथ नाथूराम तिवारी, राजकिशोर मिश्रा, दयाराम सिंह, संजय त्रिवेदी, अमर सिंह, बबलू यादव, कमर अली, सफदर एडवोकेट, शाहिद अली एडवोकेट, आफाक अहमद एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

नरैनी। पुकारी गांव में मौजूद गौशाला में भूख और बीमारी से मर रहे गौ वंशों के बारे में सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाओ को परखा। केयर टेकर और ग्राम सचिव को गौ वंशों के खाने पीने के इंतजाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण में गौशाला का हाल जानने को पहुचे उपजिलाधिकारी विकास यादव ने बताया कि पुकारी में मंडी समिति प्रांगण में ग्राम पंचायत द्वारा अस्थाई गौशाला चलाई जा रही हैं। गौशाला में गंदगी के ढेर लगे हुए थे। उनको साफ़ सफाई के आवश्यक निर्देश दिए गए। गौशाला में भूसा पर्याप्त था।

सपा महिला सभा ने आयोजित की भगवती चौपाल

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के निर्देश पर सपा महिला सभा ने भगवती चौपाल का आयोजन करके भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के साथ किये जा रहे उत्पीड़न से अवगत कराकर महिलाओं को सपा के साथ जोड़ने का कार्य शुरू किया है। सपा महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई भगवती चौपाल में प्रदेश सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण का दावा कर रही है जबकि इस सरकार में महिलाओं के ऊपर हो रहे अपराधों का ग्राफ तेजी के साथ बढ़ा है। उन्होंने सपा सरकार में महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल में सपा महिला सभा की नगर अध्यक्ष शबीना खातून, जानकी, रेखा अनुरागी, कामनी अनुरागी, शिवाकांती, कविता, सरिता, प्रेमा, गीता देवी, बृजरानी, माया देवी, शिवदेवी, ममता देवी, गौरी आदि महिलाएं मौजूद रही।

जहरखुरानों ने यात्री को लूटा

अवधनामा संवाददाता

डिंगवाही रेलवे स्टेशन के समीप अचेत मिला अधेड़

बांदा। शादी समारोह में शामिल होने जा रहे ट्रेन यात्री को डिंगवाही रेलवे स्टेशन के समीप नशीला पदार्थ खिला दिया गया। इससे वह अचेत हो गया। उसकी जेब में पड़ा मोबाइल और नगदी रुपया लेकर फरार हो गए। खबर पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका उपचार किया जा रहा है। हावड़ा वेस्ट बंगाल के घास बवन निवासी सभाशंकर (55) पुत्र बलराम सोमवार को चंबल एक्सप्रेस में बैठकर मिर्जापुर जा रहा था। दोपहर को चंबल एक्सप्रेस डिंगवाही के पास खड़ी हो गई। वह ट्रेन से नीचे उतर आया। इसी बीच कुछ युवकों ने दोस्ती गांठकर उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। नशा होते ही वह रेलवे ट्रैक पर लेट गया। जहरखुरान उसकी जेब में पड़े मोबाइल, सामान व रुपया लेकर फरार हो गए। यात्रियों ने उसे अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो घटना की जानकारी रेलवे स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभाशंकर को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

चोपन में सोनभद्र का सबसे ऊंचा 90 फीट का रावण होगा आकर्षण का केंद्र

चारो दिशाओं में घूमता है रावण का गर्दन

अवधनामा संवाददाता

चोपन/सोनभद्र। असत्य पर सत्य की और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजय दशमी के अवसर पर चोपन में सबसे ऊंचा 90 फीट का रावण का पुतला जलाया जाएगा। रावण कें पुतले को अंतिम रूप देने के लिए कारीगर जुटे हैं। जिले में कई स्थानों पर रावण का पुतला दहन करके विजया दशमी का पर्व मनाया जाता हैं लेकिन चोपन का रावण हमेशा से आकर्षन का केंद्र रहा हैं। रेलवे रामलीला मैदान में मंगलवार को विजया दशमी पर 90 फीट ऊँचे रावण का दहन होगा। इस रावण की सबसे खास बात है कि ये रावण हाईटेक है। इसमे आधुनिक लाइट लगी होती है। सबसे बड़ी खासियत यह कि इसका गर्दन चारों दिशा में घूमता रहेगा। चारों दिशा में घूमते सर और इसमें लगी लाइट सभी जनता का आकर्षण अपनी तरफ खींच लेता है। मध्यप्रदेश के रीवा से आये रामलीला कलाकार इस वर्ष अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर रहे हैं। रावण को बनाने मे प्रमुख भूमिका पृथ्वी सिंह, प्रमोद विश्वकर्मा एवं कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्यगण निभा रहे है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजन जायसवाल ने बताया कि सभी के सहयोग से भव्य रावण के पुतले का निर्माण कराया जा रहा है। रामलीला समिति द्वारा यह निर्णय किया गया कि इस बार रामलीला की भव्यता को चार चांद लगाया जाएगा। इसी मद्देनजर रावण का पुतला दशहरा के दिन आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग से ही रामलीला का भव्य मंचन किया जा रहा है और उसी तरह दशहरे के दिन भी आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

शक्तिपीठ मढ़ी दाई मंदिर में भक्तों का सैलाब

अवधनामा संवाददाता

जगह-जगह भंडारे के भी आयोजन हुये

बबेरू। दुर्गाष्टमी पर मां मढ़ी दाई मंदिर में देवी पूजा के लिये भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। वहां भक्तों ने जहां पूजा अर्चना कर मां से मनवांच्छित मुरादे मांगी वही जगह जगह भंडारे के भी आयोजन हुये। इसी तरह बाकल की जोगनी माता मंदिर में भी उपासको की भारी भीड़ रही। दोनों मंदिरों में कमेटी के लोग और पुलिस व्यवस्था में मुस्तैदी से लगे रहे। कस्बे की प्रसिद्ध और प्राचीन शक्तिपीठ मढ़ी दाई मंदिर में रविवार को सुबह से ही पूजा अर्चना के लिये भक्तों की कतारें लग गई। नवरात्र में नौ दिन व्रत रहने वाले उपासको ने माता की विधिवत पूजा कर मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की तो दर्शनार्थियों की भी भारी भीड़ रही। पूरा दिन मंदिर और आसपास का परिसर मां के जयकारों से गुंजायमान रहा। परिसर में कथा,मुंडन ,भंडारे और कन्या भोज के कार्यक्रम भी हुए। व्यवस्था में नगर पंचायत अध्यक्ष सूर्य पाल सिंह यादव , गुलाब उपाध्याय, छेदीलाल गुप्त आदि मौजूद रहे। इसी तरह यमुना नदी के किनारे बाकल गांव में स्थित प्रसिद्ध जोगनी दाई मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। यहां दूरदराज से दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों का दिन भर तांता लगा रहा। वहां मैदान में लगें विशाल मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।

पावन खिंड दौड़ के प्रतीकों का अनावरण 26 को

अवधनामा ब्यूरो

लोगो, पोस्टर सहित तीन गीत रिलीज होंगे

मुख्य दौड़ का आयोजन 16 नवंबर को

एशियन गेम पदक विजेता रामबाबू का होगा अभिनंदन

सोनभद्र। पावन खिंड दौड़ महाआयोजन के प्रतीकों का अनावरण 26 अक्टूबर को शहीद उद्यान में किया जाएगा । इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर सोनभद्र की सांस्कृतिक विरासत और पावन खिंड के शौर्य को प्रकट करते तीन गीत भी रिलीज किए जाएंगे। इस अवसर पर एशियन गेम विजेता रामबाबू भी सम्मानित किए जाएंगे। सोनभद्र में पावन खिंड दौड़ के आयोजन के निमित्त पंद्रह दिन पूर्व रचनाकारों से थीम सांग और कविताएं आमंत्रित की गई थीं, कुल 46 प्राप्त रचनाओं में निर्णायक मंडल द्वारा जयश्री राय , कमलेश राजहंस , डॉ लखन राम जंगली और भोजपुरी में छोटेलाल खरवार के गीतों का चयन किया गया है। इन गीतों को अभिषेक मिश्रा व रागिनी द्वारा स्वर और विभन्न संगीतकारों ने गीतों की कम्पोजिंग और संगीत दिया है। छोटेलाल खरवार के गीत को उन्होंने स्वयं स्वर दिया है साथ ही विडियो में अभिनय भी किया है।

श्री श्रीवास्तव ने बताया की इस अवसर पर रवि शंकर चतुर्वेदी द्वारा निर्मित वेबसाईट का शुभारंभ भी किया जाएगा । इसी वेबसाईट से दौड़ के प्रतिभागी अपना पंजीकरण भी कर सकेंगे। आयोजन के पोस्टर की डिजाइनिंग अरविंद वाष्णेय द्वारा की गई है।

आयोजन की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए भोलानाथ मिश्र ने बताया कि प्रतिभागियों को बलिदानी भूमि की मिट्टी से बने चंदन का टीका लगाया जाएगा, इस क्रम में शहीद उद्यान, झांसी से रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान स्थल, प्रयागराज से चंद्रशेखर आज़ाद पार्क , चौरी चौरा और महाराष्ट्र से पावन खिंड की पवित्र मिट्टी सोनभद्र आ चुकी है। 26 अक्टूबर को ही डा. अनिल श्रीवास्तव देश के प्रमुख स्थलों की मिट्टी आयोजन समिति को सौंपेंगे जिसे वे कश्मीर से कन्याकुमारी की मोटरसाइकिल से यात्रा कर ले आए हैं।

केशव मौर्य ने लगाया जनता दर्शन दरबार

जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदानः केशव

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने- 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें पुनः कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रूबरू होकर सुना।

जनता दर्शन में लगभग दो दर्जन से ज़िलों से आये सैकड़ों लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

दशहराः केनरा बैंक अंचल कर्यालय पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

मां देवी की पूजा अर्चना कर मां का आशिर्वाद प्राप्त किया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बुराई पर अच्छाई की जीत के पवन पर्व नवरात्रि और दशहरा के अवसर पर केनरा बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और अंचल कार्यालय को सजाया गया और मां देवी की पूजा अर्चना कर मां का आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी कार्यपालकों और अधिकारियों ने गरबा नृत्य और डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया। संजय पंजीयारा, नेहा यादव और सुष्मिता सिंह की एकल गाने की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल, उपमहाप्रबंधक संजय कुमार और सहायक महाप्रबंधक संजय कुमार त्रिवेदी, मनीष कुमार, अमित कुमार अस्थाना और वेदप्रकाश जी ने सभी कार्यक्रम में शामिल होकर बड़े उत्साह से भाग लिया और सभी बैंक कर्मचारियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उक्त जानकारी केनरा बैंक अंचल कार्यालय में तुलन अनुभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सर्व मित्र भट्ट ने दी।

कवि गोष्ठी व मुशायरे का आयोजन

लखनऊ। साम्राज्यवादियों की तरफ से थोपे गये और रोपे गये युद्ध की विभीषिका में सम्पूर्ण विश्व की मानवता झुलस और कराह रही है। महात्मा गौतमबुद्ध, महावीर स्वामी और महात्मा गांधी के देश के वाशिंदों का विशेष दायित्व बन जाता है कि वे युद्ध को बिना किसी भी देरी के तुरंत रोकने और शांति का माहौल निर्मित करने का वातावरण बनायें। इसी दायित्व का निर्वाहन करते हुए डॉ. राही मासूम रज़ा साहित्य अकादमी और हिन्दुस्तानी साहित्य सभा ने सांस्कृतिक हस्तक्षेप की ओर से हजरतगंज के कॉफी हाउस के ऊपर स्थित सीबी. सिंह स्मृति सभागार में कवि गोष्ठी व मुशायरे का आयोजन हुआ।

नवमी के दिन जुड़वां मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पवित्र पावन नवरात्र को पूरे देश में भारतीय पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते है। दुर्गा पूजा पूरे नौ दिन पूरी श्रृद्धा के साथ मनाई जाती है। दुर्गा पूजा पंडालों में मां शेरावाली की पूजा-अर्चना के साथ ही विविध धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।नवमी तिथि पर कतारों में लग कर लोग मंदिर में दर्शन के लिए खड़े थे। मंदिर प्रांगण में कन्या भोज के लिए भी बड़ी संख्या में छोटी-छोटी कन्याओं को श्रद्धालु भोजन कराते नजर आए। वही नगर के फैजुल्लागंज स्थित विख्यात जुड़वा मंदिर पर सुबह से ही मंदिर के बाहर पूजन, हवन व कन्या भोज का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर तक हवन पूजन चलता रहा। शहर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु दर्शन के लिए जुड़वा मंदिर में आरती और हवन के लिए पहुंचे। आरती हवन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विशाल भंडारे में स्वादिष्ट पूड़ी सब्जी और बूंदी वितरित की गई। विशाल भंडारे में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ी। भंडारे में वितरित किए गए प्रसाद को ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया। वही सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय पुलिस तैनात दिखी। अंतिम दिन विशाल भंडारे के चलते जुड़वा मंदिर में भारी संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। विशाल भंडारे में भारतीय जनता पार्टीम माहिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रूबी सिंह, मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी लखनऊ, जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक अमरीश रावत , सुधीर सिंह भारतीय जनता पार्टी युवा कार्यकर्ता आदि बहुत से शहर के प्रतिष्ठित एवम गणमान्य लोग जनता भंडारे में सम्मिलित हुए।

पुलिस अधिकारियों ने ठाकुरगंज व्यापार मंडल के साथ की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ठाकुरगंज व्यापार मंडल द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक ठाकुरगंज चौराहे पर स्थित सूर्य पैलेस मैरिज हाल मैं आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से पुलिस के बड़े अधिकारियों ने भाग लिया ठाकुरगंज व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक कृष्ण जी कपूर श्याम निगम मधुर अवस्थी व्यापार मंडल के अध्यक्ष आयुष निगम वरिष्ठ महामंत्री मोहम्मद परवेज मंत्री कमाल हैदर आलोक अग्रवाल जुल्फी भाई उपस्थित रहे एवं मुख्य रूप से मलाही टोला प्रथम के पार्षद चंद्र बहादुर सिंह मलाही टोला द्वितीय के पार्षद गुलशन अब्बास आचार्य नरेंद्र देव के पार्षद मनीष रस्तोगी का इस बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया तमाम व्यापारियों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याओं को रखा अधिकारी एवं समस्याओं के निराकरण के लिए सभी आए हुए सम्मानित व्यापारियों को आश्वस्त किया इस बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने आए हुए सभी अधिकारियों को सम्मानित किया एवं तमाम त्योहारों को शांतिपूर्ण निपटने के लिए अधिकारियों को बधाई दी एवं उनका शुक्रिया अदा किया बैठक का संचालन ठाकुरगंज व्यापार मंडल के पूर्व मुख्य सलाहकार जमाल खान एवं वरिष्ठ महामंत्री मोहम्मद परवेज ने किया।

लुलु फैमिली फैशन वॉक में देखा गया पारिवारिक संबंधों का शानदार संगम

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारत - आकर्षक शहर लखनऊ में 22 अक्टूबर को लुलु फैमिली फैशन वॉक में फैशन और पारिवारिक संबंधों का एक शानदार संगम देखा गया, जिसे फीवर एफएम 104 के साथ साझेदारी में लुलु फैशन स्टोर द्वारा प्रस्तुत किया गया था। यह अनोखा कार्यक्रम, जिसमें अलग-अलग 18 परिवारों को प्रदर्शित किया गया था पीढ़ियों ने शैली और अनुग्रह के माध्यम से पारिवारिक एकजुटता का सार मनाया। लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री की पृष्ठभूमि में, परिवारों ने विशेष रूप से लुलु फैशन स्टोर के नवीनतम रुझानों को अपनाया, जिससे रनवे को रंगों, कपड़ों और मुस्कुराहट के जीवंत प्रदर्शन में बदल दिया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल नवीनतम फैशन रुझानों को उजागर किया, बल्कि परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए फैशन विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए लुलु फैशन स्टोर के समर्पण पर भी प्रकाश डाला। एक सहज ग्राहक अनुभव बनाने के लिए लुलु फैशन स्टोर की प्रतिबद्धता पूरे कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट थी। परिवारों ने स्टोर के क्यूरेटेड संग्रह की प्रशंसा की, जिसमें आराम के साथ परिष्कार का मिश्रण था। यह कार्यक्रम लखनऊ के प्रमुख फैशन गंतव्य के रूप में लुलु फैशन स्टोर की प्रतिष्ठा का प्रमाण बन गया, जहां ग्राहक न केवल खरीदारी करते हैं; वे फैशन का अनुभव करते हैं। छोटे बच्चों से लेकर रनवे पर अपना पहला कदम रखने से लेकर वरिष्ठों की भव्यता तक, लुलु फैमिली फैशन वॉक ने एकता और फैशन की भावना को समाहित किया। जैसे-जैसे परिवार शैली की इस पच्चीकारी में जुड़ते गए, लुलु फैशन स्टोर न केवल एक स्टोर के रूप में उभरा, बल्कि पारिवारिक यादों की आधारशिला के रूप में उभरा, जो उत्पादों से कहीं अधिक की पेशकश करता है, इसने एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी दम्माम शहर में OICC द्वारा आयोजित "Meet the Leader" कार्यक्रम में केरल और तेलंगाना के अप्रवासी भारतीयों से संवाद करते हुए।

देश के प्रमुख नगरों के लिए स्पेशल ट्रेनों का किया जा रहा संचलन

लखनऊ। दशहरा, दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से देश के प्रमुख नगरों के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। मुम्बई सेन्ट्रल से 29 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को 09183 मुम्बई सेन्ट्रल बनारस स्पेशल ट्रेन का संचलन फर्रुखाबाद, लखनऊ, अमेठी, प्रतापगढ़ के रास्ते किया जा रहा है। बनारस से 1 दिसम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 09184 बनारस मुम्बई सेन्ट्रल स्पेशल ट्रेन का संचलन प्रतापगढ़, अमेठी, लखनऊ, फर्रुखाबाद के रास्ते किया जा रहा है। दादर से अहमदाबाद से 27 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को 09417 अहमदाबाद पटना स्पेशल ट्रेन का संचलन कासगंज, फर्रुखाबाद, लखनऊ व वाराणसी के रास्ते किया जा रहा है। पटना से 28 नवम्बर तक प्रत्येक मंगलवार को 09418 पटना अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन का संचलन वाराणसी, लखनऊ, फर्रुखाबाद व कासगंज के रास्ते किया जा रहा है। हैदराबाद से 24 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 02575 हैदराबाद गोरखपुर स्पेशल ट्रेन का संचलन गोंडा व ऐशबाग के रास्ते किया जा रहा है। गोरखपुर से 26 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को 02576 गोरखपुर हैदराबाद स्पेशल ट्रेन का संचलन ऐशबाग व गोंडा के रास्ते किया जा रहा है। गोरखपुर से 21 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक प्रत्येक शनिवार को 01432 गोरखपुर पुणे स्पेशल ट्रेन का संचलन गोंडा व लखनऊ के रास्ते किया जायेगा। पुणे से 20 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 01431 पुणे गोरखपुर स्पेशल ट्रेन का संचलन लखनऊ व गोंडा के रास्ते किया जायेगा। छपरा से 24 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 05063 छपरा लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल ट्रेन का संचलन गोंडा व ऐशबाग के रास्ते किया जा रहा है। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 26 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को 05064 लोकमान्य तिलक टर्मिनस सीवान स्पेशल ट्रेन का संचलन ऐशबाग व गोंडा के रास्ते किया जायेगा।

जीआरपी ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो। जीआरपी चारबाग ने आउटर, चलती ट्रेन, रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म व सरकुलेटिंग एरिया आदि से यात्रियों का सामान, मोबाइल आदि चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार किये हैं। जिनके कब्जे से चोरी के सात मोबाइल और नकदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक रेलवे त्योहारों पर सुरक्षा को लेकर ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर चोरी, लूट, जहरखुरानी की घटनाओं की रोकथाम व इनामिया व वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रहा है। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी चारबाग संजय खरवार के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिय। पकड़े गये आरोपी की पहचान 23 वर्षीय हरचन्दपुर गढी कनौरा थाना आलमबाग निवासी अंकित रावत और डालीगंज सब्जी मंडी निसी 28 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है। उनको चारबाग के प्लेटफॉर्म नम्बर सात के पास से गिरफ्तार किया गया है।

सभी प्रदेशवासियों को नवमी, दशहरा, दीपावली एवं छठ की हार्दिक शुभकामनाएं

राजा राम लोधी
प्रोपराइटर, बाबा मोटर्स
कोल्हुई बाजार- महराजगंज

बाबा मोटर्स
कोल्हुई बाजार-महराजगंज,
9838827896,
9793213708

सभी प्रदेशवासियों को नवमी, दशहरा, दीपावली एवं छठ की हार्दिक शुभकामनाएं

ओम मैरेज हाल
कोल्हुई बाजार महराजगंज

सर्वसमावेशी विकास डबल इंजन की सरकार

भारत सरकार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र

- भारतीय संविधान शिल्पी बाबासाहेब की स्मृति में लखनऊ में 1.34 एकड़ में बाबा साहेब की 25 फीट ऊंची प्रतिमा की स्थापना
- पुस्तकालय, शोध केंद्र, अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं संग्रहालय का निर्माण

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण योजनाएं एवं उपलब्धियां

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना :
- अनुसूचित जाति की 40 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले गांवों के एकीकृत विकास हेतु 10,384 ग्रामों का चयन। 3,800 ग्रामों के विकास के लिए 792 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित, शेष ग्रामों का वी.डी.पी. तैयार किया जा रहा है।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम :
- बेहतर सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए 2015 एवं 2018 में संशोधन कर अधिनियम को और सशक्त करते हुए 47 प्रकार के अत्याचारों का समावेश।
- अपराध एवं अत्याचार से उत्पीड़ित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के परिवारों को 85,000 रुपये से लेकर 8.25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता का प्रावधान। अब तक 1,27,305 प्रकरणों में 1,235 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गयी।

आम्बेडकर सामाजिक इनोवेशन इन्क्यूबेशन मिशन :
- उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के बीच नवाचार और उद्यम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना।

राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना :
- अनुसूचित जाति वर्ग के 11.37 लाख वृद्धजन को प्रति लाभार्थी 1,000 रुपये प्रति माह पेंशन।

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना :
- परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के निधन पर आर्थिक सहायता का प्रावधान। योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 6,99,259 परिवारों को 2,097 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गयी।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना :
- गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह हेतु प्रति जोड़ा 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता। योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 1,53,519 युगल लाभान्वित।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना : परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन -
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र का संचालन एवं नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था।
- अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी हेतु गोरखपुर, लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, वाराणसी तथा हापुड़ में निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था। न्यायिक सेवा की तैयारी के लिए प्रयागराज में प्रशिक्षण केन्द्र संचालित।

छात्रवृत्ति योजना :
अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दिए जाने का प्रावधान।
- पूर्वदशम अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति योजना में 25.51 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को 651 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित।
- दशमोत्तर अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति योजना में 67.19 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को 8,814 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित।

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय :
- निर्धन प्रतिभावान छात्रों को उत्कृष्ट आवासीय शिक्षा नि:शुल्क उपलब्ध कराने के लिए जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों का संचालन। अनुसूचित जाति/जनजाति के 60 प्रतिशत छात्रों के प्रवेश की व्यवस्था। इन विद्यालयों में 35,089 छात्र/छात्राओं पर 207 करोड़ रुपये व्यय।

छात्रावास :
- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए 261 छात्रावास संचालित। 63,603 छात्र-छात्राएं लाभान्वित।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश